वर्ष- 12 अंक - 31
लखनऊ, सोमवार 16 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

जनता की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री योगी 03

दोषियों को रिहाई में छूट के लिए वकीलों के झूठ बोलने से डगमगा रही आस्था 12

संक्षिप्त समाचार

खुलेंगे सात नए आईपीओ, 13 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली। सोमवार से शुरू होने वाले महीने के तीसरे कारोबारी सप्ताह में एक बार फिर प्राइमरी मार्केट में जोरदार हलचल बनी रहने वाली है। इस सप्ताह 7 नए आईपीओ प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने वाले हैं। इनमें दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दो दिन में खुले पांच आईपीओ में भी इस सप्ताह पैसा लगाने का मौका बचा हुआ है। इसके साथ अगले सप्ताह 13 कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग होने वाली है। इनमें बजाज हाउसिंग फाइनेंस समेत 4 कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं। यानी इनके शेयरों की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों जगह पर होगी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही प्राइमरी मार्केट में 4 आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। सोमवार को जो नए आईपीओ प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने वाले हैं, उनमें पेलेट्रो कंपनी का आईपीओ भी शामिल है।

अमेरिकी से चार करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

मुंबई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मुंबई में रह रहे एक अमेरिकी नागरिक से चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान विष्णु राठी के रूप में हुई है। सीबीआई की टीम ने धोखाधड़ी के इस मामले में मुंबई में सात ठिकानों पर छापेमारी भी की। टीम को आरोपित के पास से 100 ग्राम की 57 सोने की छड़ें, 16 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, क्रिप्टोकरेंसी के लिए इस्तेमाल किया गया लैपटॉप, लॉकर विवरण और अन्य दस्तावेज मिले। अन्य आरोपितों की तलाश सीबीआई टीम कर रही है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार विष्णु राठी ने तकनीकी सहायक होने का दावा कर एक अमेरिकी नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर (तीन करोड़ 77 लाख रुपये) की ठगी की थी। इसका इनपुट अमेरिका की जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई ने सीबीआई को दिया था। इसके बाद सीबीआई की ओर से साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन चक्र 3 शुरू किया गया।

प्रधानमंत्री ने बिहार को दी वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

पटना। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड राज्य के रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। इसमें बिहार के विभिन्न शहरों में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का तोहफा मिला है। प्रधानमंत्री ने भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, ब्रह्मपुर-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस एवं राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके तहत मधुपुर बाइपास रेल लाइन, चार रेल अंडर ब्रिज, कुरकुरा-कानारोवां डबलिंग एवं हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो जैसी रेल परियोजनाएं शामिल हैं।

सीएम योगी ने बहराइच में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, कहा

जनसुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण भी किया, मुख्यमंत्री शाम चार बजे हेलीकॉप्टर से जिले के सिसैया चूड़ामणि गांव पहुंचे। मानव-वन्यजीव संघर्ष में भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार वालों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घायलों से मिलकर भी हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सहायता राशि, घायलों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, वन विभाग, जिला प्रशासन-पुलिस टीम निरंतर यहां कार्य करेगी।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि महसी विधानसभा क्षेत्र के नदी से सटे इलाकों में दो माह से भेड़ियों के आतंक के कारण कुछ जनहानि हुई है। भेड़ियों ने कुछ बच्चों को घायल भी किया है। जनप्रतिनिधियों ने जब पहली बार इससे अवगत कराया तो मैंने प्रशासन को तत्काल अभियान चलाने का निर्देश दिया था। इसके उपरांत वन मंत्री व विभागीय अधिकारियों को टीम के साथ भेजा गया। इस दौरान वन मंत्री डॉक्टर अरुण सक्सेना, सांसद आनंद कुमार गोंड, एमएलए पदम सेन चौधरी, डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, सुभाष त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, बलहा सरोज सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

अब तक पांच भेड़िए रेस्क्यू, तेजी से चल रही तलाश

योगी ने कहा कि इस क्षेत्र के 20-25 किमी. दायरे में दो महीने में 8 जनहानि हुई। अब तक पांच भेड़िए रेस्क्यू किए गए हैं। एक अभी भी पकड़ से बाहर है। जंगली जानवरों की दृष्टि से जो क्षेत्र संवेदनशील होता है। इस सीजन में ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती हैं। जिन क्षेत्रों में जंगली जानवर रहते हैं, वहां पानी घुस आता है तो वे अन्य स्थानों की तरफ प्रस्थान करते हैं और शिकार की तलाश में कभी-कभी मानव बस्ती के समीप आ जाते हैं। जहां इन्हें आसान शिकार मिलता है, वहां ऐसे हमले दिखते हैं।

वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने मानव वन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। जनहानि पर पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराते हैं। जंगली जानवरों के हमले में घायलों के लिए एंटी रैबीज वैनम उपलब्ध कराई गई है। योगी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए यहां वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात है। 4 थर्मल ड्रोन लगाए गए हैं। पहली प्राथमिकता भेड़िए को रेस्क्यू करने की है। यदि उसकी हिंसक गतिविधियां बढ़ीं या उसने जनहानि का प्रयास किया तो उसे शूट करने के भी आदेश दिए गए हैं। यह अंतिम विकल्प है, इससे पहले अन्य विकल्पों पर भी कार्य किया जा रहा है।

घरों पर दरवाजे लगवाने की हो रही व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में अब तक केंद्र व राज्य सरकार ने 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया है। यहां सभी पीड़ितों के पास भी पक्के आवास हैं। हालांकि कुछ लोगों के घर के बाहर दरवाजे नहीं थे। अन्य मद से दरवाजा लगाने की व्यवस्था की गई। स्वच्छ भारत मिशन में हर परिवार को एक-एक शौचालय दिए गए थे। फिर भी जहां यह व्यवस्था नहीं हो पाई, ऐसे लोगों के लिए अतिरिक्त शौचालय की व्यवस्था की है। लाइटिंग, सुचारू पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। जो पात्र व्यक्ति अब तक आवास की सुविधा से वंचित है, तत्काल उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कता के आधार पर कैंप लगाकर पात्रों को आवास, शौचालय, आयुष्मान, राशन कार्ड आदि सुविधाओं से आच्छादित कराने का भी निर्देश दिया गया है।

बच्चे को दिया प्यार

मुख्यमंत्री ने सभा स्थल पर एक महिला के बच्चे को देखा। उन्होंने सभी बच्चों को चाकलेट दिया। इसके बाद एक बच्चे को गोद में उठाकर उसे प्यार दिया। बच्चा मुख्यमंत्री की गोद में काफी खुश दिखा।

ट्रक व कार के बीच हुई भिड़ंत में छह श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

भोपाल। राजस्थान के बूंदी जिले के हिंडोली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर रविवार तड़के करीब 4 बजे ट्रक और कार के बीच हुई भिड़ंत में मध्य प्रदेश के छह श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। कार सवार लोग देवास से खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और शव उसमें बुरी तरह फंस गए थे। शवों को निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी। कार सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। बूंदी के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मध्य प्रदेश के देवास जिले से नौ लोग शनिवार रात खाटू श्याम के दर्शन के लिए निकले थे। कोटा होती हुई इनकी कार हिंडोली पहुंची थी। हिंडोली थाना क्षेत्र के हाई-वे की पुलिया के पास गलत साइड से आ रहे ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे से पहले सदर थाने के एएसआई हरिशंकर शर्मा गश्त पर निकले थे। उसी दौरान उन्हें राहगीर ने हादसे की सूचना दी। मौके पर शव कार में बुरी तरह फंसे हुए थे। शवों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से शवों को निकाला गया

नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कलान थाना क्षेत्र में एक नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश एस. ने रविवार को एक न्यूज एजेंसी को बताया कि थाना कलान अंतर्गत तिलौआ गांव के रहने वाले कुछ बच्चे शनिवार शाम को पास ही में एक नदी के पास बकरियां चरा रहे थे। उन्होंने बताया कि उसी दौरान एक बकरी नदी में चली गई और उसे निकालने के लिए कम से कम छह बच्चे नदी में गए। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने बताया कि बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे तो उनकी चीख सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और उन्होंने चार बच्चों को नदी से बाहर निकाल लिया लेकिन वंदना (12) और सिलेश (10) की डूबने से मौत हो गई।

76 अति जर्जर भवनों को खाली करने का नोटिस

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। वाराणसी के नगरीय सीमा में स्थित 76 अति जर्जर भवनों को खाली करने के लिए नगर निगम ने भवन स्वामियों को नोटिस दिया है। इसमें नगर निगम के दो जोन क्रमशः वरुणापार में 06 और कोतवाली जोन में 70 भवन अति जर्जर चिन्हित किये गये हैं। रविवार को नगर आयुक्त ने सभी भवन स्वामियों को मकान खाली करने का निर्देश दिया है।

नगर आयुक्त ने आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस विभाग को भी अवगत करा दिया है। नगर निगम के अफसरों के अनुसार इन चिन्हित भवनों पर नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 334(3) का प्रयोग करते हुये खाली करा कर उसे मरम्मत करवाने या गिराने की कार्यवाही की जायेगी।

नगर आयुक्त ने कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग को कराया अवगत

अफसरों के अनुसार जिस भवन को नोटिस जारी की जायेगी, उस भवन का स्वामी, अध्यासी को उस अति जर्जर भवन को तत्काल खाली करना होगा और जब तक नोटिस वापस नहीं लिया जाता, तब तक कोई व्यक्ति उस भवन अथवा उसके भाग में प्रवेश नहीं करेगा, किन्तु वह किसी ऐसे निर्माण कार्य को कार्यान्वित करने के लिए उसमें प्रयोग कर सकता है, जिसे उसको विधतः कार्यान्वित करना है। इस आदेश में अधिनियम के अनुसार निर्देशित किया गया है कि भवन का स्वामी, अध्यासी तत्काल उस भवन को खाली करेगा तथा भवन खाली होने के उपरान्त नगर निगम उस भवन के नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करेगा।

साथ ही नगर निगम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पर होने वाला व्यय भवन स्वामी, अध्यासी से वसूल किया जायेगा। अधिनियम के अनुसार निर्धारित समय में भवन खाली न करने या किसी भी प्रकार का उल्लघंन करने पर नगर निगम पुलिस को भवन खाली कराने की कार्यवाही के लिए संस्तुति दे देगा।

उप्र में अभी पांच दिन दिख रहे बारिश के आसार

कानपुर। उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता से लगातार बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट देखी जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि वेधशाला में जिस प्रकार का मौसमी सिस्टम दिख रहा है उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अभी पांच दिन बारिश के आसार बने हुए हैं। इसके साथ ही 20 के बाद भी मानसून वापसी के संकेत नहीं दिख रहे हैं। मानसून की द्रोणिका अब गंगानगर, हिसार, दिल्ली, बरेली, बहराइच, पटना, बांकुरा, गहरे दबाव के केंद्र से होकर दक्षिण-पूर्व दिशा में पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उससे सटे उत्तराखंड पर बना निम्न दबाव क्षेत्र कम चिह्नित हो गया है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल देंगे अपने पद से इस्तीफा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे और जनता की अदालत में जाएंगे।

दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता, दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार मानती है। उन पर चल रहा मामला लंबा खिंच सकता है। उन्हें



एक ऐसे मामले में जमानत मिली है, जिसमें जमानत मिलने की संभावना नहीं थी। अब उन्होंने फैसला किया है कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। उन्होंने कहा, अगर आपको (जनता) लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री रहेगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगला सीएम तय किया जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जेल जाने पर इस्तीफ़ा इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे जनतंत्र को बचाना चाहते थे। जेल से इस्तीफ़ा देने पर विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। वे विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती करते हैं कि अगर आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है।

डीजीजीआई ने पकड़ी 2.01 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी

नई दिल्ली। जीएसटी की जांच शाखा डायेक्टरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स इंटेलिजेंस ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीएसटी चोरी से जुड़े 6,084 मामलों का पता लगाया है। इन मामलों के तहत करीब 2.01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी होने का दावा किया जा रहा है। ये राशि 2022-23 के दौरान पकड़ी गई 1.01 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी से दोगुनी है। 2022-23 के दौरान जीएसटी की चोरी के कुल 4,872 मामलों को पकड़ा गया था। जांच के दौरान सर्विसेज में ऑनलाइन गेमिंग और सामान में तांबा, लोहा, स्क्रैप और एलॉय सेक्टर सबसे अधिक टैक्स चोरी वाले सेक्टर के रूप में सामने आए हैं।

हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटाना है

संघ प्रमुख बोले- हिंदू मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव

एजेंसी

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए छुआछूत चला। ऊंच-नीच का भाव बढ़ा, हमें इस भाव को पूरी तरह मिटाना है। जहां संघ का काम प्रभावी है, संघ की शक्ति है, वहां कम से कम मंदिर, पानी, श्मशान सब हिंदुओं के लिए खुले रहें, यह काम समाज का मन बदलते हुए करना है।

सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन इन पांच विषयों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब इन बातों को स्वयंसेवक अपने जीवन में उतारेंगे तब समाज भी इनका अनुसरण करेगा। डॉ. भागवत रविवार को अलवर जिले के इंदिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष संघ कार्य को सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ की कार्य पद्धति दीर्घकाल से चली आ रही है। हम कार्य करते हैं तो उसके पीछे विचार क्या है, यह हमें ठीक से समझ लेना चाहिए और अपनी कृति के पीछे यह सोच हमेशा जागृत रहनी चाहिए। राष्ट्र को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है। क्योंकि हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है। इस राष्ट्र का अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वही इस देश का कर्ताधर्ता है।

दिल्ली में नकली वीजा फैक्ट्री का भंडाफोड़, छह एजेंट गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। नकली वीजा जारी करने के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) के पुलिस अधिकारियों ने रविवार को तिलक नगर में नकली वीजा संचालन का भंडाफोड़ किया है।

आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) उषा रंगनानी ने बताया कि छह एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है और नकली शेंगेन वीजा वाले 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। डीसीपी उषा रंगनानी ने कहा, तिलक नगर में एक नकली वीजा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। छह एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है, और नकली शेंगेन वीजा वाले 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। नकली वीजा बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण, जिसमें स्टांप और वॉटरमार्क सामग्री शामिल हैं, को जब्त कर लिया गया है। जांच जारी है। एक्स पर एक पोस्ट में डीसीपी ने कहा, तिलक नगर में नकली वीजा फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। छह एजेंट गिरफ्तार किए गए। नकली शेंगेन वीजा के साथ चौदह नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट बरामद किए गए।

कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या, जांच शुरु

मालदा। पश्चिम बंगाल के मालदा में रविवार सुबह कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े कांग्रेस के एक नेता की हत्या कर दी। इस घटना से आसपास के इलाकों में दहशत मच गई है। घटना मानिकचक के धरमपुर स्टैंड के पास स्थित बाजार की बताई जा रही है। मृतक का नाम शेख सैफुद्दीन बताया जा रहा है जो कांग्रेस से जुड़े हुए थे। मृतक कांग्रेस नेता के बेटे के मुताबिक, उनके पिता रविवार सुबह करीब 9 बजे मानिकचक गए थे। इसी दौरान नकाबपोश बदमाशों ने कांग्रेस नेता को घेर लिया और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। जानकारी के अनुसार, इस दौरान बदमाशों ने बम से भी हमला किया।

मकान हादसे में मृतकों के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख का मुआवजा

समृद्धि न्यूज

मेरठ। लोहिया नगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी में जमींदोज हुए मकान में मरने वालों की संख्या दस तक पहुंच गई है। पोस्टमार्टम के बाद सभी मृतकों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही मरे हुए पशुओं के लिए भी मुआवजा देने का प्रयास किया जा रहा है।

जाकिर कॉलोनी में शनिवार की देर शाम तीन मंजिला मकान जमींदोज होने से उसमें एक ही परिवार के 15 लोग दब गए थे। शनिवार की पूरी रात पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ने बचाव अभियान चलाया। अमरोहा और सहारनपुर से एसडीआरएफ की टीम और गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। मलबे में दबने से मरने वालों की संख्या रविवार शाम तक बढ़कर दस तक पहुंच गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा के अनुसार, इस हादसे में दस लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मरने वालों में नफो उर्फ नफीसा, साजिद, सानिया, साकिब, फरहाना, अलीसा, रिजा, हिमसा, समरीन, आलिया शामिल है। जबकि सूफियान, साईमा, साकिब, नदीम व नईम घायल हैं। रविवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद दस शवों का जनाजा निकला। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके बाद मृतकों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

तूफान प्रभावित म्यांमार वियतनाम व लाओस देशों के लिए ऑपरेशन सद्भाव शुरू

नई दिल्ली। दक्षिण चीन सागर से उत्पन्न होने वाले तूफान यागी से प्रभावित म्यांमार, वियतनाम और लाओस देशों के लिए भारत ने ऑपरेशन सद्भाव शुरू किया है। भारतीय नौसेना का जहाज सतपुड़ा रविवार को म्यांमार में आई विनाशकारी बाढ़ के जवाब में मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान शुरू करने के लिए रवाना हो गया है। विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए वायु सेना के सी-17 विमानों ने भी आज उड़ान भरी है। तूफान यागी से प्रभावित देशों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भारत ने फैसला लिया है। भारतीय नौसेना मुख्यालय ने म्यांमार के बाढ़ प्रभावित नागरिकों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए राहत सामग्री के साथ पूर्वी बेड़े के जहाज आईएनएस सतपुड़ा को तैनात किया है।

जनसभा — प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले जमशेदपुर में सत्तारूढ़ गठबंधन पर बोला हमला

झारखंड के तीन दुश्मन-झामुमो, कांग्रेस व आरजेडी

एजेंसी

जमशेदपुर। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में प्रदेश में सत्तारूढ़ गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं। इनके नाम हैं-झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल। इन दुश्मनों को झारखंड के लोग जितनी जल्दी पहचान लेंगे, उतना झारखंड का भाग्य सुनिश्चित होगा।

प्रधानमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैं झारखंड आया था। तब देश में बड़े-बड़े झूठ, बड़ी-बड़ी अफवाहें,

झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतों पर आपका आशीर्वाद भारी पड़ा। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा मोदी पर है। मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। इस भरोसे को कायम रखने के लिए मोदी कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। मोदी ने भारत माता की जय के नारे लगाए और कहा कि हमारा रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना है। मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा की सरकार ने झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता की। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत भाजपा की सरकार ने की। पिछड़े आदिवासी युवाओं की चिंता की। उनकी शिक्षा के लिए एकलव्य विद्यालय हमने बनाए। भाजपा ने आदिवासी समाज की एक महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। अब तक की सरकारें खनिज संपदा से संपन्न झारखंड से केवल वसूली करती थी।

जेएमएम-कांग्रेस मजहब के नाम पर वोट बैंक बना रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें एक बात साफ-साफ समझनी होगी कि जेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है। हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इसके लिए झारखंड के हर एक नागरिक को एकजुट होना होगा। भाजपा को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग किसी के भी सगे नहीं होते। जेएमएम सरकार के 5 साल का कार्यकाल इसका सबूत है। वोट लेने के लिए ये लोग आदिवासियों के नाम पर राजनीति करते हैं लेकिन जेएमएम के लिए आदिवासी समाज का सम्मान नहीं, अपना सियासी फायदा सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है कि क्या चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे?

झारखंड में बहुत तेजी से बदल रही है डेमोग्राफी

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी रोहिंग्या की घुसपैठ बहुत बड़ा खतरा है। यहां की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से कम हो रही है। यहां के लोगों की जमीन हड़पी जा रहीं हैं। घुसपैठिये पंचायतों में व्यवस्था पर कब्जा कर रहे हैं। बेटियों के साथ अत्याचार की वारदातें बढ़ रही हैं। सच्चाई यह है कि जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ हमेशा साथ खड़े हैं। ये कट्टरपंथी जेएमएम को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।

बाढ़ में फंसे पांच लोगों को एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

संकट की घड़ी में हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व, मार्गदर्शन में पलिया तहसील में शारदा नदी से जुड़े सुतिया नाले के किनारे बसे गांव बड़ा पतवारा में बाढ़ की विभीषिका में एक झोपड़ी में फंसे पांच लोगों को एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अगुवाई में एनडीआरएफ के जवानों ने अपना जीवन दांव पर लगाकर रात के अंधेरे में रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

जैसे ही बड़ा पटावरा गांव में एक झोपड़ी में फंसे पांच लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, प्रशासन हरकत में आ गया। तुरंत तहसीलदार आरती यादव एनडीआरएफ के साथ मौके के लिए रवाना हुई। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व, देखरेख एवं अगुवाई ने आकस्मिकता को देखते हुए

- बाहर निकलने के बाद सभी ने टीम का जताया आभार
- रात के अंधेरे में चला ऑपरेशन, किया रेस्क्यू

एनडीआरएफ की टीम 11-डी ने रात के अंधेरे में ही बाढ़ और जल बचाव अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने बलराम 32 वर्ष, शत्रुघ्न 65 वर्ष, मनसा देवी 60 वर्ष, मंजू देवी 26 वर्ष, निक्की 03 वर्ष को मोटरबोट के जरिए रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान न केवल रातभर एसडीएम एसडीएम कार्तिकेय सिंह मौजूद रहे बल्कि एनडीआरएफ टीम की कड़ी मेहनत और महान प्रयासों की सराहना की। इस दौरान नायब तहसीलदार दिलीप कुमार वह हर्ष निशांत भी मौजूद रहे। बताते चलें कि ऑपरेशन के दौरान पानी का बहाव बहुत तेज था। गन्ने की फसल, जलकुंभी और रास्ते में उथले पानी के कारण एनडीआरएफ की 11-डी टीम को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।एनडीआरएफ के बहादुर जवानों ने अपना जीवन दांव पर लगाकर अपने ध्येय वाक्य आपदा सेवा सदैव सर्वत्र को एक बार पुनः सार्थक किया।

प्राप्त सूचना पर क्विक रेस्पॉन्ड कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही टीमें : डीएम

- डीएम बोलीं, 24×7 एक्टिव मोड में पूरी मुस्तैदी से काम कर है प्रशासन

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले की सभी प्रभावित तहसीलों में बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। शारदा व घाघरा नदियों के जलस्तर और तटबंधों की 24म7 मॉनीटरिंग करने के साथ ही प्रभावित तहसीलों में संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ/पीएसी की फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24म7 एक्टिव मोड में पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। बाढ़ पीड़ितों को गुणवत्तायुक्त भोजन पैकेट समय से उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी अन्य मूलभूत आवश्यकताओ का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा। प्रभावित गांवो से प्राप्त सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड कर प्रभावितो को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पूरा प्रयास किया जा रहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संकट की इस घड़ी में हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। डीएम ने जनता से अपील की है कि घबराएं न अपने को सुरक्षित कर लें। प्रशासन हर स्थिति से निपटने को तैयार है। जनता को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

बाढ़ पीड़ित मनोज के पुत्र के लिए मददगार बना प्रशासन, कराया इलाज

तहसील गोला गोकर्णनाथ के बाढ़ प्रभावित ग्राम जोहरा निवासी मनोज पुत्र प्यारेलाल 03 माह के पुत्र के बुखार से पीड़ित होने की सूचना प्राप्त हुई। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने नायब तहसीलदार को भेजकर नाव के जरिए सड़क मार्ग पर और सरकारी वाहन के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ स्वयं लेकर पहुंचे, जहां सीएससी के कुशल चिकित्सक की देखरेख में इलाज करवा कर जरूरी औषधियां भी दिलवाई।

एडीएम-एसडीएम ने तराई क्षेत्र का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया संवाद

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

पहाड़ों पर हो लगातार हो रही बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ गया जिससे सैकड़ो गांव जलमग्न हो गए ग्रामीणों के घरों में बाढ़ का पानी पहुंच गया जिससे ग्रामीण गांवो से पलायन करने को मजबूर हैं। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र में शारदा नदी के तटवर्तीय गांव में आयी बढ़ से गांवों में जल भराव होने के कारण महिलाएं अपने मकानों की छतों पर खाना बना रही हैं। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर, गुजारा जोहरा व बेल्हा सिकटिहा गांव के लोग बन्धा मार्ग पर तंबू लगाकर रह रहे हैं।पूरे गांव में पानी ही पानी नजर आ रहा है वहीं सड़कों पर आवागमन बाधित है, अगर इस स्थिति में कोई भी बीमार हो जाये तो अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीणों को बहुत ही मुश्किलो का सामना करना पड़ेगा। तहसील गोला क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवो का रविवार को एडीएम संजय कुमार सिंह व गोला

एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश मिश्रा ने निरीक्षण किया ग्रामीणों से वार्ता की बताया प्रसासन हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। किसी भी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण को दिक्कत का सामना ना करना पड़े जिन लोगो के पास रहने के लिए जगह नही है वो लोग बाढ़ राहत चौकी पर आकर रुके। बाढ़ राहत चौकी ग्राम पंचायत पूजागांव आषाढी का भी निरीक्षण किया व ग्रामपंचायत गुजारा,जौहरा,बेल्हा, सिकटिहा सहित तराई क्षेत्र के कई गांवो का निरीक्षण किया।

खबरें एक नजर में

अमित राजपूत सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर श्रमिक प्रकोष्ठ मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल द्वारा कस्बा कुलपहाड़ के गोविंद नगर निवासी पूर्व सभासद अमित राजपूत को मजदूर सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है द्य मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अमित राजपूत के आवास पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भारत सिंह यादव एडवोकेट पूर्व प्रधान सुगिरा की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई द्य जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित राजपूत ने कहा कि वह अखिलेश यादव की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करने का कार्य करेंगे कहा कि श्रमिक वर्ग की जो भी समस्याएं होंगी उनके निदान करने के लिए उनके द्वार हमेशा खुले रहेंगे द्य बैठक में सपा के वरिष्ठ नेता श्रीपत सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह यादव पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद सिंह यादव मुकेश चौबे जीवन रैकवार वीरेंद्र सिंह यादव डॉक्टर राघवेंद्र प्रजापति रहीस यादव शिवराम प्रजापति कैलाश कुशवाहा मुन्नालाल प्रजापति आसाराम प्रजापति उमाशंकर प्रजापति बबलू सहित समाजवादी पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे द्य कार्यक्रम का सफल संचालन रहीस यादव ने किया।

गणेश पंडाल में कन्या भोज आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज। कबरई कस्बे में थाने के सामने स्थापित गणेश प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया द्य आपको बता दे कि कबरई कस्बे में पिछले पन्द्रह वर्षो से गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है वही हर वर्ष कन्याभोज का आयोजन किया जाता है इस बार भी विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया द्य जिसमे पांच गांव की कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया द्य इस अवसर पर शांतनु तिवारी, प्रभात पाठक, राजेश सोनी, शेखर नामदेव, मयंक गुप्ता, रूपेंद्र सिंह, अनूप सिंह, अभय सिंह,कंचन सोनी कज्जू गुप्ता, आलोक गुप्ता, निक्की गुप्ता,कुलदीप सेन सहित दर्जनों भक्त उपस्थित रहे।

वायरल वीडियो जांच में निकला एक वर्ष पुराना

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर रविवार को ग्राम पंचायत बबुरी की नरूपुर गौशाला पहुंचे बीडीओ को वहां सब सामान्य मिला। बताया जाता है कि वायरल वीडियो एक वर्ष पुराना है। उसे कुछ शरारती तत्वों ने उच्चाधिकारियों को भेजकर गुमराह किया था ।शनिवार को इंटरनेट पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था जिसमें कई गोवंश मृत अथवा घायल दिख रहे थे। यह वीडियो बबुरी की नरूपुर गौशाला का बताया गया था। वीडियो के वायरल होते ही अधिकारियों में खलबली मच गई। जानकारी के अनुसार बीडीओ सुमित कुमार सिंह ग्राम पंचायत सचिव नवल किशोर संग रविवार की सुबह ही गौशाला जा पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण किया। उन्हें वहां वैसी कोई स्थिति नहीं मिली जैसा कि वीडियो में दिख रहा था। एक गाय को जख्म था, जिसके लिए चिकित्सक को इलाज करने के निर्देशित किया ।ग्राम प्रधान ने बीडीओ को बताया साड़ों के मारने के कारण कुछ गाय और उनके छोटे बच्चों को घाव हो जाते हैं। पशु चिकित्सक से कहकर इनका इलाज करवाया जाता है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने गौशाला में लगाई जा रही लोहे की बाड़ को भी देखा। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव से गौशाला में लगाए जा रहे सीमेंट के खंभों के बीच दूरी कम रखने को कहा, जिससे वह मजबूत रहें। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि पप्पू वर्मा, सचिव नवल किशोर मौजूद रहे। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव नवल किशोर ने बताया गौशाला से संबंधित वायरल वीडियो काफी पुराना है। सुबह ही अधिकारियों के संग गौशाला की जांच पड़ताल की गयी ।वायरल वीडियो के कोई साक्ष्य नहीं मिले। ऐसी अफवाहें या बिना पुष्टि के वीडियो वायरल करने वालों की जांच पड़ताल कर कार्यवाही कराई जाएगी।

महिला थाना की पुलिस ने काउंसलिंग कर कई घर टूटने से बचाया

लखीमपुर- खीरी, समृद्धि न्यूज।

महिला थाना लखीमपुर में छोटी छोटी बातों के कारण बिखरते परिवारों को जोड़ने का कार्य महिला थाना की थानाध्यक्ष व काउंसलरो के सहयोग से 10 मामलों में पति पत्नी की विदाई कराई गयी है।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में महिला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला व काउन्शलर कुसुम गुप्ता, कव्यूम ज़रवानी, उपनिरीक्षक योगेन्द्र प्रताप, मुख्य महिला आरक्षी रेनू सिंह, महिला आरक्षी सीता, सुमन लता व रेखा गौड़ के द्वारा महिला थाने पर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर , खाने खर्चे एवं पति पत्नी के बीच उत्पन्न विवादों के 17 मामलो में सुलह समझौते का प्रयास किया गया जिसमें 10 जोड़े साथ रहने के लिए विदा हुए। 03 मामलें में पति पत्नी मे मनमुटाव होने व 04 मामले न्यायालय में लम्बित होने के कारण पक्षों को सोचने समझने का समय दिया गया है, लड़ते झगड़ते आये पति पत्नी में सुलह समझौता से परिवारों को बिखरने से बचाने का काफी सराहनीय कार्य किया गया है।

पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

मैगलगंज पुलिस ने रात्रिगस्त के दौरान अंतर्जनपदीय पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने छोटा हांथी लोडर सवार इन चोरों के कब्जे से दो दिन पूर्व पसगवां क्षेत्र की बिजली लाइन से चोरी कर उतारे गए 10 बंडल बिजली तार बरामद किए जाने का दावा किया है। पकड़े गए पांचों अभियुक्त सीतापुर जनपद के निवासी हैं।

इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात वह चौकी प्रभारी औरंगाबाद अनूप कुमार मिश्रा हमराही सतीश, विवेक, प्रदीप, विपिन व अजय के साथ औरंगाबाद मार्ग पर गस्त पर थे तभी सदरपुर गांव के पास छोटा हांथी लोडर को चेक करने के लिए रोका गया जिसमें पांच लोग सवार थे व पिछले हिस्से में बिजली तार के बंडल लोड थे। जानकारी करने पर पता चला कि यह तार दो दिन पूर्व पसगवां कोतवाली क्षेत्र की चौकी बरवर क्षेत्र स्थित 33 हजार केवीए बिजली लाइन से चोरी किए गए हैं। पुलिस ने जब थाने आकर पकड़े गए लोगों से पूंछतांछ की तो इन लोगों ने जुर्म स्वीकार करते हुए अपने नाम आशुतोष आर्य पुत्र रघुनाथ आर्य व शालू श्रीवास्तव पुत्र बराती लाल निवासीगण ग्राम चडरा कोतवाली महोली, शुभम पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी ग्राम खेलाई पुरवा महोली, अभिषेक वर्मा पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम देवकली महोली व अंकित कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी भेरुका थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर बताए।

पुलिस ने इन पांचों अभियुक्तों के पास से चार मोबाइल, 22 सौ रुपए नगद समेत तार कटर बरामद किया है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि 13 सितम्बर की रात बरवर जहानीखेड़ा मार्ग के किनारे स्थित 33 हजार केवीए बिजली लाइन के छह स्पेन का बिजली तार चोरी कर लिया गया था। जिसका मुकदमा जेई मुबारकपुर राजू सागर की तहरीर पर पसगवां कोतवाली में दर्ज किया गया था।

इस घटना में शामिल चोर उक्त तार को ठिकाने लगाने के लिए जाते समय मैगलगंज पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पांचों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

नेपाल की बारिश से भारत के निचले हिस्सों में बाढ़ का कहर इन्दरनगर में तटबंध टूटा

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज। नेपाल के पहाड़ों में मूसलाधार बारिश के कारण भारत के निचले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। इन्दर नगर में मुहाना नदी पर बना तटबंध बाढ़ के पानी के दबाव से टूट गया, जिसके परिणाम स्वरूप पूरे क्षेत्र में पानी भर गया है। इस बाढ़ ने स्थानीय निवासियों के घरों और कृषि को बुरी तरह प्रभावित किया है। गन्ने और धान की फसलें, जो पहले ही भारी बारिश और आंधी से क्षतिग्रस्त हो चुकी थीं, अब पूरी तरह बर्बाद होने की कगार पर हैं। धान की फसल में बाली आने के बाद बाढ़ में डूबने से इसका भी नुकसान होना तय है। साथ ही, पशुओं के लिए चारा भी बाढ़ के पानी में खराब हो गया है, जिससे पशुपालकों को भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत और नेपाल को जोड़ने वाला बनबीर पुर खखोला मार्ग, जो पहले से ही जर्जर हालत में था, बाढ़ के पानी से पूरी तरह भर गया है, जिससे यातायात ठप हो गया है। इन्दर नगर के निवासी, जैसे लखबीर सिंह, उमाशंकर, राजवीर सिंह, इंच लाल, गुरबाज सिंह और नरेंद्र सिंह का कहना है कि मुहाना नदी पर बना तटबंध गांव को बाढ़ से बचाए रखता था, लेकिन अब उसके टूटने से घरों और फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई गांव जैसे कड़िया, डागा, गंगानगर, रननगर, दीपनगर, दाराभोजी, इन्दरनगर, सूरत नगर, मुजाहा, बनबीर पुर, टांडा और नया पिंड बाढ़ के पानी से पूरी तरह प्रभावित हैं। इन गांवों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं, जबकि पहले की बाढ़ में हुए नुकसान का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है। स्थानीय लोग सरकार से जल्द से जल्द राहत और मुआवजा की मांग कर रहे हैं। यह आपदा स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिसमें फसल, पशुधन, और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ वामन द्वादशी का पर्व

- बावन द्वादशी के पावन उपलक्ष्य में प्रभु वामन प्रकटोत्सव का आयोजन कर प्रभु श्रंगार, पूजन-कीर्तन, आरती कर श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद का किया गया वितरण

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय गुड़मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर में मध्यान्ह बारह बजे वरिष्ठ समाजसेवी रमाकांत गुप्ता की अगुवाई में पंडित श्री नारायण शास्त्री एवं मंदिर के पुजारी द्वारा वामन प्रभु के प्राकट्य उत्सव का धूमधाम और विधि विधान से आयोजन किया गया। विधिवत श्रंगार, पूजन-कीर्तन, प्रभु के भोग, आरती कर श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रमाकांत गुप्ता, डा इरा श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, राम मोहन गुप्त, दिनेश कुमार सर्राफ, पवन शर्मा, राजू अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, शरद गुप्ता, पिंटू

बाथम, राम कृष्ण पुरी गांधी, मनीष गुप्ता, श्वेता शर्मा, लखन गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता,सौरभ गुप्ता सोमू , दिव्यांशी गुप्ता, साधना गुप्ता, सरोजिनी अवस्थी, नीरज बाजपेई, सरोज तिवारी आदि सम्मिलित रहे। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को वामन द्वादशी के दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार के प्राकट्य दिवस के रूप में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जाने वाला यह पर्व अधर्म पर धर्म की विजय और अहंकार पर नम्रता की महत्ता को दर्शाता है। इस दिन दान-पुण्य करने और जरूरतमंदों की सहायता करने का भी विशेष महत्व है।

अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ ने कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

महोबा, समृद्धि न्यूज। जनपद में अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ एवं महाराजा दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति राठ, हमीरपुर के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के अलावा हमीरपुर के मेधावी छात्र छात्राओं का प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह वर्ष 2024 में तहसील के पास गुलाब पैलेस में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हाईस्कूल में 80 प्रतिशत , इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत व आईटीआई नवोदय विद्यालय एमबीबीएस में चयनित छात्राओं के साथ-साथ कला संगीत खेल विज्ञान आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को प्रजापति प्रतिभा सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम राहुल राय प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मनोज प्रजापति सदर विधायक हमीरपुर विशिष्ट अतिथि राजेंद्र प्रसाद प्रजापति संयुक्त निदेशक चित्रकूटधाम मंडल, डॉक्टर वरदानी प्रजापति पूर्व कृषि महानिदेशक, कृष्ण कुमार प्रजापति उप राजस्व अधिकारी, हरगोविंद प्रजापति जिला पंचायत सदस्य छानी हमीरपुर, वाद प्रजापति निदेशक डी0को0 बैंक हमीरपुर महोबा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामाश्रय प्रजापति सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ने किया कार्यक्रम में हाईस्कूल के साथ इंटर के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार समाज के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति सहित राठ से राम अवतार प्रजापति और मौदहा से उदय राज प्रजापति, श्रीनगर क्षेत्र से मनोज प्रजापति, महामंत्री वीरेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष कालूराम प्रजापति सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

विभिन्नमांगों को लेकर संयुक्त रसोइया मोर्चा की बैठक संपन्न

तीस सितंबर तक बकाया पारिश्रमिक न मिलने, मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

संयुक्त रसोइया मोर्चा उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री कैलाश कुमार ने की। जनपद के एक हाल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कैलाश ने कहा कि आंगनबाडी के बच्चों को दिए गए भोजन का सात माह का बकाया पारिश्रमिक व तीन माह का बकाया मानदेय नहीं दिया गया है। उन्होने 30 सितंबर तक बकाया भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। कहा कि बकाया पारिश्रमिक न मिलने से रसोइयों को आर्थिक तंगी से जूझना पड रहा है। तथा जीवन यापन

में कठिनाई हो रही है। साथ ही उन्होने सरकार से दो हजार रुपये के स्थान पर न्यूनतम वेतन दिए जाने की बात प्रमुखता से कही। इसी कडी में पाल्य की शर्त समाप्त करने, आकस्मिक एवं मातृ अवकाश दिए जाने, हादसा आदि विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए पीडित के परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी दिए जाने, नियमतीकरण करने संबंधी सेवा नियमावली बनाने, राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की। वहीं छात्र संख्या संसोधन में 25 पर एक, 100 पर तीन, 200 पर पांच, 300 पर सात रसोइयों से कार्य कराए जाने का प्रावधान किया जाए। तथा मनमाने तरीके से रसोइयों को नौकरी से निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि 30 सितंबर तक बकाया पारिश्रमिक सहित यदि संगठन की अन्य मांगों को पूरा नहीं किया गया। तो संगठन जिलों से लेकर लखनऊ से दिल्ली तक आंदोलन करने के लिए विवश होगा। बैठक को जिला उपाध्यक्ष भारती, रावेन्द्र, माया देवी ने प्रमुख रुप से संबोधित किया। इस मौके पर प्रेमा, सुखरानी, राजकुमारी, प्रेमिका, उर्मिला, सरस्वती, दुर्गावती, द्रोपदी, राधिका, सावित्री, कौशल्या, गीता, लौगश्री, विमला, रेनू, बिजली, रीना, सीता, राम देवी, पुष्पा, मोहिनी, नीलम मंजू, ऊषा, संगीता, सुमन, गुडिया, इन्दु, रजनी, रामश्री, अनीता सहित तमाम रसोइया मौजूद रहे।

विधायक, पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- सत्र के अध्यक्ष बने सर्वेन्द्र अनुराग, सचिव फरीद

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

रोटरेक्ट क्लब गोला ÷यूथ÷ के वर्तमान सत्र के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को शहर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित समारोह में वर्तमान सत्र के अध्यक्ष रो0 आशुतोष विश्वास ने आगामी

लिए रो. फरीद अहमद को सचिव, रो. उत्तम बाला को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन अरविंद गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पूर्व रोटेरियन अरविंद गुप्ता राम जी रहे। विधायक अमन अरविंद गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल ÷रिंकू÷ ने रोटरैक्ट क्लब गोला ÷यूथ÷ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में रिशु महेश्वरी, आदेश वर्मा, कुलदीप तिवारी, आनंद प्रताप सिंह, पंकज जायसवाल, पटेल सुशील वर्मा, दिवाकर यादव, प्रभाकर गुप्ता, हर्षित गुप्ता, गौरीश सिंह, डॉ विवेक वर्मा, डा दिलीप वर्मा, शुभम पांडेय, एड आनंद कुमार अर्कवंशी, प्रमोद वर्मा शेरु, गुरुदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

बरसाती तान कर रहने को मजबूर गरीब नाई का परिवार, बरसात के कारण गिरी मकान की दीवार

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में लगभग 36 घंटे रुक रुक कर हुई बरसात के कारण कस्ता कस्बे मे गरीब नाई परिवार के कच्चे मकान की दीवार गिर जाने से नाई परिवार बरसाती तान कर रहने को मजबूर हो गया। ज्ञात हो कि गत रात्रि जब कच्ची दीवार भर भरा कर गिर गई तब पूरा परिवार लखीमपुर रिस्तेदारी गया हुआ था। अगर परिवार घर पर मौजूद होता तो कोई भी गंभीर घटना घटित हो सकती थी जानकारी के अनुसार सुरेश नाई का परिवार एक लम्बे अर्शे से कच्चे मकान में आज भी रह रहा है। गत दिवस पूरा परिवार लखीमपुर की

रिश्तेदारी में गया हुआ था। अचानक घर की दीवार गिर जाने से घर का सारा सामान दबकर नष्ट हो गया। वहीं कस्ता कॉलोनी निवासी मुन्नी देवी की कच्ची दीवार गिर जाने से कोई अप्रिय घटना तो नहीं घटित हुई ,किंतु दीवार गिर जाने से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। योगी सरकार द्वारा गरीबों का पक्का मकान बनवाने के लिए कृत संकल्प है। विकास विभाग के कर्मचारी रात दिन मेहनत कर ग्राम पंचायतों में खुली बैठको का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सूचियां बनाई जा रही हैं। अब देखना है कि ग्राम पंचायतों मे आवास विहीन व्यक्तियों को पक्के मकान उपलब्ध हो पाएंगे या नहीं। अतिवृष्ट होने के कारण काफी कच्चे मकान की दीवारों तथा छत गिर गई है। राजस्व विभागीय कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है अब देखना है क्या गरीबों को शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ मिल पाएगा।

जिन गरीबों के मकान की दीवारें गिर गई है, गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

जेसीआई मि. रीजन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

- बाराबंकी के उत्कर्ष वर्मा बने मि. रीजन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसी जनसंपर्क सप्ताह के षष्ठ दिवस जेसीआई मि0रीजन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन हुआ। अनेक जनपदों से लगभग 56 प्रतिभागियों ने इसमें सहभाग किया। 8 भार वर्गों में प्रतियोगिता हुयी। सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कड़े मुकाबले और अपने सुडौल शरीर के बलबूते पर बाराबंकी के उत्कर्ष वर्मा ने मि0रीजन का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट मैन फिज़िक का

खिताब लखनऊ के नदीम अहमद के नाम रहा। लखनऊ की ही स्मिता सिंह को बेस्ट वुमन फीज़िक खिताब से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता में आर0एस0 फिटनेस जिम के राहुल शर्मा मि0लखीमपुर चुने गये। अमनप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुये बेस्ट अतिथि पोजर प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता कुमार उत्कर्ष की अध्यक्षता, अमित अग्रवाल के संयोजन, राहुल अग्रवाल व रजत शेखर के निर्देशन व अमित मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पादित हुयी। मुख्य अतिथि के रूप में विवेक कपूर व विशिष्ट अतिथि उमाशंकर मिश्र कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्य निर्णायक (रेफरी) डा0शरनजीत सिंह, संयुक्त रेफरी अमृत पाल सिंह व जितिन राज रहे। प्रतियोगिता का संचालन अनुभव खन्ना द्वारा किया गया। मोंटी बग्गा की विशेष उपस्थिति रही। होटल कम्फर्ट इन, विनियक रॉयल इनफील्ड व यूनीकार्न गेम जोन द्वारा इस प्रतियोगिता को प्रायोजित किया गया।

कार्यक्रम में कुमार उत्कर्ष, ऋतिक साहू, अमित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, रजत शेखर, अमित मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, अमर सिंह, सौरभ वर्मा,कनिष्क बरनवाल, आर्येन्द्र पाल सिंह, दिनेश गुप्ता, डॉ0राकेश माथुर, अर्जित अग्रवाल, तुषार गर्ग, प्रवीण सलूजा, सचिन अग्रवाल, सोनी गुप्ता, मुक्ति अग्रवाल, आरती सिंह, नैना मेहरोत्रा, अंकित मित्तल, स्पर्श अग्रवाल, शुभम टण्डन, वेदांत गुप्ता के अतिरिक्त भारी तादात में दर्शक मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा : दिनेश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता अभियान तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाएगा।

इस एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान को गति देने के लिए उद्यान विभाग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। आमजन के लिए विभाग की सभी नर्सरियों में गुणवत्तायुक्त फलदार एवं औषधीय आदि पौधों की उपलब्धता रहेगी। उद्यान अधिकारी एवं कार्मिक इस अभियान से जुड़कर एक पौधा जरूर लगाए और कार्यक्रम को सफल बनाएं। वृक्षारोपण के बाद पौधों की देखरेख और मॉनिटरिंग के लिए नियमित निरीक्षण करें, ताकि सुनिश्चित हो पौधे स्वस्थ रूप से बढ़ रहे हैं। उद्यान मंत्री ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित वातावरण का निर्माण करें। एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृप्रेम और सम्मान का प्रतीक भी है। उद्यान विभाग इस पहल में पूरी तरह से समर्पित है।

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से बीजेपी शुरू करेगी सेवा पखवाड़ा

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा प्रारम्भ करेगी। भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत नगर, गांव, गली, मुहल्लों, मजरों, चौपालो सहित सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से विभिन्न सामाजिक व सेवा कार्यो के साथ सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जो सेवा परमो धर्मः के संदेश के साथ 02 अक्टूबर तक चलेंगे। 16 सितम्बर को जिलो में सेवा पखवाड़ा की जिला कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं।

जीपीएस लेस प्रदूषण रहित 750 वाहन कर रहे कूड़ा कलेक्शन

अपर आयुक्त ने किया कमांड सेंटर का औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । अपर नगर आयुन पंकज श्रीवास्तव द्वारा शहर में कलेक्शनएवं ट्रांसपोर्टेशन हेतु कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान के कंट्रोल कमांड सेंटर का औच्चक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ निर्मित कमांड एन्ड कंट्रोल सेंटर द्वारा जारी नंबर 18001234999 से आम नागरिकों के द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा उठान से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को देखा गया, सितंबर माह में कुल 320 शिकायतें प्राप्त हुई है। आज कुल 23 कंप्लेंट प्राप्त हुई है, जिसका निस्तारण छह घटे के अंदर निस्तारण किया गया।

लखनऊ स्वच्छता अभियान संस्था द्वारा शहर को प्रदूमित रहित बनाने के लिए संस्था द्वारा बैटरी चालित वाहनों का उपयोग अपशिमट संग्रहण में किया जा रहा है, डोर टू डोर कूड़ा प्रबंधन हेतु 750 बैटरी वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरुप वायु प्रदूमाण नियंत्रण कार्बन के उत्सर्जन में रोकथाम ध्वनि प्रदूमाण नियंत्रण एवं डीजल चोरी में रोक इत्यादि संभव हो पाया है। शहर को प्रदूमाण रहित बनाने के लिए संस्था द्वारा लगभग 35 ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है जिनमें से जोन 1 में 4 जोन 3 में 8 जोन 4 में 7 जोन 6 में 8 तथा जोन साथ में 6 और पोर्टेबल कंपैक्टर भी प्रस्तावित है तथा जून 4 में से कैलाश कुंज पेपर मिल निशातगंज मिठाई वाला से कूड़ा उठान का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके फल स्वरुप संग्रहण में परिवहन खुले में नहीं हो रहा है और संचारी रोगों में रोकथाम संभव हुई संस्था द्वारा ठोस अपशिमट रिसायकल हेतु गौरी विलेज गोमती नगर जोन 4 में एमआरएफ सेंटर भी स्थापित किया जा चुका है। संस्था द्वारा वाहनों की निगरानी हेतु सभी पार्किंग यार्ड में आर एफ ई डी रीडर लगे हैं तथा वाहनों को ट्रैक करने के लिए जीपीएस भी संस्था द्वारा लगाया गया है ट्रैकिंग सिस्टम की मदद से 40092 हॉट प्वाइंट डोर टू डोर कवरेज की निगरानी हेतु बनाए गए हैं जिससे उनके जिओ फैंस या रूट डिविएशन की जानकारी प्राप्त होते ही संस्था द्वारा तुरंत कार्यवाही की जाती है और वाहनों के रूट डिविएशन की जानकारी मिलते ही कमांड सेंटर द्वारा वॉकी टॉकी पर तत्काल सूचना जोनल प्रभारी एवं पर्यवेक्षक प्रभारी को दी जाती है। संस्था द्वारा डिजिटल सर्वेक्षण किया जा रहा है जिससे कि क्षेत्र की सभी रहवासियों एवं व्यवसायिक प्रति मठानों की गणना सुनिश्चित की जा सके।

खबरें एक नजर में

महानगर अध्यक्ष का कार्यकाल एक साल पूरा, खुशी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आलमबाग नटखेड़ा रोड पर नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी जी का एक साल पूरा होने के अवसर पर व्यापारियों ने एक भव्य और रंगीन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़े और फूलों के साथ आनंद द्विवेदी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ढोल-नगाड़ों की धुनों के साथ हुई। इसके बाद व्यापारियों ने आनंद द्विवेदी को माला, चुनरी और स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, कमल चौधरी, राजेश बत्रा, संदीप कांत राजन, संतोष तिवारी, गौतम नागपाल, विवेक सक्सेना, मोहन जेठानी, मुदित चावला, नंदकिशोर अनिल, नवल अग्रवाल, रोहित कुमार, विशाल सिन्हा, और वैभव सरीन समेत अन्य व्यापारियों ने मंच पर पहुंचकर आनंद द्विवेदी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सभी व्यापारियों ने इस अवसर को विशेष मानते हुए आनंद द्विवेदी की मेहनत और उनके नेतृत्व की सराहना की। इस उत्सव में व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर आनंद द्विवेदी की सफलता की कामना की और भविष्य में भी उनके नेतृत्व में शहर के विकास की उम्मीद जताई।

युवती को शादी का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को युवती ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि हैदर कैनाल पार्क रोड के रहने वाले शानू उर्फएहतिशाम अहमद (28) पुत्र मुख्तार अहमद से उसकी मुलाकात जनवरी में हुई। शानू ने मिलने जुलने के दौरान युवती से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। शानू ने शादी का प्रस्ताव दिया। जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान शानू ने मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ जबरन संबंध बनाने लगा। इसका युवती ने विरोध किया तो जल्द शादी करने की बात कही। लंबा समय बीतने के बाद युवती ने शादी के लिए बोला तो टाल मटोल करता रहा। इस पर युवती ने दबाव बनाया तो शादी से मुकर गया। युवती ने शिकायत करने की बात कही तो उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पुलिस को मिली शिकायत के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह 9.45 बजे आरोपी की हैदर कैनाल पास खड़े होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने शानू उर्फ एहतिशाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

पितृपक्ष 19 से, पितरों को साल भर रहता है पितृ पक्ष का इंतजार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष, पितरों के लिए समर्पित दिवस होता है। यह इस साल 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह 15 दिनों का समय पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा है। इससे उनकी आत्मा को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रत्येक दिन की तिथियों का सही आकलन कर और शास्त्रों के अनुसार विधिपूर्वक श्राद्ध करना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार, पितरों के प्रति श्रद्धा और तर्पण से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और उनके ऋणों से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि पितृपक्ष का यह समय हर सनातनी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पंडित कमला कान्त बताते हैं कि, पितरों को प्रसन्न करने में कही से धन बाधक नही है । यानी आप अपनी सामर्थ्य के अनुसार श्राद्ध करके अपने पितरों को प्रसन्न कर सकते है। यदि आप निर्धन है और पितरों को प्रसन्न करना है तो केवल कुतप बेला के समय गाय को हरा चारा खिलाकर अपने दोनों हाथ ऊपर करते हुए भगवान सूर्य को नमस्कार करते हुए पितरों से प्रार्थना कर ले यह बड़े श्राद्ध करने के बराबर होगा।

हिन्दुओं की एकजुटता को लेकर हिन्दू महासभा ने उठाए कई कदम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के उत्तर प्रदेश पदाधिकारियों, जिला, नगर एवं मण्डल अध्यक्षों की हुयी बैठक में हिन्दुओं में एकजुटता के लिये प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ और प्रत्येक रविवार को जनता के बीच निरन्तर बैठकों के करने का निर्णय लिया है। बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बैठक में पार्टी की सभी इकाईयों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देषित करते हुये कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये जनता से सीधे मिलने के साथ-साथ सोषल मीडिया के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कुर्सी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में मौजूद पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा पूरे देशभर से वर्चुअली पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुये। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री त्रिवेदी ने इस मौके पर हिन्दू महासभा त्रिदंडी की वेबसाइट का शुभारंभ करते हुये कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति तक पहुंचने के लिये सोशल मीडिया एक सषक्त माध्यम है इसीलिए पार्टी के हर कार्यकर्ता को अपने आपको डिजिटली मजबूत करना होगा। बैठक के दौरान पूर्वांचल युवक अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने हिन्दुओं की एकजुटता के लिये नियमित रूप से प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ और रविवार को आम हिन्दुओं जनों के साथ बैठकों को करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सही मुआवजे की मांग को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। रविवार को भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया। किसान पथ स्थित खुरदही बाजार में सैकड़ों की संख्या में किसान जमा हुए। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक वर्मा ने एलडीए और आवास विकास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों की जमीन को गलत तरीके से अधिग्रहण करने का प्रयास कर रहा है। आलोक वर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में चकबंदी के नाम पर किसानों की जमीन को अधिग्रहण करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी मांग है कि किसानों की जमीन का मार्केट रेट के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाए। एलडीए और आवास विकास की मनमानी नहीं चलेगी। अधिकारी हमारे किसानों की जमीन को कौड़ियों के भाव हासिल करना चाह रहे हैं। लेकिन किसानों की जमीन सोने से ज्यादा कीमती है। यह वह जमीन है जिसे किसान अपनी खून पसीने से सींचता है। किसानों के लिए हमारी जमीन और मिट्टी ही सब कुछ है। इसी जमीन से हम पेट पालते हैं और जीवन यापन करते हैं। अपनी मांग को लेकर हमने कई बार एलडीए और आवास विकास के अधिकारियों को अवगत कराया। लगातार आवाज उठाने के बाद भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मजबूरी में किसानों ने यह आंदोलन शुरू किया है। अनिश्चितकालीन धरना उस समय समाप्त होगा जब हमारी मांग पूरी की जाएगी। भारती किसान यूनियन के नेता संदीप यादव ने एलडीए और आवास विकास को लेकर विरोध जताया। इन्होंने कहा कि इन विभागों का किसानों के प्रति रवैया बेहद उदासीनता वाला है। हम लंबे समय से इस लड़ाई को लड़ रहे हैं। जमीन का सही मुआवजा मिलना हमारा अधिकार है।

सपा सांसद आरके चौधरी ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मोहनलालगंज के सांसद आर.के. चौधरी ने हुलास खेड़ा, कनकहा, फफो खेड़ा, पतौना और निगोहा क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बूथ और सेक्टर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंतिम व्यक्ति का जितना महत्व है, उतना ही पार्टी के बूथ कार्यकर्ता का भी है। पीडीए को लेकर कहा कि देश पर वही राज करेगा जो पीडीए की बात करेगा। सपा सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव जल्द ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सांसद से विकास कार्यों को गति देने का अनुरोध किया। सांसद चौधरी ने व्यक्तिगत रूप से लोगों की समस्याओं को सुनीं और उनसे लगातार संपर्क में रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व विधायक अम्बीश सिंह पुष्कर ने कहा कि समाजवादी पार्टी बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म जाति के लोगों का विकास करती है। अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दल परेशान हैं। आने वाले समय में प्रदेश और देश में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण कुमार यादव ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व. दादा राम स्वरूप सिंह यादव को याद किया।

जनता की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री योगी

भू माफिया जमीन कब्जा कर रहे तो सख्त कार्रवाई करें

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। हमेशा की तरह सीएम योगी ने आज भी मंदिर परिसर में बैठे लोगों के पास जाकर उनकी समस्या सुनीं और उन्हें न्याय मिलने और समस्या का समाधान होने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य के हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करना सरकार की प्राथमिकता है।

वहीं, जनता की समस्या सुनने के बाद सीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ''हर व्यक्ति की समस्या का समाधान करना एक संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता होती है, इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। योगी ने आश्वासन दिया कि हर व्यक्ति की ''समस्या का निराकरण किया जाएगा और हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस जनता दर्शन में कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इन मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा, ''यदि कोई दबंग या भू-माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति ही मानक होनी चाहिए। बता दें कि जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने करीब 300 लोगों की फरियाद सुनी। जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया।

जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में आए कुछ लोगों ने जमीन कब्जा करने की शिकायत की। किसी ने इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लगाई। सीएम ने सभी की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। सीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पैसे के कमी से किसी का भी इलाज नहीं रुकना चाहिए। अगर कोई दबंग या भू-माफिया जमीन कब्जा कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सबकी समस्या का हल होना चाहिए।

नरेन्द्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता : ब्रजेश पाठक

लखनऊ,समृद्धि न्यूज। महानगर द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान संकल्प दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन एक विशाल परिवार है। नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 2014 से अब तक भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी। नरेन्द्र मोदी आज दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। एक-एक व्यक्ति को जोड़कर बड़ी संख्या के साथ एक मजबूत संगठन बनकर उभरा है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के नेतृत्व में समय-समय पर लोकसभा, विधानसभा चुनाव और नगर निकाय के चुनाव के साथ पार्टी गठन के कार्य भी हुए। जिसमें हमारे एक-एक कार्यकर्ता ने आगे बढ़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। इसमें लखनऊ महानगर सदैव अग्रणी भूमिका में रहा है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन की उपलब्धियों पर अनुराग साहू द्वारा संकलित वीडियो का बड़ी एलइडी पर प्रदर्शन किया गया।

जातीय जनगणना समय की मांग इसे कराया जाना जरूरी : अजय

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को फिरोजाबाद में भाजपा सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जातीय जनगणना देश की मांग है, जिसे कराया जाना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी ध्वस्त बताते हुए अयोध्या में दुष्कर्म के आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बतौर मुख्य अतिथि रविवार को तैलिक महासंघ द्वारा नगर के एक रिसॉर्ट में आयोजित सम्मान समारोह व जातीय जनगणना एक परिचर्चा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति जनगणना समय की मांग है और यह जरूरी है इसलिए सरकार जातीय जनगणना कराए। आज जो समाज बिखरा हुआ है जातीय जनगणना होने से यह पता चलेगा कि हमारे लोग कहां है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि धर्म नगरी अयोध्या में दलित बेटी की आबरू लूटी गई आखिर इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कार्यवाही कब होगी। आरोपियों के घर बुलडोजर कब चलेगा। उन्होंने कहा कि वह पीड़िता के घर जाएंगे। ज्ञानवापी पर मुख्यमंत्री के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि वह काशी के रहने वाले हैं, उनसे ज्यादा बेहतर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नहीं जानते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दो दिन बाद इस्तीफा देने के सवाल पर अजय राय ने कहा कि उन्हें जनता के बीच रहकर कार्य करना चाहिए। पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर कहा कि जो भी दोषी है उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सीतापुर में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की तरफ इशारा करते हुए कहा कि राठौर समाज को उनका साथ देना चाहिए। राठौर समाज को एकजुट होना चाहिए।

डंपर ने बच्चे को रौंदा, मौके पर मौत, एंबुलेंस पर हुआ पथराव

समृद्धि न्यूज

सूचना पर पहुंचे विधायक को भी झेलना पड़ा विरोध

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के इटौंजा में 14 साल के बच्चे को डंपर ने रौंद दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। नाराज लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर भी लोगों ने पथराव किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे विधायक को भी विरोध झेलना पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामा बढ़ने पर कई थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर को भी कब्जे में ले लिया है। एफआईआर दर्ज कर ली है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर डंपर छोड़कर फरार हो गया। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव की है।

रविवार को घर के बाहर खेल रहे आकाश मौर्य (14) पुत्र राम कुमार मौर्य को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। डंपर का अगला पहिया बच्चे के नीचले हिस्से से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कुछ देर बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लोगों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए कहा। लेकिन एंबुलेंस ड्राइवर ने शव ले जाने से मना कर दिया। इससे लोग भड़क गए। उन्होंने विरोध किया तो ड्राइवर एंबुलेंस लेकर जाने लगा। नाराज लोगों ने पथराव कर दिया। गुस्साए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझने की कोशिश की। लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

हंगामे को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। बच्चे की मौत की जानकारी मिलने पर बख्शी का तालाब से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने विधायक का विरोध कर दिया। हंगामा बढ़ता देख विधायक मौके से चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से अवैध रूप से खनन कर रहे लोगों की शिकायत कई बार की गई। लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। आज ये डंपर बच्चे की मौत कारण बन गया। इसको रोका जाना चाहिए।

डीएम का एक्स अकाउंट हैक करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के डीएम का आधिकारिक एक्स अकाउंट को हैक करने वाले आरोपी को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नोएडा थाना सेक्टर-20 की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि डीएम का अकाउंट हैक करके आरोपी ने राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसका स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद कड ने मामला दर्ज कराया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर के कड का एक्स अकाउंट हैक करने वाले आरोपी की पहचान सोहन सिंह के रूप में हुई है, जिसे नोएडा पुलिस ने दिल्ली के बुराड़ी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन को भी बरामद किया है, जिससे ये पोस्ट की गई थी। आपको बता दें कि गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के 'एक्स अकाउंट को कथित तौर पर हैक कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौतम अवाना के नेतृत्व में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सूरजपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया।

उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से अभियंता दिवस मनाया गया। एसोसिएशन की ओर से आयोजित समारोह की अध्यक्षता विनोद कुमार श्रीवास्तव ने किया तो संचालन इंजीनियर अशोक यादव ने किया। परिकल्प भवन में आयोजित समारोह में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री बृजेश ने अपनी ओर से अभियंताओं को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने अपने सदस्यों एवं अभियंताओं के सामने भारत रत्न विश्वेश्वरैया के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दिन उसे महान व्यक्ति के नाम है, जिन्हें स्मरण करके हम लोग अभियंता दिवस मनाते हैं। भारत रत्न विश्वेश्वरैया से प्रेरणा लेकर लाखों अभियंता आज देश सेवा में लगे हुए हैं। यांत्रिकी के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं।

जालसाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड टीचर को बेटे का एक्सीडेंट होने का झांसा देकर दो बार में 46 हजार की रुपए ठग लिए। साइबर जालसाजों ने उन्हें कॉल करके बेटे की एक्सीडेंट की बात कही। इसके बाद बेटे की रोने की आवाज सुनाई। घबराए टीचर ने जालसाजों को पैसा ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बहादुरपुर गुडंबा के रहने वाले बेचेलाल वर्मा स्पोर्ट्स कॉलेज के रिटायर्ड टीचर हैं। बेचेलाल वर्मा ने बताया कि उनका बेटा आकाश गोंडा में ठेकेदारी का काम करता है। 27 अगस्त को शाम करीब 4.36 बजे अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। वीडियो कॉल पर दिख रहा व्यक्ति पुलिस की वर्दी में था। उसने बताया कि टोल प्लाजा के पास आकाश से एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद आकाश की रोने की आवाज सुनाई। जब तक बेचेलाल कुछ समझ पाते तब तक घायल के इलाज के लिए पैसे की मांग कर दी।

सफलता | अब तक 99 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

चार लाख से अधिक प्रकरणों का किया गया निस्तारण



समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1448 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4307 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3890 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6945 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 88 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 99 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 71 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख से अधिक समस्याओं प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

अभियान के तहत नगर निगम ने 1500 वर्गफुट जमीन कराई कब्जा मुक्त

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । शासन के आदेशों के क्रम में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमिया, संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि,संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।

अभियान में लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाहियों को अमल में लाया जा रहा है। आज जिस क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 1500 वर्गफुट जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। नगर आयुक्त महोद इन्द्रजीत सिहं एवं पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त के आदेशानुसार संजय-यादव प्रभारी अधिकारी सम्पीत व अरविन्द कुमार पांडे, तहसीलदार नगर निगम के निर्देश के क्रम में ग्राम कासिमपुर पकारी तहसील सरोजनी नगर लखनऊ की खसरा संख्या 46 क्षेत्रफल 0.101 हे. तालाब के खाते में दर्ज है। भूमि के लगभग 1500 वर्गफुट पर अस्थाई अतिक्रमण करके प्लटिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसे नीरज कटियार नायब तहसीलदार, नगर निगम के नेतृत्व में लेखपाल मनोज आर्य, संदीप यादव, अनूप गुप्ता की उपस्थिती में नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा मुक्त करा दिघ्या गया है। शेष स्थाई निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

स्कूल छोड़ आधार कार्ड बनवाने की लाइन में लगे बच्चे, केंद्र पर रही मारामारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

आधार कार्ड बनवाने में लोगों को पसीने छूट रहे हैं सैकड़ो बच्चे स्कूल छोड़कर आधार कार्ड के लिए आधार कार्ड सेंटर, व बैंक व डाकघर में लाइन में खड़े नजर आए। घंटों के इंतजार के बाद कई को सफलता मिल पाई तो वहीं कुछ को निराश लौटना पड़ा।

लोगों में इसे लेकर खासी नाराजगी देखने की मिली। लोगों का कहना था कि आधार के लिए बैंक से लेकर डाकघर की दौड़ लगानी पड़ रही है।घंटो कतार में खड़े रहने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है।स्कूलों

में मौजूदा समय में नए प्रवेश को लेकर रजिस्ट्रेशन चल रहा है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड की जरूरत है।स्कूलों की ओर से इसके लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जा रहा है।

बढ़ें काउंटर तो बने बात

बिशुनपुरबैरिया गाँव निवासी शिवकुमार अपने तीन बच्चों शिवम,शिवांगी व दीपिका को लेकर सुबह पांच बजे से ही अंबेडकर चौराहे पर स्थित आधार केंद्र और प्रधान डाक घर पर लाइन में लगे थे।कहा कि पिछले दो दिन से लाइन में लग रहे हैं लेकिन आधार कार्ड बन नहीं पा रहा।आज ज उम्मीद है कि शायद बन जाए। कहा कि यदि संख्या बढ़ा दी जाए तो काउंटर की इस प्रकार की समस्या में कुछ कमी हो सकती है।पेड़ारन गाँव निवांसी एक व्यक्ति प्रधान डाकघर की शाखा में आधार कार्ड बनवाने पहुंचे थे।कहा कि सुबह साढ़े पांच बजे ही यहां पहुंच गए।आधार कार्ड बनवाने में काफी समस्या खड़ी हो रही है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को इसे लेकर गंभीरता दिखानी चाहिए। जरूरत पड़ी तो बढ़ाएंगे केंद्रों की संख्या कहीं से किसी प्रकार की दिक्कत सामने नहीं आई है।दिक्कत हुई तो बैंकों व डाकघर को आधार कार्ड बनाने में सुगमता लाने के लिए निर्देशित किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो केंद्रों की संख्या भी बढ़वाई जाएगी।

ऐसे में आधार बनवाने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को लेकर सुबह से ही संबंधित बैंक व डाकघर के सामने पहुंचकर लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं।घंटों लाइन में लगने से एक तरफ जहां छात्र-छात्राओं का स्कूल छूट रहा तो वहीं तेज धूप,और उमस भरी गर्मी में उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा राशनकार्ड के लिए भी लोगों को आधार की जरूरत है। कार्ड से नाम न कटे इसके लिए भी बड़ी संख्या में लोग आधार बनवाने पहुंच रहे हैं। इन दिनों बैंक व प्रधान डाकघर में आधार कार्ड बनवाने वालों की भीड़ बढ़ गई है। जिले में लगभग डेढ़ दर्जन डाकघर व दो दर्जन से अधिक बैंकों में लगभग एक हजार आधार कार्ड प्रतिदिन बन रहे हैं। जबकि लाइन में लगने वालों की संख्या दोगुना से भी ज्यादा है।

डिवाइन डेंटल केयर ने वृद्धा आश्रम में लगाया कैम्प, बांटी दवाइयां

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

प्राप्त विवरण के अनुसार मामला जनपद गोंडा के वृद्धाश्रम का है जहां डिवाइन डेंटल केयर के डॉक्टर ए0के0 मिश्रा ने सिविल लाइन वृद्धा आश्रम में कैंप लगाकर वृद्ध जनों को मुख एवं दांत से संबंधित पीड़ितों को बांटे दवाइयां जहां दर्जनों दांत से पीड़ित पीड़ितों ने डॉक्टर ए0के0 मिश्रा को अपना दर्द बताते हुए निशुल्क दवाइयां प्राप्त की।

डॉक्टर ए0के0 मिश्रा ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का निशुल्क उपचार करने का दिया आश्वासन और यह भी कहा कि जिन लोगों के दांत निकलना हो अथवा उनके दांतों की सर्जरी करनी हो ऐसी स्थिति में हम अपने डिस्पेंसरी जो आवास विकास मकान नम्बर 1213 में स्थित है वहां मरीजों को बुलाकर उनका इलाज सुनिश्चित करेंगे।

खैर दांत दर्द एवं मुख्य रोग से पीड़ित वृद्ध जनों ने दवाइयां पाकर डॉक्टर ए0के0 मिश्र को दी ढेरों आशीर्वाद जिस समय वृद्ध आश्रम के संचालक अशोक कुमार सिंह, अधीक्षक विशाल सिंह, राघवेंद्र सिंह सेवा करता, महिला वार्डन पूनम सिंह समेत आश्रम के तमाम कर्मचारी व सहयोगी उपस्थित रहे।

औचक निरीक्षण में खामियां मिलने पर मंडलायुक्त नाराज, कार्रवाई के आदेश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

रविवार की रात 2 बजे के करीब कमिश्नर देवीपाटन मंडल ने सीएचसी रूपईडीह का औचक निरीक्षण कर वहां पर मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की हकीकत जानी।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में काफी अनियमितता पाई गई। मेडिकल स्टाफ के रात में सोते हुए पाये जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुये कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। दरअसल शासन के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडलायुक्त ने अस्पतालों की हकीकत जानने के लिए गोंडा जनपद की सीएचसी रुपईडीह पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अस्पताल में भर्ती कई मरीजों और उनके परिजनों

कठोर कार्रवाई के लिए अपर निदेशक को लिखा पत्र

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देवीपाटन मंडल को पत्र भेज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताते हुए सीएचसी अधीक्षक तथा अन्य स्टाफ के विरुद्ध यथोचित कार्यवाही करने के आदेश दिए साथ ही कहा कि सभी चिकित्सालय में रात्रि कालीन डॉक्टर व आवश्यक स्टाफ हर हाल में मौजूद रहे और शासन की मंशा के अनुरूप जन सामान्य को आवश्यक चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जाए। भविष्य में अन्य स्वास्थ्य केदो का निरीक्षण करने पर स्थिति में सुधार न पाए जाने की दशा में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

मरीजों से बात कर जानी अस्पताल की हकीकत

से बात कर अस्पताल की हकीकत पता लगाई। मरीजों के परिजनों द्वारा अस्पताल से बाहर की दवा लिखने की भी शिकायत की गई।

निरीक्षण के दौरान कोई भी डॉक्टर मौजूद नही पाया गया और सीएचसी अधीक्षक भी मौजूद नहीं मिलें। इसके अलावा अस्पताल में ना तो कोई चौकीदार पाया गया और ना ही कोई सफाईकर्मी मिला। स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर के बारे में पता लगाया गया तो पता चला कि वें गोंडा मुख्यालय से आते जाते हैं। हालांकि स्टाफ नर्स व दाई उपस्थित मिली।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बिजली पाई गई परंतु पता लगाने पर पाया गया कि अस्पताल में जनरेटर मौजूद नहीं है।

गर्मी के दिनों में बिजली जाने पर मरीज गर्मी से परेशान रहते हैं। आयुक्त ने अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देवीपाटन मंडल को इस समस्या के बारे में अवगत कराते हुए समाधान करने के निर्देश दिये।

फाइलों में दबकर रह गए अनेकों ध्वस्तीकरण के आदेश

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

बदलते गोण्डा जिले की खूबसूरती में बाधक बन रहे अवैध निर्माणों पर नगर पालिका परिषद नजूल के अधिकारी और जिला प्रशासन मेहरबान हैं।दर्जनों से ज्यादा अवैध निर्माणों को ध्वस्तीकरण के आदेश जारी हैं और बीते डेढ़ साल में ही दर्जनों से अधिक अवैध निर्माणों को सुनियोजित विकास के नाम पर नजूल की भूमि पर फ्री होल्ड और नक्शा पास कराने का नोटिस दिया गया है। मगर नोटिस जारी करने के बाद अधिकारी आगे की कार्रवाई ही भूल गए।कुछ छोटी पहुंच वालों पर तो बुल डोजर चल गया पर बड़े अवैध निर्माणों पर हथौड़ा चलाकर खानापूर्ति जरूर की गई मगर फिर से उसे वैसे ही छोड़ दिया गया।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश स्तर पर हुई रैंकिंग में गोण्डा नगर पालिका परिषद की किरकिरी के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं।आदेश ध्वस्तीकरण का कर दिया गया है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।इसका फायदा अवैध निर्माण करने वाले उठा रहे हैं।

केस-1 अंबेडकर चौराहे के पास गोंडा लखनऊ हाईवे मार्ग मंडे नाला के पास बनी 47 दुकानों को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था इसके कुछ दिन बाद जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद ने ध्वस्तीकरण का आदेश पर अमल करते हुए एक पटरी पर गिराना शुरू किया तीन दिन तक कार्रवाई चलती रही और एक पटरी पर अवैध कब्ज से मुक्त कर दिया गया लेकिन दूसरी पटरी पर उसी आदेश में कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गई और अवैध निर्माण को जस का तस छोड़ दिया गया।और कई मंजिला अवैध निर्माण जो नहीं बने थे वह भी बन क़र खड़े हो गए है।

केस-2 पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर के पास रामलीला मैदान के बगल नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शे के अनुमति से तीन

मंजिला अवैध निर्माण पूरा होने के बाद विनिमित क्षेत्र ने ध्वस्तीकरण आदेश जारी किया। इसके बाद एक दिन यहां कार्रवाई के नाम पर कुछ भी तोड़?फोड़ नहीं की गई।मगर, इसके बाद अवैध निर्माण को वैसा ही छोड़ दिया गया है।और उस परिसर में आज लोग रह भी रहे हैं।

केस-3 दुर्गमां स्वीटस के गली में मालवीय नगर में राम मनोहर के द्वारा नजूल की जमीन पर व्यावसायिक और आवासीय को मिलाकर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कर लिया गया।इसके बाद विनियमित क्षेत्र ने नोटिस जारी कर अवैध काम को रुकवाया गया। तब तक एक मंजिला मकान बन चुका था।इस अवैध निर्माण को विनिमित क्षेत्र से ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था लेकिन साल भर बीत जाने के बाद भी अवैध निर्माण जस का तस खड़ा है।

कैस 4 मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास नजूल की भूमि मानचित्र के विपरीत बने भवन में निर्माण के दौरान पार्किंग ना छोड़कर उसमे दुकान बना लिया गया था और सड़क की पटरियों पर सीढ़ी बना लेने से जाम की समस्या बनने लगी। जिसके चलते नियत प्राधिकारी न्यायालय ने निर्माण को ध्वस्त करवाने के निर्देश दिए थे। मुख्य शहर क्षेत्र में जाम की समस्या काफी विकराल होती जा रही है।1958 की धारा दस के अंतर्गत निर्माण गिराए जाने का आदेश पारित किया गया है।लेकिन चौराहे पर बना सिंध बेकर्स परिसर आज भी जस का तस खड़ा हुआ है। और लोग जाम की स्थिति से जस के तस जूझ रहे हैं।

चार जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 04 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया साथ ही 02 प्रकरणों में विधिक कार्यवाही की गयी। श्री गंगाधर शुक्ल, श्री शशि कुमार भारती, श्री यशोदा नन्दन त्रिपाठी, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, म0आ0 ज्योति राजभर व म0का0 शाहिना बानों।

किसी भी साथी के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं : नरेंद्र लाल गुप्ता

पत्रकार समाज कल्याण समिति के कार्यकारिणी का गठन, जिला अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति की जनपद इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई डाक बंगला में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता व संचालन जिला प्रभारी ए आर उस्मानी ने की। बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को 11 बजे से पत्रकार समाज कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हुई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता व जिला प्रभारी ए आर उस्मानी के अलावा शिवानंदन यादव संरक्षक, अनिल यादव व आशीष श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, अशोक पाठक व सुनील तिवारी महासचिव, राकेश गुप्ता महासचिव/कोषाध्यक्ष, जयप्रकाश ओझा व मोनू जायसवाल सचिव, विजय कुमार सोनी संगठन महामंत्री, रघुराज संगठन मंत्री, महबूब अहमद एडवोकेट प्रवक्ता एवं अतुल श्रीवास्तव एडवोकेट को विधि सलाहकार बनाया गया। इसके साथ ही महिला विंग का भी गठन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष सरोज मौर्या व जिला प्रभारी श्रीमती गीता जायसवाल को बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता ने कहा कि संगठन का उद्देश स्पष्ट है। किसी भी पत्रकार साथी के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पत्रकारों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई पत्रकार समाज कल्याण समिति हमेशा मजबूती के साथ लड़ती रही है। जिला प्रभारी ए आर उस्मानी ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर सदस्य का दायित्व है। उन्होंने आगाह भी किया कि निष्क्रिय लोगों को संगठन में कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्हें बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी निष्पक्ष, निर्भीक होकर बेबाकी से खबरों का संकलन करें। इसके साथ ही उन्होंने तथ्यात्मक समाचारों पर बल दिया। कहा कि खबरों को लेकर यदि किसी भी पत्रकार साथी के साथ अन्याय किया गया तो संगठन हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के साथ ही ऋषभ मिश्रा, नंदकुमार, रवि गर्गवंशी, डीएन शुक्ला, मोहित तिवारी, अर्जुन यादव, महेश गोस्वामी, जुगला शरन शुक्ला, विवेक कुमार त्रिपाठी, अनमोल मिश्र, आशीष त्रिपाठी, गौरव यादव, ओमकार पाण्डेय के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, दैनिक बदलता स्वरूप के संपादक पवन जायसवाल, पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय आदि भी मौजूद थे। रविवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता का जन्मदिन था। इस मौके पर पत्रकार साथियों द्वारा पूरे जोश और उत्साह के साथ उनका जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी समेत अन्य पत्रकारों द्वारा केक काटा गया और जिलाध्यक्ष के साथ ही एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशियां साझा की गयीं। सभी ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरयू नदी का बढ़ा जलस्तर, कई गांव बाढ़ की चपेट में

मौके पर जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

लगातार पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश के कारण सरयू नदी के जलस्तर में शनिवार की दोपहर से पानी बढ़ने लगा। जिससे नानपारा तहसील क्षेत्र के सरयू नदी के तटवर्ती इलाकों में धीरे-धीरे बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा। शिवपुर ब्लाक के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए । वही गिर्दा से रामपुर आने वाले मार्ग पर कई जगह कमर के ऊपर तक पानी बह रहा है।

जिसे राहगीरों का आवागमन प्रभावित हो गया है। वही बाढ़ ग्रस्त गांव के ग्रामीणों को इलाज करवाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मुरली पुरवा निवासी

ग्रामीण ने बताया कि घर में बुजुर्ग महिला बीमार थी साधन न होने के कारण किसी तरीके से कंधे पर उठाकर महिला को इलाज करवाने के लिए रामपुर लाया गया। मुरली पुरवा निवासी युवक पेशकार यादव ने बताया कि अभी तक प्रशासन का कोई भी व्यक्ति गांव तक नहीं पहुंचा है। पूरा गांव बाढ़ की चपेट में है वही बाढ़ आने से किसानों की सैकड़ो एकड़ फसल चौपट हो गई है।

घाघरा की बाढ़ मचा रही तबाही, नहीं कम हो रही बाढ़ पीड़ितों की मुश्किलें

मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांव बाढ़ में डुबे, राहत व बचाव कार्य में जुटा तहसील प्रशासन

मिहींपुरवा। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली घाघरा नदी की भीषण बाढ़ तहसील क्षेत्र में भारी तबाही मचा रही है। बाढ़ से तहसील क्षेत्र के अंम्बा, सुजौली, चहलवा, जंगल गुलरिहा, मझरा, गिरगिट्ठी सोमईगौढी व जालीमनगर सहित लगभग आधा दर्जन से ज्यादा गांव प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित गांव के ज्यादातर मजरो में बाढ़ का पानी भर गया है। बाढ़ ने जहां प्रभावित गांवों के हजारों परिवारों के सामने भोजन पानी की भीषण समस्या उत्पन्न की है वहीं गांव के पालतू मवेशियों के सामने भी चारी इत्यादि की विषम समस्या उत्पन्न हो गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य के लिए तहसील प्रशासन व विकास विभाग की टीम के साथ पशुपालन विभाग भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी संजय कुमार, तहसीलदार अंबिका चौधरी, खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक रंजीत कनौजिया, पशु चिकित्साधिकारी जय प्रकाश, नायब तहसीलदार राजदीप यादव व हर्षित पांडेय सहित राजस्व व विकास विभाग की टीम अलग-अलग क्षेत्र में निरंतर राहत कार्य में लगी है। बाढ़ की समस्या के संबंध में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए अलग-अलग जगह भोजन पैकेट बनवाकर वितरण कराया जा रहा है। बाढ़ आश्रय स्थल की भी व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भूसे का वितरण कराया जा रहा है ।

मामूली बात पर दबंगों ने दलित मां-बेटों को जमकर पीटा, वीडियो वायरल

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

- एक दर्जन से अधिक दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा
- घण्टो मचाया उत्पात, बाजार मे मची अफरा तफरी
- दबंगई की चर्चा से व्यापारियों मे भय व्याप्त
- पुलिस ने चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया

रिसिया कस्बे के रेलवे स्टेशन पर समुदाय विशेष के एक दर्जन से अधिक दबंगों की का झुण्ड दलित मा-बेटों पर टूट पडा और सभी दौड़ा-दौड़ाकर बुरी तरह पीटा।इस दौरान अपने बेटों को दबंगों के चंगुल से छुडाने के लिए मां सडक पर राहगीरों से गुहार लगाती रही।घण्टो तक दबंगों के झुण्ड मुख्य चौराहे पर जमकर तांडव मचाया।इस मारपीट की घटना से व्यापारियों मे भी भय व्याप्त हो गया।मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दलित महिला की तहरीर पर चार युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज कर आरोपियों की तालाश कर रही है। रिसिया थाना के गोदनी बसाही निवासी शकुन्तला व उनके पुत्र विघा प्रकाश और सोनू रिसिया कस्बे मे मछली बेचने आये थे।इस दौरान चौराहे पर दुकान से बांट गायब हो गया।इस बात को पास मे ही दुकानदार से पूछने लगा।इस बात से नाराज युवकों ने अन्य युवकों को बुलाकर मां बेटों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया।इस दौरान मार्ग पर भगदड मच गई।अन्य लोग भी वहां से भागने लगे।घण्टों तक दबंगों के झुण्ड ने मुख्य चौराहे पर बवाल कटा।इस दौरान अपने बेटों को दबंगों के चंगुल से छुडाने के लिए राहगीरों से मदद मांगने लगी।किसी तरह दबंगों के चंगुल से आस-पास के लोगों ने मुक्त कराया।इस घटना से मुख्य चौराहे पर अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ददन सिंह ने मोर्चा संभाला। उन्होने दलित महिला शकुतंला की तहरीर पर चार युवकों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया।साथ ही घटना मे शामिल अन्य युवकों की शिनाख्त मे जुटी है।

अवैध बाजार पर दबंगों का कब्जा, हिस्ट्रीशीटर करते हैं वसूली

रिसिया कस्बे मे मुख्य चौराहे पर अवैध बाजार सजता है।जिसके चलते आये दिन राहगीरों पर इन दुकानदारों से तकरार होती है।कई बार इस मामले की शिकायत लोगों ने पुलिस से की है लेकिन कोई कारवाही नही होती है।यहां दबंगो का पहरा रहता है।एक हिस्ट्रीशीटर यहां तह बाजारी वसूलता है।वही रेलवे सुरक्षा बल के जिम्मेदार इस पर मूक दर्शक बने।जब अतिक्रमण हटाने के लिए यहां आते है तो इन दुकानदारों को पूर्व मे ही सूचना मिल जाती है। और जाने के बाद फिर अवैध बाजार सज जाता है।

जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा दुर्गा पूजा महोत्सव : सुदामा

श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन एवं विसर्जन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक शहर के काजीकटरा स्थित महामंत्री सुदामा मिश्रा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने किया।महासमिति के महामंत्री सुदामा मिश्रा ने वर्ष 2022 व वर्ष 2023 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे पदाधिकारियों ने ध्वनिमत से सहमति प्रदान की। महामंत्री सुदामा मिश्रा ने पिछले वर्ष सकुशल विसर्जन

सम्पन्न करवाने के जिला प्रशासन व पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भांति जनपद में इस बार भी आगामी 03 अक्टूबर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा महासमिति दुर्गा पूजा उप समितियों से समन्वय बनाकर आगामी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन व सकुशल विसर्जन के लिए कटिबद्ध है।बैठक में आगे उन्होंने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल जनप्रतिनिधियों के साथ शीघ्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के समन्वय से दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने महासमिति के पदाधिकारियों,सदस्यों से अपील की कि सभी अपना वार्षिक रिनीवल अवश्य करवा लें। महासमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में चंद्रभान सिंह संचित,विनोद कुमार रस्तोगी एडवोकेट, सुधाकर मिश्रा एडवोकेट, शिवशरण सिंह, पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी, आत्माराम यादव,विपिन यज्ञसैनी, रामजी शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला, गौरव तिवारी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा, लव कुमार द्विवेदी, देवेन्द्र कुमार गुप्ता,बैजनाथ रस्तोगी, राजकुमार सोनी, सुरेश गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, विमल मिश्रा मौजूद रहे।

बीएसए ने बलहा व मिहीपुरवा के बीआरसी का किया औचक निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने विकासखंड बलहा और मिहीपुरवा के बीआरसी का औचक निरीक्षण किया। इसके उपरांत एफएलएन प्रशिक्षण के कक्ष में जाकर शिक्षकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और पूछा कि शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग कैसे करेंगे, आंकलन ट्रैक्टर कब और कैसे भरेंगे, शिक्षकों को अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के समय अपने संबोधन में बीएसए आशीष कुमार सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग में सजग और सक्रिय रहकर शैक्षणिक कौशल में संवर्धन लायें ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें । निपुण जिला घोषित किये जाने के लिए सबको पूर्ण प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित भी किया। जिले से बाहर के सभी शिक्षकों को भावनात्मक संबल भी प्रदान किया।

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने किया रक्तदान व पौधरोपण

गोन्डा, समृद्धि न्यूज़। जनपद के उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा (इंजीनियर्स डे) पर रक्तदान व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।इसके सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स के अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 15 सितम्बर को इजिनियर्स डे एवं हृदय सम्राट स्वर्गीय इं0 आर.के.दत्त की पुन्य तिथि भी मनाई गई और रक्तदान व वृक्षारोपण किया गया।इस कार्यक्रम की सभा डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग गोन्डा इं. रामनिवास द्वारा संचालन किया गया। सभा में इं सुग्रीव कुमार प्रसाद, इं. अविनाश भारती,इं. धीरज, इं रमेश, इं. सुधेश कुमार, इं. सरवन कुमार आदि अभियंताओ का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में इं. रामसजीवन, इं. अजय कुमार, इं. दुर्गेश कुमार, इं. शशि कुमार, इं. मनोज कुमार, इं. हेमंत, अमित, राजेन्द्र, शनि कुमार सहित दर्जनों इन्जीनियर्स मौजूद रहे।

दबंगों ने सब्जी व्यवसायी को जमकर पीटा ठेलिया पलटी, चौकी में छिपकर बचाई जान

बहराइच समृद्धि न्यूज़

देहात कोतवाली के बंदरिया बाग निवासी सब्जी व्यवसायी को दबंगों ने जमकर पीटा। इसके बाद दबंगों ने सब्जी लदी ठेलिया पलट दी। सब्जी व्यवसायी ने चौकी के अंदर जाकर जान बचाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के बंदरिया बाग निवासी रईस अहमद सब्जी व्यवसाई है। वह ठेलिया पर सब्जी लगाकर फेरी के द्वारा बिक्री करते हैं। शनिवार रात नौ बजे के आसपास वह देहात कोतवाली क्षेत्र के पानी टंकी के निकट सब्जी बेच रहा था।उसका कहना है कि एक व्यक्ति हरी धनिया के लिए आया। हरी धनिया

400 रुपये किलो बताई। लेकिन उसने 200 रूपये किलो देने की मांग की। इंकार करने पर कुछ देर बाद चार से पांच की संख्या में दबंग आए। लाठी से हमला कर ठेलिया गिरा दिया। जिससे सभी सब बिखर गई। व्यवसाई ने पानी टंकी स्थित चौकी के अंदर छिपकर जान बचाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कलाम फाउंडेशन नें उठाया हिंदी के संरक्षण एवं संवर्धन का जिम्मा

हिंदी दिवस के अवसर पर सैकड़ों हिंदी एवं संस्कृत साहित्य के शिक्षकों का किया सम्मान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सामाजिक सरोकारों एवं निरंतर समाज सेवा में संलग्न सामाजिक संस्था कलाम फाउंडेशन के द्वारा बहराइच शहर में स्थित विजय लॉन में हिंदी दिवस के सुअवसर पर काव्य संध्या एवं हिंदी साहित्य के शिक्षकों के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। जिसमे कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह

विशेन, संरक्षक डॉ मेजर एस पी सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दिव्या पोरवाल पत्रकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संरक्षक भागवत शुक्ला शिक्षक प्रकोष्ठ के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद एवं एन.डी.अवस्थी कलम फाउंडेशन प्रदेश सचिव संजय सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा हिंदी साहित्य के विभिन्न विद्यालयों के सेवानिवृत एवं कार्यरत शिक्षकों को माल्यार्पण कर सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एक भव्य काव्य संध्या आयोजन किया गया जिसमें बहराइच के अपने आँगन के कवि,अधिवक्ता व पत्रकार योगेंद्र योगी, प्रतापगढ़ से पधारे कवि रविकांत कुंदन, रोहित राहिल , बाल कवयित्री अपूर्वा सिंह विसेन,ऋचा मिश्रा रोली, बहराइच की मशहूर शायरा तमन्ना दिलकश, बलरामपुर से पधारी हुई कवित्री ममता सिंह परिहार,कविता पाण्डेय आदि की प्रस्तुतियां नें श्रोताओं एवं उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह,हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ नीरज पाण्डेय, वरिष्ठ कवि एवं सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार सिंह रैकवार , विजय सिंह रैकवार ,प्रवक्ता विनय प्रताप सिंह, राम रघुबंश मणि शुक्ल,गहन मानस प्रेमी शिक्षक पंडित पुण्डरीक पाण्डेय,सज्जन मिश्र,मणिकांत मिश्र,एडीजीसी राजस्व अतुल गौड़,सामाजिक कार्यकर्त्ता योगेंद्र मणी, सामाजिक कार्यकर्त्ता निशा शर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

सम्मानित किए गए कर्मयोगी शिक्षक इंद्राज सिंह

विशेष सम्मान की श्रेणी में 21 वर्षों से बिना किसी वेतन के कुण्डासर के उच्च प्राथमिक विद्यालय से 2003 में सेवानिवृत शिक्षक इन्द्रराज सिंह को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। इन्द्रराज सिंह प्रतिदिन 81 वर्ष की अवस्था में भी साईकिल चलाकर प्रतिदिन विद्यालय जाते है और बच्चों को निशुल्क शिक्षित कर रहे है, ये कार्य कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता। गुरुकुल की परम्परा का साक्षात्कार कराते इन्द्र राज सिंह भविष्य के शिक्षकों की प्रेरणा है।

प्रेमिका ने नहीं उठाया फोन तो प्रेमी ने काट ली हाथ की नस

ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में प्रेमिका ने प्रेमी का फोन नहीं उठाया तो उसने अपने हाथ की नस काट ली। प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को कई फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ तो उसने मोबाइल पटक कर तोड़ दिया और ब्लेड से अपने कलाई की नस को कई जगह से काट डाला। छोटे भाई ने प्रेमी को लहुलुहान हालत में सीचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।जानकारी के मुताबिक प्रेमिका किसी बात से नाराज़ थी और प्रेमी का फोन नहीं उठा रही थी।

मामला ऊँचाहार कोतवाली इलाके के गंगेरा गुलालगंज का है। यहाँ के रहने वाले चौबीस वर्षीय अंकेश मिश्रा का किसी लड़की से अफेयर है। परिजनों के मुताबिक लड़की से कुछ अनबन हो गई थी जिससे अंकेश उसे बार बार फोन कर रहा था लेकिन प्रेमिका फोन रिसीव नहीं कर रही थी। इसी बात से आहत प्रेमी अंकेश ने अपना फोन पटख कर तोड़ दिया और छोटे भाई का फ़ोन लेकर कमरे में चला गया। यहाँ अंकेश ने अपने कलाई की नस कई जगह से काट ली।

उधर छोटा भाई अभिषेक मिश्रा अपना फोन ढूंढते हुए कमरे में पहुंचा तो अंकेश लहुलुहान हालत में बेड पर लेटा था। छोटे भाई ने अंकेश की ऐसी हालत देख तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और सीएचसी ऊँचाहर में भर्ती कराया। यहाँ चिकित्साकों ने प्रेमी अंकेश की हालत खतरे से बाहर बताई है।भाई अभिषेक मिश्रा ने बताया कि हो सकता है की लड़की का कुछ चक्कर चल रहा था इसलिए नस काट ली है।सीएचसी, ऊँचाहार के मेडिकल आफिसर डॉक्टर एस के सिंह ने बताया कि एक युवक आया है। उसके हाथ में कट के निशान हैं। कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है किस चीज का निशान है फिर भी इलाज किया जा रहा है।

गला रेत कर की आत्महत्या, हड़कंप

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के चम्मपतपुर महाखेडा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में गलारेत कर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बीमारी से तंग आकर युवक ने उठाया यह कदम जैसे ही इसकी जानकारी घर वालों को हुई तो आनन फानन सीएचसी लालगंज लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया क्षेत्र के रहने वाले राजू पुत्र राम प्रसाद उम्र लगभग 45 वर्ष निवाशी चम्मपतपुर महाखेड़ा जोकि अपने घर में आत्महत्या कर ली जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस को हुई तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना से घर वालों को रो-रोकर बुरा हाल है।

वन जेल-वन प्रोडक्ट के तहत तराशी जा रही प्रतिभा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- कैदियों ने बनाया सुप्रीम कोर्ट का मॉडल
- घर, बुक शेल्फ से लेकर मंदिर तक बनाया
- कैदियों की योग्यता को प्रदर्शित करना मकसद

राज्य सरकार की योजना वन जेल, वन प्रोडक्ट के तहत जिला जेल प्रशासन ने विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला सत्र न्यायालय में प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में जेल के बंदियों द्वारा तैयार हस्तकला और मिट्टी से बनी कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर न्यायाधीश अनुपम शोर्य भी मौजूद रहे। प्रदर्शनी में लकड़ी से बना सुप्रीम कोर्ट का मॉडल प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी ने खूब सराहा। इसके अलावा मिट्टी के बर्तन और विभिन्न मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

प्रदर्शनी के बारे में कार्यकारी जेल प्रभारी जेलर हिमांशु रौतला ने बताया कि यह प्रदर्शनी वन जेल, वन प्रोडक्ट के तहत बंदियों द्वारा लगाई गई थी। प्रदर्शनी का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से किया गया। इस प्रदर्शनी में क्ले आर्ट और वन जेल, वन प्रोडक्ट के तहत क्ले आर्ट और काष्ठ कला के तहत बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए गए। जेल में बंद कैदी सदाशिव ने काष्ठ कला के जरिए घर, बुक शेल्फ, क्रॉस फ्लेक्स और मंदिर बनाए हैं। कैदी मनोज ने क्ले आर्ट के जरिए अलग-अलग आकृतियों में फूलों के गमले बनाए हैं। इसके अलावा रथ, छोटी बोतलें और गमले भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हमारे जेल में बंद एक पूर्व कैदी ने सुप्रीम कोर्ट का मॉडल बनाया था। जो अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ है। इसकी फिनिशिंग होनी बाकी है। उन्होंने बताया कि कैदियों की योग्यता को प्रदर्शित करने के लिए ऐसा किया गया। इनके माध्यम से जो भी प्रोडक्ट बिकते हैं उसके पैसे से जेल में रॉ मेटेरियल पर खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि कैदियों द्वारा इन उत्पादों को बनाने का उद्देश्य उनकी कला को निखारना है ताकि जेल से बाहर आने के बाद वे सामान्य नागरिक की तरह इस कला के सहारे अपना व्यवसाय चला सकें।

खबरें एक नजर में

युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज। एक युवक ने शनिवार की रात रेलवे क्रासिंग पर अपनी बाइक खड़ी की। उसके बाद आउटर सिंगनल के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी। अगले दिन सुबह युवक की पहचान हो पाई। घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। यह घटना ऊंचाहार रायबरेली रेलखंड पर सवैयाधनी रेलवे क्रासिंग के पास हुई हैशनिवार की रात करीब दस बजे एक युवक बाइक से रेलवे क्रासिंग पर पहुंचा और उसने अपनी बाइक क्रासिंग के पास खड़ी करके पैदल ऊंचाहार की ओर चल दिया। गेट मैन भी उसकी मंशा नहीं भांप पाया। उसी समय कानपुर से ऊंचाहार होते हुए पैसेंजर ट्रेन रायबरेली जा रही थी। युवक ने इसी ट्रेन से कटकर जान दे दी। युवक की मौत की सूचना ट्रेन के लोको पायलट द्वारा स्टेशन को दी गई। इस सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और युवक की पहचान करने की कोशिश की, किंतु युवक की रात में शिनाख्त नहीं हो पाई। रविवार की सुबह युवक की पहचान ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत के गांव नई बस्ती इमलिहा पुरवा निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। युवक के गांव से घटना स्थल की दूरी करीब पांच किमी है।

श्री दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला में हुआ भगवान वामन जी का भव्य प्रकटोत्सव कार्यक्रम

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। उतरौला बाजार में स्थित बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर में भगवान श्री हरि विष्णु के पाँचवें अवतार, श्री वामन भगवान जी का प्रकटोत्सव अत्यंत भव्यता और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान वामन जी की आरती, स्तुति, और भजनों का आनंद लिया।
समारोह के दौरान भक्तों ने मंदिर परिसर में श्री ठाकुर जी की परिक्रमा की, जिसे विशेष रूप से सजाया गया था। भक्तों ने भगवान वामन जी के भजनों और आरती में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजा के पश्चात, सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख स्थानीय नागरिकों,धार्मिक नेताओं और जय बाबा श्री दुःखहरण नाथ मंदिर सेवा समिति उतरौला के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस उत्सव को और भी भव्य बना दिया। पूरे नगर में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा, जहां हर उम्र के लोग भगवान वामन जी के प्रकटोत्सव का आनंद लेते हुए देखे गए। इस प्रकार के आयोजन से समाज में धार्मिक भावना और एकता की भावना और मजबूत होती है, जहां लोग एक साथ आकर भक्ति और श्रद्धा के साथ भगवान की पूजा करते हैं।

जुलूस-ए-मोहम्मदी की शानदार तैयारी

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। बारह रबी-उल-अव्वल के मुबारक मौके पर रविवार की शाम शहर को आलीशान तरीके से सजाया गया, और आज निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी की तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। इस मुबारक मौके पर बाज़ारों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर जगह रौनक छाई हुई है। प्रशासन की जानिब से भी सिक्योरिटी के खास इंतिज़ामात किए गए हैं, ताकि कोई नाखुशगवार वाकिया पेश न आए। पैग़म्बर-ए-इस्लाम, हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा (सल्ल.) की यौम-ए-विलादत के मौके पर मीना सुन्नी जामा मस्जिद को खास अंदाज में सजाया गया है। हर जगह हरे झंडे लहराए जा चुके हैं और झंडियों, फूलों और झालरों से शाही सजावट की गई है। मकामी बाज़ार में एक विशाल गेट का निर्माण किया गया है, और पूरे इलाके को रंग-बिरंगी लाइटिंग और खूबसूरत फूलों से सजाया गया है। इस्लामी झंडों और बैनरों से सजी दुकानों ने लोगों की तवज्जो अपनी तरफ खींची हुई है। मुस्लिम बिरादरी में बारह रबी-उल-अव्वल का त्यौहार खास एहमियत रखता है। आज का जुलूस-ए-मोहम्मदी इस पूरे इवेंट का सबसे बड़ा मरकज़ रहेगा, और इसे लेकर बीते कल से ही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महदेइया बाज़ार, चमरूपुर, रूखी, मझारी, बनगवां, कुरकुटपुरवा और दूसरे गांवों में भी जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी की तैयारियों का जोशो-ख़रोश देखने को मिल रहा है। मस्जिद-ए-मोहम्मदी की तस्वीरें और बोर्ड भी सजाए गए हैं। महदेइया बाज़ार में बनाये गए भव्य गेट के अलावा, जगह-जगह रंगीन झंडियां और झालरें लगाई गई हैं। पूरे बाज़ार को रोशनी, फूलों और झालरों से खास तौर पर सजाया गया है। जुलूस में शामिल होने वाले वाहनों को भी रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। बनगवां जाने वाले रास्ते पर भी भव्य गेट और झंडियों की सजावट की गई है। नौजवानों में खासा जोश दिखाई दे रहा है और वे बड़े शिद्दत से सजावट को मुकम्मल करने में लगे हुए हैं।

पुराने समझौते को लेकर मारपीट

सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे के वार्ड नंबर पांच में पुराने समझौते को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। जिसका मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। वार्ड नंबर पांच निवासी दीपक का अपने पड़ोसी चंदन से किसी मामले को लेकर समझौता हुआ था। इसी समझौते को लेकर शनिवार की शाम दोनों में विवाद हो गया। जिस पर चंदन ने दीपक को डंडे से जमकर मारा पीटा। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। पीड़ित दीपक ने आरोपी चंदन के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हिंदुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

प्रज्ञा एकेडमी में हिंदी दिवस पर सम्पन्न हुआ शानदार कवि सम्मेलन

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

हिंदी हमारी भाषा है और हमारी शान है। हमारा कर्तव्य है कि हम हिंदी को उचित सम्मान दें और नई पीढ़ी को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित करें। उक्त विचार प्रज्ञा एकेडमी के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी भुजंग भूषण शर्मा ने हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

बताते चलें कि जनपद के लालगंज विकास क्षेत्र के शेखवा पुर स्थित प्रज्ञा एकेडमी में हिंदी दिवस पर शानदार कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसमें आए हुए कवियों और मुख्य अतिथि को संस्थापक भुजंग भूषण शर्मा और प्रबंधक भालेन्द्र शर्मा ने माल्यार्पण,अंगवस्त्र और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में कवि वाई.पी. सिंह ने पढ़ा कि पर हित में रहते लगे, जिनके दोनों हाथ। करता उन पर ही दया सदा त्रिलोकी नाथ। ये पंक्तियाँ उपस्थित लोगों को खूब पसंद आई। इसी क्रम में डॉ विनय भदौरिया ने पढ़ा कि- उतना डरता नहीं बंधु मै उस जहरीले सांप से। जितना ज्यादा भय लगता है इनसे उनसे आप से।। इसी क्रम में कवि शिवतोष संघर्षी ने पढ़ा कि - नहीं जाता मंदिर मस्जिद चर्च या गुरुद्वारा, जब तक मेरी माँ घर पर है मुझे कहीं जाने की जरूरत नहीं है। इसी क्रम में सुनील सरगम ने पढ़ा - कलम कमंडल अरु कृपाण की धरती ये अलबेली है। तुफानो से खेली है ये मेरी रायबरेली है। इसी क्रम में दीप अमन ने न कोई भाषा न कोई मजहब न कोई धर्म ये हिन्दी है, मानवता है धर्म हमारा, कर्म हमारी हिन्दी है। इसी क्रम में डॉ शैलेश प्रताप सिंह ने पढ़ा - नफ़रतों के इन अंधेरो को मिटाया जाये। चराग दिल में मोहब्बत का जलाया जाये ।। बुराई ले के भी देते हैं जो अच्छाई हमें। घर के आँगन में वही पेड़ लगाया जाये।। सभी कवियों के कविता पाठ पर उपस्थित लोगों ने जम कर तालियां बजाई और सराहना की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ बी एन विश्वकर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ महादेव सिंह ने की और कार्यक्रम का प्रारम्भिक संचालन ममता शर्मा ने और कवि सम्मेलन का संचालन युवा कवि वाई पी सिंह ने किया। आए हुए लोगों का आभार प्रदर्शन संस्थापक भुजंग भूषण शर्मा ने किया। इस मौके पर भूपेंद्र,आशीष मिश्र और आदर्श तिवारी साहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मरीज के लिए अमृत बने प्रभात साहू

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली रोड पर स्थित पल्स हॉस्पिटल में मुक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व महाराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने फीता काटकर किया। शिविर में सैकड़ो लोगों का मुक्त स्वास्थ्य जांच हुआ इलाज का लाभ उठाया क्लिनिक संचालक डॉक्टर साजिद अली ने बताया कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्हें जब भी मौका मिलता है इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करते हैं जिससे अब तक सैकड़ो लोग लाभान्वित हो चुके हैं ।शिविर में 120 मरीज का ब्लड प्रेशर शुगर ब्लड प्रेशर यूरिन टेस्ट एवं अन्य बीमारियों की जांच पड़ताल कर मुक्त चिकित्सा एवं सेवा का लाभ दिया गया और मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की गई। प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा निशुल्क शिविर में आए हुए मरीजों से बातचीत की और डॉक्टर के परामर्श से अपने हाथों से उन्हें दवाइयां भी वितरित की। शिविर में आए लोगों को बीमारी एवं आपातकालीन स्थित मे बचाव के टिप्स भी बताएं।

सैनिक स्कूल व आरएमएस स्कॉलरशिप टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न

- भूतपूर्व आर्मी कैप्टन आनंद प्रकाश ने प्रतिभागी छात्रों को किया जागरूक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ऑफिसर कैडर अकादमी द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल और आरएमएस प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष स्कॉलरशिप टेस्ट शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ इस टेस्ट में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ऑफिसर कैडर अकादमी सैनिक स्कूल आरआईएमसी, आरएमएस और जवाहर नवोदय विद्यालय की तैयारी के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शन और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व आर्मी कैप्टन आनंद प्रकाश ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण के माध्यम से छात्रों को कठिन परिश्रम अनुशासन और लक्ष्य प्राप्त के महत्व पर मार्गदर्शन दिया बताया कि सेना में ऑफिसर बनने के सपने को अभी से कैसे पूरा किया जा सकता है और आने वाले समय के लिए तैयार हुआ जा सकता है। ऑफिसर कैडर अकादमी के डायरेक्टर श्री विपिन कुमार और उनकी अनुभवी टीम ने इस स्कॉलरशिप टेस्ट के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आगामी बच्चें व अभिवावक शामिल रहे।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मरीजों को मिला स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर, डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नचौरा और पिपरा में आयोजित स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेलों में प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की और उपस्थित चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद स्थापित किया। इस मौके पर उन्होंने मरीजों से भी बात की और उनके अनुभवों को जाना, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन मेलों के दौरान कुल 2390 लाभार्थियों का उपचार किया गया। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए परामर्श, जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मेलों में मरीजों के लिए निःशुल्क जांचें, दवाइयां और अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।

हनुमान मंदिर से लाखों के जेवरात व नकदी गायब

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गजनीपुर मजरे टीसाखानापुर गांव में मौजूद सुप्रसिद्ध रामभंजन धाम मंदिर में शनिवार रात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के कीमत के जेवरात व दान पात्र की नकदी चुरा ली। घटना के बाद महाराजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। मंदिर के पुजारी की शिकायत पर मामला दर्ज करके चोरों की तलाश में जुट गई है।

चोरों ने दानपेटी के ताले काटे, आभूषण भी गायब

महराजगंज थाने के गजनीपुर निवासी रामकुमार यादव ने बताया कि वह मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। रविवार की सुबह जब वह पूजा करने मंदिर आए तो देखा कि मंदिर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी की मूर्ति पर लगे सोने के आभूषण गायब थे। सामान बिखरा पड़ा था। हनुमान जी के दो छत्र, चांदी व अन्य धातु के सामान गायब थे। इसके अलावा सोने का लॉकेट भी गायब था। दानपेटी के भी ताले कटे हुए थे, जिसमें 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी थी।

भोलेनाथ के मंदिर के पीछे छोड़ी पंच धातु की मूर्ति

रामकुमार यादव ने बताया कि करीब 35 से 40 लाख का नुकसान हुआ है। चोर भगवान की पंच धातु की मूर्ति भी ले जाने की फिराक में थे लेकिन वे उसे भोलेनाथ के मंदिर के पीछे छोड़कर चले गए। हमने 112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर आई। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। इस मामले में महराजगंज कोतवाल बालेंद्र गौतम ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश की जा रही है।

हाईटेंशन लाइन के नीचे गार्डिंग वायर की कमी, बड़े हादसे का मंडरा रहा खतरा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के विकास खंड श्रीदत्तगंज के महदेईया बाजार में मुख्य बाजार से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा के लिए गार्डिंग वायर अब तक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यह भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत आवश्यक है। काफी पुरानी होने के कारण इस लाइन में फाल्ट आने की संभावना बनी रहती है। आए दिन सब स्टेशन जिगना द्वारा तार टूटने की सूचना मिलती रहती है, बावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारी इस स्थिति को नजरअंदाज कर रहे हैं और किसी बड़े हादसे का इंतजार करते दिख रहे हैं।

नियमों के अनुसार, हाईटेंशन लाइन के तारों के नीचे सुरक्षा गार्डिंग लगाना अनिवार्य होता है, ताकि तारों के झूलने या टूटने की स्थिति में तार जमीन पर न गिरें और किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। इसके बावजूद, महदेईया बाजार समेत कई अन्य स्थानों पर बिजली विभाग ने अब तक गार्डिंग नहीं लगाई है। इससे पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। महदेईया बाजार के बीचों-बीच से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन, खासकर उतरौला-गोंडा रोड और मछली मंडी के पास, पर गार्डिंग वायर नहीं लगाए गए हैं। इस मार्ग से रोजाना रोडवेज बसों के अलावा सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, और यात्रियों का आवागमन लगातार बना रहता है। बुधवार को साप्ताहिक बाजार में सैकड़ों लोग इकट्ठा होते हैं। ऐसे में अगर लाइन में फाल्ट होता है, तो तार सीधे जमीन पर गिरने का खतरा है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

इसी तरह की स्थिति नहर की ओर जाने वाले मार्ग पर भी है, जहां से रोजाना लोग और वाहन गुजरते हैं, लेकिन यहां भी गार्डिंग वायर नहीं लगाए गए हैं। कई बार तार टूटकर गिर चुके हैं, जिससे किसानों की फसलें जलकर राख हो चुकी हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने गार्डिंग वायर लगाने की जरूरत महसूस नहीं की है।

क्षेत्र के निवासियों दिलीप, इलियास, अफजल, नफीस, सोनू, राम प्रकाश, अजय, मुशाहिद रजा, खालिद, शादाब आदि ने उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द गार्डिंग वायर लगाने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पीड़ित ने अवैध कब्जे के खिलाफ एसपी से लगाई न्याय की गुहार

उतरौला (बलरामपुर)। थाना गैड़ास बुजुर्ग के ग्राम दुधरा निवासी जनकराम ने पुलिस अधीक्षक बलरामपुर से न्याय की गुहार लगाई है, जिसमें उन्होंने न्यायालय में चल रहे मामले पर अवैध हस्तक्षेप रोकने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम दुधरा की गाटा संख्या 916/02040 के वरासत का मामला उपजिलाधिकारी न्यायिक उतरौला की अदालत में विचाराधीन है, जहां न्यायालय ने तहसीलदार के आदेश के क्रियान्वयन को स्थगित कर दिया है और इसकी अंकना खतौनी में दर्ज की गई है। इसके बावजूद, विपक्षी बेचन ने मुकदमे के दौरान अवैध रूप से उक्त भूमि का बैनामा महेश कुमार पुत्र कल्लू के नाम कर दिया है। पीड़ित का कहना है कि इस भूमि पर पहले से उनके भाई का कब्जा था, लेकिन स्थानीय पुलिस की शह पर बेचन और कल्लू ने इंगल लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जनकराम ने पुलिस अधीक्षक से उक्त भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है और उचित न्याय की अपील की है। पीड़ित की इस शिकायत से यह मामला प्रशासनिक अधिकारियों के सामने आया है, जो न्यायालय के आदेशों के पालन और भूमि विवादों में न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का संकेत है।

निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर बलरामपुर फर्स्ट के तत्वावधान में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग संस्थान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पारम्परिक ज्ञान से आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस तक विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अभ्युदय कोचिंग संस्थान के 100 से अधिक प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व को समझाते हुए बलरामपुर फर्स्ट के सर्वेश सिंह ने कहा की हिंदी भाषा सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कार की महत्वपूर्ण कड़ी है। हिंदी भाषा के प्रवाह से हमारे सांस्कृतिक विचार सशक्त होंगे जो एक सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा ही हमारे पारंपरिक ज्ञान को आधुनिकतम ज्ञान के रूप में परिष्कृत कर सकता है इसलिए हिंदी भाषा को समृद्ध और सशक्त बनाना हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। अभ्युदय कोचिंग संस्थान के कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह ने कहा कि किसी भी भाषा का ज्ञान रखना अच्छी बात है लेकिन हिंदी भाषा को उपेक्षित कर किसी अन्य भाषा को प्राथमिकता देना अपनी संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान से विमुख होने जैसा है। उन्होंने कहा देश के सांस्कृतिक उत्थान के लिए हिंदी भाषा को समृद्ध बनाना आवश्यक है और हम सबको हिंदी भाषा पर गर्व करने की जरूरत है। इस अवसर पर मनोज उपाध्याय,सुजीत शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

पिपराराम से तिलखी-महुवाधनी मार्ग की स्थिति जर्जर, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

उतरौला (बलरामपुर) पिपराराम से तिलखी होते हुए महुवाधनी को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनकी वजह से यह मार्ग अब लगभग अप्रवेशनीय हो चुका है। इस रास्ते से हजारों लोगों का रोजाना आना-जाना होता है, और खराब सड़क स्थिति ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

स्थिति तब और बदतर हो जाती है जब मामूली सी बारिश के बाद सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे गड्ढों में पानी भर जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सड़क की दुर्दशा और प्रशासन की लापरवाही से नाराज होकर ग्रामीणों ने हाल ही में प्रदर्शन किया और सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे इस मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए लंबे समय से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज न ही जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रही है और न ही संबंधित अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान दिया है। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों विनोद कुमार, देवी प्रसाद, देवेंद्र मिश्र, भागवत प्रसाद मिश्रा, राम सुरेश निषाद, हरिकिशन, शेषराम मौर्या, साधू शरण, और मोतीलाल आदि ने बताया कि खराब सड़क के कारण लोगों को रोजाना कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि इस सड़क की मरम्मत न केवल उनकी आवागमन की सुविधा के लिए जरूरी है, बल्कि इसे जल्द से जल्द ठीक न किया गया तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें और इस जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण जल्द से जल्द सुनिश्चित करें ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

लुप्त होती जा रही चारपाई बुनाई व्यवस्था

उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

लुप्त होती जा रही है पुरानी व्यवस्था, नए उम्र के लोगों को नही आता चारपाई की बुनाई करना। और नई उम्र वाले सीखना भीं जरूरी नहीं समझते।

पुराने समय में चारपाई का अपना एक महत्त्व था, हर संभ्रांत आदमी के घर पर एसी चारपाई पाई जाती थी लेकिन समय के साथ विलुप्त होती जा रही है बुनाई का कौशल। पलंग के नाम से प्रसिद्ध ऐ चारपाई लोगों के आन बान शान की पहचान होती थी। रिश्तेदार हों या फिर कोइ वीआईपी आदमी उसी के लिए लोग बिछाते थे चारपाई। विभिन्न प्रकार से इसकी बुनाई होती थीं किंतु बदलते परिवेश में बेड, डबल बेड, दीवान, मशेहरी ने चारपाई के स्थान ले लिया। ग्राम हरकिशन के पुर्व प्रधान अलाउद्दीन खां ने बताया कि जो कुछ पुराने लोग है उन्ही को जानकारी है उनके न रहने पर चारपाई क्या होती है ऐ इतिहास के पन्नो में सिमट जाएगा।

आर्थिक तंत्र पर बोझ बनती प्राकृतिक विपदाएं

आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से सदैव से बाहर होती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है। आर्थिक तंत्र,विकास नष्ट हो जाते हैं। आपदा की विद्रूपता, भयानक स्वरूप एवं निरंतरता मानव जीवन और समाज और देश को बड़ी हानि पहुंचाकर उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जातें हैं। आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर अन्य आपदाओं के साथ सतर्क होकर कार्रवाई की जानी चाहिए। आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग के व्यक्ति तथा मजदूर तबके के व्यक्ति प्रभावित होतें हैं उनकी दिनचर्या सामूहिक रूप से छिन्न–भिन्न हो जाती है आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका की एक बडी विडंबना सताने लगती है। भारत के भू भाग का लगभग 58 : क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68 : भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यत: शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12 : है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना रहती है। भारत नें विश्व के साथ–साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लडी है, यह कोविड–19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया था। अनपेक्षित आपदाओं का पूर्वानुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ–साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

चिंता का सबब बनता ओजोन परत का क्षरण

योगेश कुमार गोयल

विश्व ओजोन दिवस (16 सितम्बर) पर विशेष

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा।

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है।

प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का विषय है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल- जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाना'। विश्व ओजोन दिवस का यह विषय ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु कार्यवाही पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं।

दरअसल, ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना-सा आवरण है।

यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

विचार

बॉलीवुड के अनकहे किस्से : याद हरफनमौला ए.के. हंगल की

अजय कुमार शर्मा

अवतार कृष्ण हंगल उर्फ ए.के. हंगल हिंदी सिनेमा के जाने-माने चरित्र अभिनेता थे। पेशावर के रहने वाले ए.के. हंगल विभाजन के समय कराची में थे और कम्युनिस्ट पार्टी में सक्रिय होने के कारण पाकिस्तानी सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया था। राजनैतिक कैदी के रूप में उन्हें लंबा समय वहां गुजरना पड़ा। सांप्रदायिक आधार पर कैदियों की अदला-बदली के आधार पर उन्हें नवंबर 1949 में छोड़ा गया।

ए.के. हंगल की मां की मृत्यु जब वह चार या पांच साल के थे तब सियालकोट स्थित उनके मामा के घर हो गई थी, जहां वे हर साल गर्मी की छुट्टियां मनाने जाते थे। उनके पूर्वज कश्मीरी पंडित थे और लखनऊ आकर बस गए थे और फिर वहीं से पंडित दयाकिशन हंगल यानी कि उनके दादा लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व पेशावर आकर बस गए थे। ए.के. हंगल की दो बड़ी बहनें थी, जिन्होंने उनकी माता की मृत्यु के बाद उनका लालन-पालन किया। उनके पिता पर पुनर्विवाह का बहुत दबाव था लेकिन उन्होंने दूसरा विवाह नहीं किया। उनकी प्राथमिक शिक्षा पेशावर में हुई। इस बीच उन्होंने बांसुरी बजाना सीख लिया था और वह स्केच यानी रेखांकन भी किया करते थे। वे पढ़ाई में खास अच्छे नहीं थे और किसी तरह खालसा हाई स्कूल से तृतीय श्रेणी में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा पास की और उसके बाद पढ़ना-लिखना बंद कर दिया। उनके पिता उनको ब्रिटिश सरकार में सरकारी नौकरी दिलाना चाहते थे लेकिन उन्होंने मना कर दिया। तभी उनके पिताजी के एक दोस्त के बेटे ने जो इंग्लैंड से आया था उनसे दर्जी का काम सीखने के लिए कहा।

हंगल को तो यह बात पसंद आई लेकिन उनके पिताजी को यह काम छोटा लगा। तब अपनी बहन के सहयोग से उन्होंने दिल्ली में लंदन से प्रशिक्षित एक व्यक्ति से दो वर्ष में यह कोर्स पूरा किया।उस जमाने में भी इसकी फीस 500 रुपए थी। काम सीख कर वह पेशावर वापस लौटे और उन्होंने अपनी दर्जी की दुकान खोल ली। पिताजी ने किशोरावस्था में ही उनकी शादी कर दी थी। इस बीच संगीत और नाटक के प्रति उनकी रुचि फिर जागृत हुई तो उन्होंने उस्ताद खुदाबख्श से बकायदा संगीत का प्रशिक्षण लेना शुरू किया।

बाद में उन्होंने महाराज विशिनदास से तबला बजाना भी सीखा। उनके घर के पास ही एक श्री संगीत प्रिय मंडल था जिसके साथ वह नाटक भी करने लगे। 1938- 39 की बात है जब उन्होंने जुल्म ए कंस नाटक में नारद मुनि की भूमिका निभाई। यहां उन्होंने कई गीत भी गाने पड़े जो उन्होंने बहुत अच्छे ढंग से गाए। इसके चलते पेशावर में नए-नए खुले आकाशवाणी केंद्र में भी गाना शुरू कर दिया। इधर इनकी एक बहन जिसकी शादी नहीं हुई थी, उनकी मृत्यु से वह और उनके पिता बहुत आहत हुए और उन्होंने पेशावर शहर छोड़ कर कराची बसने का निर्णय लिया जो कि पेशावर की तुलना में उन्नत शहर था।

पेशावर से दो दिनों की ट्रेन यात्रा कर यह लोग कराची पहुंच गए। कराची स्टेशन पर उनको लेने उनके साले आए थे जो बहुत ही सुंदर थे और अपनी मुस्लिम पत्नी के साथ कराची में ही रहते थे। वह एक रेस्टोरेंट और कैफे के मालिक थे जो ब्रिटिश छावनी में चलता था और अंग्रेजों को पसंद था। यहां उन्होंने पहली बार पक्की और साफ-सुथरी सड़कें और उस पर ट्राम चलती देखी और फॉक पहने लड़कियों को भी देखा। यहां पर भी उन्होंने कुछ दिन अपनी दुकान खोली और फिर वहां के सबसे बड़े कपड़ा व्यापारी और दर्जी इस्सर दास एण्ड संस के यहां कटर का काम करने लगे। उस जमाने में उनका वेतन 450 रुपए महीना था। वह मुख्य कटर से और 10 लोग उनके नीचे कार्य करते थे। आर्थिक हालात सुधरने के बाद उन्होंने फिर नाटक आदि में काम करना शुरू किया। उन्होंने कुछ नाटक भी लिखे। इस बीच वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बन गए। वह जहां नौकरी करते थे वहां उनको तो छुट्टियां और दूसरी सुविधाएं थीं लेकिन वहां के अन्य कर्मचारियों को नहीं थी तो उन्होंने वहां एक यूनियन बनाई और इसका परिणाम यह हुआ कि उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया।

आजादी के समय वह पाकिस्तान में ही थे। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के सांस्कृतिक दल इंडियन पीपल्स थियेटर एशोसियन यानी इप्टा के 1947 में अहमदाबाद में हुए वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने के लिए वे कराची से यहां आए। यहां उनकी मुलाकात ख्वाजा अहमद अब्बास, बलराज साहनी, डॉ. राजाराम, दीना पाठक आदि से हुई और तुरंत ही दोस्ती हो गई। लेकिन उधर कराची में दंगे शुरू हो गए। किसी तरह अपने शहर पहुंचे और अपने मुस्लिम दोस्तों की सहायता से अपने परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई। इस बीच पाकिस्तान सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और कराची के सेंट्रल जेल में रखा। शुरू में 6 महीने की जेल हुई जो आगे बढ़ती रही। अंत में रिहा होकर वह नवंबर 1949 में बंबई पहुंचे। उनकी पत्नी मनोरमा और उनका 9 वर्षीय पुत्र विजय उनके साथ था। उन्हें बंबई में कराची के कई मित्र मिले और वे मैरीन ड्राइव पर एक बड़ी कपड़े की दुकान पर कटर का काम करने लगे।

कमला-ट्रम्प डिबेट : किसकी हुई जीत, क्या हैं इसके निहितार्थ

ललित मोहन बंसल

अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट में हार-जीत को डोनाल्ड ट्रम्प ने बहस का मुद्दा बना लिया है। उन्होंने समर्थकों में यह कहना शुरू कर दिया है कि उनके साथ धोखा हुआ। एबीसी टीवी नेटवर्क की टीम के दो और कमला हैरिस, तीनों ने साँठगाँठ कर उनके साथ धोखाधड़ी की, फिर भी जीते वही हैं। उन्होंने यह भी कहना शुरू कर दिया है कि 'बस, अब वह कमला के साथ और डिबेट नहीं करेंगे।' असल में डोनाल्ड ट्रम्प सोच कर तो यह चले थे कि वह एक नवागंतुक कमला हैरिस पर कड़े आक्षेप लगा कर डिबेट जीत लेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। कमला मंच पर आते ही जैसे ही शिष्टाचारवश हाथ मिलाने ट्रम्प तक पहुँची, उन्होंने यह कहकर उपहास उड़ाने की कोशिश की, '...डिबेट का मज़ा लें। इसके बाद तो करीब डेढ़ घंटे तक एबीसी नेटवर्क के दोनों संवाददाताओं के सवालों पर कैलिफ़ोर्निया में स्टेट अटॉर्नी जनरल रहीं कमला हैरिस ने अपने सीधे-सपाट जवाबों से ट्रम्प को कटघरे में खड़ा कर दिया। यह भी पता चला कि ट्रम्प ने बाइडन-कमला हैरिस शासन की कथित बदहाली और अपने ही देश की अस्मिता पर जो घिनौने आरोप लगाए, ज्यादातर तथ्यहीन निकले। यहां तक कि ट्रम्प के मुरीद एक फ़ॉक्स न्यूज़ संवाददाता को कहना पड़ा कि डोनाल्ड ट्रम्प कसौटी पर खरे उतरने में विफल रहे। ट्रम्प की बॉड़ी लैंग्वेज बता रही थी कि वह डिबेट के दौरान सारा समय असहज रहे। उनका चेहरा तमतमा रहा था। अब तो चुनाव के परिणामों को लेकर ज्योतिषगण भी ट्रम्प की जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। इसका नतीजा यह सामने आ रहा है कि 'ट्रम्प सोशल मीडिया कंपनी' के शेयर डिबेट के बाद से नीचे गिर रहे हैं।

इस प्रेसिडेंशियल डिबेट को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह था। इसे एक 'उत्सव' की तरह न मनाएँ, ऐसा हो नहीं सकता। इसके दो प्रमुख कारण रहे। एक, इस बार दूसरी टर्म के लिए राष्ट्रपति बाइडन (81) के 27 जून को पहली डिबेट में मात खाने और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के मैदान में उतरने से डिबेट और बहुचर्चित हो गई। ट्रम्प बड़ी मुश्किल से 'एबीसी' टीवी नेटवर्क पर डिबेट के लिए तैयार हुए थे। शुरू में तो यही कहते रहे कि फ़ॉक्स नेटवर्क पर करा लें। बहरहाल, पिछले मंगलवार (10 सितंबर) को हुई इस डिबेट को क़रीब सात करोड़ लोगों ने देखा। डिबेट की ख़ास बात यह थी कि इसे देखने-सुनने के लिए अमेरिका के बड़े शहरों में बाज़ार सुनसान थे, पीक आवर्स में सड़क पर अपेक्षाकृत कम वाहन थे। हम 'रामायण' सीरियल के शुरूआती दिनों को याद करें, तो ठीक वैसा नजारा प्रेसिडेंशियल डिबेट का दिखाई पड़ रहा था। फ़िलेडेलफ़िया के नेशनल कांस्टीचूशन सेंटर में हुई इस डिबेट में पंजीकृत मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति थी। सेंटर के बाहर ख़ासी चहल-पहल थी। ट्रम्प के तथ्यहीन, गोलमोल जवाब और अवैध इमीग्रेंट्स के पालतू बिल्ली-कुत्ते खाने की मनगढ़ंत कहानी से बड़ी थू-थू हो रही है। ट्रम्प के बार- बार मौजूदा प्रशासन में प्रत्येक ज़िम्मेदारी के लिए बाइडन के साथ कमला हैरिस पर ज़िम्मेदारी थोपने का औचित्य भी लोगों को रास नहीं आया। कमला हैरिस ने उन्हें याद दिलाया, वह राष्ट्रपति नहीं, उपराष्ट्रपति हैं और वह उपराष्ट्रपति की ज़िम्मेदारियां बखूबी जानते हैं। कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका के ज्वलंत मुद्दों में शामिल गर्भपात, इमीग्रेशन, अपराध और आये दिन बंदूक हिंसा, महंगाई, बेरोजगारी तथा विदेश नीति के अन्तर्गत नाटो में अमेरिका की भूमिका आदि मुद्दों पर भी खूब लपेटा। ऐसे में ट्रम्प को अनेक मौकों पर गुस्से से तमतमाते देखा गया। गर्भपात पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में ट्रम्प को अपने बयान बदलने पड़े और कहना पड़ा कि उनकी राष्ट्रीय स्तर गर्भपात बंद कराने की कोई योजना नहीं है। बंदूक हिंसा पर सवाल आया तो ट्रम्प को अपनी बात ही बेमानी लगी। कमला ने जोर देकर कहा कि संविधान प्रदत आत्मरक्षा के लिए बंदूक पर प्रतिबंद का उनका कोई प्रस्ताव नहीं है। आत्म सुरक्षा के लिए उनके खुद के पास बंदूक है। एक क्षण ऐसा भी आया जब ट्रम्प के इज़राइल-फ़िलिस्तीन औररूस-यूक्रेन युद्ध को चौबीस घंटों में समाप्त किए जाने के दावे के बारे में पूछा गया तो वह युद्ध समाप्ति का कोई फ़ार्मूला नहीं दे पाये।

राशिफल

मेष:- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

वृषभ:- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

मिथुन:- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

कर्क :- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

सिंह:- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

कन्या :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

तुला :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

वृश्चिक:- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

धनु :- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

मकर :- सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

कुंभ:- आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

मीन:- व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

क्या न्यायाधीश चंद्रचूड होंगे अगले लोकपाल

प्रेम शर्मा

दुनिया के हर देश ने इस पर अंकुश लगाने का तंत्र विकसित कर रखा है। हर देश में अपने अपने तरीके, कानून के माध्यम से प्रशासन की जवाबदेही तय करने की कोशिशें की जाती हैं। मगर हमारे यहां इस मामले में ज्यादातर नाकामी ही नजर आती है। इसलिए लंबे समय से मांग की जाती रही कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन संबंधी कानून बनना चाहिए। करीब बारह वर्ष पहले इसे लेकर बड़ा आंदोलन हुआ, जिसके दबाव में लोकपाल अधिनियम पारित हुआ। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत, केंद्र में लोकपाल और हर राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति की जाती है। लोकपाल और लोकायुक्त, सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफभ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करते हैं। लोकपाल में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ सदस्य होते हैं।

देर से ही सही, लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ के गठन से लोगों में भ्रष्टाचार निवारण की दिशा में उल्लेखनीय नतीजों की उम्मीद जगी है। लोकसेवकों में गलत तरीके से पैसा कमाने की भूख और रिश्वत लेकर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने, सरकारी योजनाओं में गतिरोध और हानि पैदा करने की प्रवृत्ति किसी से छिपी नहीं है। इस वातावरण को तभी ठीक किया जा सकता है। जब लोकसेवकों की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सके।

न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष ने दो साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद मई 2022 में सेवानिवृत्त हो गए। हालॉकि इनके कार्यकाल में कोई विशेष उपलब्धि हासिल नही हो पाई। तब से लेकर अब तक लोकपाल का पद रिक्त है। एक बार फिर लोकपाल नियुक्ति को लेकर हलचल तेज हुई है। हालांकि कुछ लोग यह संशय व्यक्त करते रहे हैं कि लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति में भी राजनीतिक दखल होती है, इसलिए वे कितने निष्पक्ष रह पाएंगे। कहना मुश्किल है। मगर एक विशाल जनसमुदाय और बड़े प्रतिबद्ध प्रबुद्ध समाज की इच्छा से गठित इस संस्था से भ्रष्टाचार निवारण को लेकर निष्ठा और निष्पक्षता की उम्मीद फिलहाल कमजोर नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि अगर चुनाव आयोग के तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टी.एन. शेषन की तरह या फिर डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़ को लोकपाल नियुक्त किया जाता है तो देश की में फैले प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लग सकती है। हालॉकि गत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रीगणेश उत्सव के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ के घर की पूजा को लेकर इस बॉत के कायस लगाए जा रहे है कि उनकी दो साल की लम्बी सेवा के उपरान्त 10 नवम्बर 2024 को सेवानिवृत्ति के बाद मोदी सरकार कोई अहम ओहदा दे सकती है। वैसे भी यह सभी जानते है कि व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहम पदों पर नियुक्ति को लेकर चौकाने वाले नाम लेकर सामने आते है। ऐसे में इस बॉत में कोई संशय नही कि लगातार सरकार को उसकी कामियां दिखाने वाले मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ ही अगले लोकपाल के रूप में दिखाई पडें। भ्रष्टाचार पूरी दुनिया के सामने विकास और खुशहाली में बाधा है। दुनिया के हर देश ने इस पर अंकुश लगाने का तंत्र विकसित कर रखा है। हर देश में अपने अपने तरीके, कानून के माध्यम से प्रशासन की जवाबदेही तय करने की कोशिशें की जाती हैं। मगर हमारे यहां इस मामले में ज्यादातर नाकामी ही नजर आती है। इसलिए लंबे समय से मांग की जाती रही कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन संबंधी कानून बनना चाहिए। करीब बारह वर्ष पहले इसे लेकर बड़ा आंदोलन हुआ, जिसके दबाव में लोकपाल अधिनियम पारित हुआ। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम के तहत, केंद्र में लोकपाल और हर राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति की जाती है। लोकपाल और लोकायुक्त, सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करते हैं। लोकपाल में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ सदस्य होते हैं। इनमें से कम से कम आधे सदस्य, सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश या उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश होते हैं। विदेश में लोकपाल जैसी संस्था काफी साल पहले से है। लेकिन भारत में इसका प्रवेश साल 1967 में हुआ। उस वक्त पहली बार भारतीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को लेकर लोकपाल संस्था की स्थापना का विचार रखा था। हालांकि इसे स्वीकार नही किया गया। इस बिल को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे ने एक अनशन किया और वो एक बड़ी लड़ाई में तब्दील हो गई. उसके बाद लोकसभा ने 27 दिसंबर, 2011 को लोकपाल विधेयक पास किया गया। फिर 23 नवंबर 2012 को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 को संसद ने साल 2014 में पारित किया था और राष्ट्रपति ने इसे 1 जनवरी, 2014 को मंजूरी दी थी। काफी जद्दोजहद के बाद भारत के पहले लोकपाल न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष बने थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, और लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने 23 मार्च, 2019 को उन्हें भारत का पहला लोकपाल नियुक्त किया था।लोकपाल की नियुक्ति का मामला करीब पांच वर्ष तक इस तर्क के आधार पर टलता रहा कि लोकसभा में कोई विपक्ष का नेता नहीं था।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

हायना ने तैतीस भेड़ों पर हमला कर सुलाया मौत के घाट

- ग्रामीणों को रात में निकलने पर लगायी गयी रोक, बाढ़ के बाद झुंड में टहल रहे लकड़बग्घा, वन विभाग की टीम कर रही पेट्रोलिंग, डीआईजी व कमिश्नर ने मौके पर जाकर लिया जायजा

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

जिले में लकड़बग्घा (हायना) की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है, मौदहा क्षेत्र के पाटनपुर गांव में शनिवार को देर रात तैतीस भेडो को शिकार बनाने के बाद बन विभाग ने ग्रामीणों को रात में खेतो में निकलने पर रोक लगा दी है,बन रेजंर का कहना है कि हायना किसी भी व्यक्ति पर किसी समय हमला कर सकता है। घटना के बाद कमिश्नर डीआईजी व बन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है।

प्रभागीय बनाधिकारी (डीएफओ) एके श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि गांव मे गयादीन पाल का पशुबेडा घर से चंदकदम दूर पर है पशुवेड़ा एक तरफ खुला होने के कारण लकड़बग्घा झुंड के साथ घुसकर भेड़ो पर आक्रणण कर दिया और करीब पच्चीस भेड़ो व बारह भेडो के बच्चों को घायल कर दिया है जिससे सभी की मौके पर मौत हो गयी है।

पशुमालिक जब सुवह जागा तो पशुबाडे के बाहर कुछ मरी भेडो को देखकर उसके होश उड़ गये। पशु

पालक का कहना है कि कम से उनका दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उसने जाकर गांव में सभी को जानकारी दी पुलिस को जानकारी दी गयी पुलिस ने मौके पर जाकर बन बिभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया और सभी मृत भेड़ो का पोस्टमार्टम कराने के बाद गांव के बाहर ही दफना दिया है। डीएफओ का कहना है कि लकड़बग्घा झुंड में रहते है इधर जिले में बाढ आने से ये हिंसक पशु अपनी मांद छोड़कर गांव की तरफ आ जाते है जिससे यह घटना हो गयी है उनका कहना है कि गांव में पांच बन रक्षक व टीम लगा दीगयी है सभी ग्रामीणों को सावधान कर दिया गया है कि कोई भी व्यक्ति घर से बाहर रात में अकेले नही जायेगा बच्चों को विशेष तौर पर जाने पर रोक लगा दी गयी है। डीएफओ का कहना है कि लकड़बग्घा कभी भी अकेले पाकर मानव हमला कर सकता है। इधर हमीरपुर जिले में इस प्रकार की घटना पहली मर्तवा होने पर ग्रामीण भारी दहशत मे है। जानकारी होने पर चित्रकूटधाम के कमिश्नर एके सिहं व डीआईजी के अलावा डीएम हमीरपुर घनश्याम मीणा मौके पर जाकर ग्रामीणो से बात कर उनको आश्वासन दिया है।

भेड़ों का पशुबीमा न होने से पशु मालिक को हुआ लाखों का नुकसान

पशुओ के साथ घटना होने के बाद पशु बीमा को लेकर फिर से चर्चा छिड़ गयी है। जिले में केवल दस फीसदी पशुओं का बीमा है इसके लिये शासन ने एक कंपनी को जिम्मेदारी भी दी है। मगर उसका कार्यालय झांसी में होने के कारण पशुओं का बीमा नही हो पा रहा है यदि पशु चिकित्सा विभाग व अन्य विभाग चिंता करके पशुओं का बीमा करा दे तो असमय होने वाली घटनाओ को पशुपालकों को हुये नुकसान की निर्धारित राशि मिल सकती है। मौदहा क्षेत्र के रेंजर सुरेश कुमार का कहना है कि पशुओ का बीमा नही है इसलिये कोई लाभ नही मिल पायेगा। इसी प्रकार बाढ का पानी घटने के बाद कई प्रकार की पशु बीमारियां फैलेगी मगर बीमा न होने के कारण पशु मालिका को पशु हानि का खामियाजा भोगना पड़ता है।

भक्तों ने नम आंखों से नगर भ्रमण के बाद गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।

जिला प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के चलते हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव एक सप्ताह तक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया द्य अंतिम दिन देर रात्रि बड़े तालाब में भगवान गणेश के भक्तों ने नम आंखों से नगर भ्रमण के बाद विसर्जन किया द्य विसर्जन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे तक चलता रहा द्य विसर्जन के समय सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस व्यवस्था की गई थी लेकिन तालाब पर अंधेरा होने की वजह से गणेश भक्तों को विसर्जन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा द्य जिससे डीजे की रोशनी में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कस्बा कुलपहाड़ में लगभग आधा

दर्जन स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करके नवयुवकों ने गणेश उत्सव मनाया द्य मुख्य बाजार में रामलीला मैदान में व्यापारियों ने गणेश प्रतिमा स्थापित करके गणेश उत्सव मनाया द्य धनुषधारी मंदिर में शिवम नामदेव व उनके परिवारजनों मेघा नामदेव सीमा सोनी अनीता नामदेव ने एक सप्ताह तक गणेश उत्सव मनाया द्य इसके अलावा आधा दर्जन अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी द्य कल विसर्जन के समय शाम 5 बजे से सभी स्थानों से विभिन्न प्रकार के बैंड बाजा डीजे की ध्वनि में नाचते गाते महिला पुरुष व नवयुवक गणेश प्रतिमा के साथ नगर में भ्रमण करते देर रात्रि बड़े तालाब में पहुंच कर प्रतिमाओं को विसर्जित किया द्य प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने विसर्जन के समय भारी पुलिस बल तैनात कर शान्तिपूर्ण ढंग से मूर्तियों का विसर्जन करवाया।

खबरें एक नजर में

तमंचे से फायर करने के बाद दो घायल, रिपोर्ट दर्ज

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। पुराने विवाद को एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गये पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। जरिया थाने के कछवां कलां गांव निवासी गगन राजपूत ने बताया कि शनिवार को उसका भाई वर्षीय नितिन राजपूत राठ के उरई स्टैंड रामबाग बगैचा के पास बाइक पर बैठा था। तभी पुराने विवाद को लेकर जरिया थाने छिबौली गांव निवासी दीपक ने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे उसके भाई नितिन राजपूत के हाथ में गोली लग गई। वहीं पास खड़े नितेंद्र उर्फ माता निवासी गुटक्रारा थाना जरिया के कंधे पर गोली के छर्रे लग गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह ने नितिन को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि घायल नितिन के भाई की तहरीर पर दीपक मोंटी निवासी कुर्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

पदाधिकारियों को किया सम्मानित

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। रविवार को रेडीमेड गारमेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रेडीमेड के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उप्र उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रांतीय मंत्री कैलाश चंद्र अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल का माला पहनकर सम्मान किया। इस दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि 8 व 9 सितंबर को आगरा में प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ था। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना थे। उनकी उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष पंडित मुकुंद मिश्रा ने जनपद हमीरपुर से कैलाश चंद्र अग्रवाल को प्रांतीय मंत्री एवं प्रदीप कुमार गुप्ता को प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने फूल माला पहनकर नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारीयों का सम्मान किया। इस मौके पर सैकड़ों रेडीमेड गारमेंट्स के व्यापारी मौजूद रहे।

रहस्यमय तरीके से किशोरी गायब, मुकदमा दर्ज

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। अपने रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए बड़े चौराहे से साधन में बैठी किशोरी रहस्यमय तरीक़े से गायब हो गई, जिसपर पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही निवासी एक पिता ने तहरीर दी है कि उसने अपनी पंद्रह वर्षीय पुत्री को बीते ग्यारह सितंबर की दोपहर ननिहाल जाने के लिए कस्बे के बड़े चौराहे से आटो में बैठा दिया था लेकिन उसकी पुत्री जब शाम तक ननिहाल नहीं पहुंची तो उसने खोजबीन शुरू की।पीड़ित ने बताया कि उसने रिश्तेदारी में सभी जगह तलाश लिया है और उसकी पुत्री का फोन भी तभी से बंद जा रहा है जिससे उसे अपनी बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना घटने की भी चिंता हो रही है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। देर रात पेट्रोल पंप से घर जा रहे पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ गांव के चार लोगों ने मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी सचिन साहू पुत्र हरिकिशन साहू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 13 सितंबर को देररात वह पेट्रोल पंप से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में गांव के छोटू प्रजापति और देवनारायण प्रजापति पुत्र सुंदरएरामबाबू प्रजापति पुत्र भगवान दीन और मलखान धुरिया पुत्र नत्थू ने रास्ते में रोककर उसके साथ धारदार हथियार से मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हाजिर न होने पर कोर्ट ने कुर्की का दिया आदेश

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की तहरीर पर नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने के आरोप में अपहरण व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे हाजिर न होने पर न्यायालय द्वारा कुर्की का आदेश निर्गत किया गया है। पुलिस ने आरोपी के घर में चस्पा किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने वर्ष 2023 में नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे आरोपी के खिलाफ पुलिस ने लड़की के अपहरण व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। लगातार आरोपी के न्यायालय में हाजिर न होने पर आरोपी प्रदीप उर्फ भोला पुत्र लालमन निवासी शिवनी के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी की गई है। आज उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने गांव जाकर आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया है। तथा गांव में मुनादी कराई गई है।

बाढ़ के चलते ध्वस्त हुआ सड़क मार्ग, आने-जाने में परेशानी

सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। सुमरेपुर विकासखंड के गाँव पारा और कैथी, मौहर गांव पर हर साल बाढ़ आ जाने दोनों गांव के बीच जल स्तर बढ़ जाता है जिससे दोनों गांव के संपर्क मार्ग बुरी तरह टूट जाते हैं जिससे स्कूली बच्चों बीमार लोगों को व ग्रामीणों को निकलने मे व एंबुलेंस आने जाने में तमाम तरीके की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। माताटीला बांधों से कई लाख पानी छोड़े जाने के बाद हमीरपुर यमुना और बेतवा नदी उफान पर हो जाती है जिससे सुमेरपुर विकासखंड के पारा गाँव और कैथी गांव पर, कोई रपटा ना होने की वजह से बाढ़ जैसे हालात हो जाते है जिससे पानी का जल स्तर बहुत तेजी से बढ़ जाता है जिससे दोनों गांव के संपर्क मार्ग बुरी तरीह से टूट जाते हैं और किसानो की दलहन की फसलों को लाखों का नुकसान पहुंचता है।गांव के किसान राजाबाबू,शिवपूजन,गुड़िया आदि ने बताया नदी के पानी भर जाने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। जिससे ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों बीमार ,बुजुर्गों लोगों को एंबुलेंस आने जाने में बाजार करने में गांव के लोगों को निकालने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

नवागत डीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कोषागार पहुँचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचा कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता तथा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को तहसील व ब्लाक स्तर पर ही निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है अतः इसको सुनिश्चित किया जाएगा। नवागत जिलाधिकारी वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जिलाधिकारी

के रूप में उनकी यह पहली पोस्टिंग है इससे पहले वह नगर आयुक्त फिरोजाबाद के पद पर कार्यरत थे। वह मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकर नगर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य कोषाधिकारी समस्त एसडीएम डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

अराजकतत्वों ने किया माहौल खराब करने का प्रयास

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले में देर शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन को ले जाने के दौरान की जा रही आतिशबाजी की चिंगारी समुदाय विशेष के घर में चले जाने से दो पक्षो में विवाद हो गया। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा में चल रहे पुलिस कर्मियों द्वारा दोनों पक्षो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया।

सूचना पर कोतवाली पहुंचे हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने विशेष समुदाय के अराजकतत्वों द्वारा श्री गणेश मूर्ति पर पथराव करने का आरोप लगा देर रात शहर कोतवाली में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई है। हिन्दू संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर

आंदोलन की चेतावनी दी है । तो वहीं पुलिस अधीक्षक पलास बंसल ने जुलूस के दौरान पटाखा फूटने से नाराज दो पक्षों के आमने सामने आने की बात कही है। दरअसल मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के कसौरा टोरी मुहल्ले के पास का है जहां देर रात गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलुस के दौरान हो रही आतिशबाजी से उठी चिंगारी समुदाय विशेष के घर में जाने से दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षो में विवाद शुरू हो गया। विसर्जन जुलूस में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही दोनों पक्षो को समझा बुझाकर मामला शांत करा प्रतिमा विसर्जन को लेकर जुलूस आगे बढ़ाया गया। मामला संज्ञान में आने के बाद कोतवाली पहुँचे हिंदू संगठनों के लोगों ने आरोप लगाया कि कसौरा मोहल्ले से गणेश विसर्जन के दौरान मूर्ति लेकर हिंदू भाई नाच गाकर जा रहे थे तभी कुछ अराजकतत्वों द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति पर पथराव कर दिया गया। आरोप लगाया कि इस तरह से इन अराजकतत्वों द्वारा सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की नाकाम कोशिश की गई है अगर इन शरारती तत्वों पर कार्यवाही नहीं होती है तो हिंदू संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। तो वहीं मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पटाखा एक दूसरे घर में जाने से दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। जिसको लेकर दोनों को समझा दिया गया है। शांति व्यवस्था बनी हुई है।

सपा ने मृतक व्यापारी के परिजनों सौंपा 51000 का चेक

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले के चरखारी कस्बे में बीते 9 सितंबर को घर के बाहर व्यापारी हत्याकांड का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बीते रोज कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के बाद आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारी के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की है।

तो वही सपा सांसद ने 51हजार का चेक सौंप कर आर्थिक मदद की है । साथ ही मृतक परिजनों को आश्वासन दिया कि वह आपको न्याय दिलाने के लिए प्रदेश स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे।

चरखारी नगर में रहने वाले व्यापारी अनिल चौरसिया की बीते 9 सितंबर को पांच बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतक व्यापारी के परिजनों का आरोप है कि पुलिस के

द्वारा हत्याकांड में शामिल महज दो आरोपियों को पकड़ा गया है। जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार बने हुए हैं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद पुलिस हत्या के मामले को गैर इरादतन हत्या के मामले में तब्दील करने में जुटी हुई थी । मगर लगातार व्यापारियों के दबाव और राजनीतिक दलों की पहल के चलते आखिरकार पुलिस ने इस हाई प्रोफाइल मामले को हत्या के मामले में तब्दील कर केस दर्ज कर लिया है।

समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन में शामिल सपा सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि व्यापारी के घर आये हुए है व्यापारी की हत्या करने वाले सत्ता पक्ष के लोग है। जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।

तो वही समाजवादी पार्टी के चौरसिया समाज के प्रदेश सचिव ने बताया कि हत्या के मामले को गैर इरादतन हत्या में दर्ज करने की कोशिश की गई थी। भाजपा सरकार में लाइन लगाकर अपराध हो रहे हैं। मगर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री द्वारा एक विशेष जाति के लोगों को ज्यादा बढ़ावा दिया जा रहा है। जो न्याय संगत नहीं है। हम सभी ने परिजनों से मुलाकात की है।

यह रिपोर्ट हम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंप कर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर कोआपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेन्द्र यादव, सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव पूर्व विधायक कसान सिंह राजपूत चन्द्रशेखर चौधरी रामलखन चौरसिया पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामजीवन यादव चेयरमेन प्रतिनिधि पप्पू कुशवाहा पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवपाल सिंह यादव बसंत राजपूत शंकर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मेले में निकाली गयी झांकी

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम अरतरा मै कंस वध मेला संपन्न हो गया जहां क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों की भारी संख्या में मेला देखने के लिए भीड़ उमड़ गई वहीं महिलाएं व बच्चे ने मेले का आनंद लेते हैं खूब खरीदारी भी की हैं।

क्षेत्र के बड़े आबादी वाले अरतरा गांव में कंस बध मेला देखने के लिए एक दर्जन से अधिक गांव के लोग की भीड़ उमड़ पड़ोए व मेले का लुफ्त उठाया जहां भगवान विष्णुएराजा कंसए बकासुर राक्षसए व श्री कृष्ण भगवान की झांकियां गांव की गलियों में भ्रमण कर पूटनाए बकासूरए व आघासूरए का बढ़ करएचोपरा तालाब पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण ने कालिया नाग का मर्दन किया जिससे लोग देबी देवताओं के

जयकारे लगाने लगे जिससे वातावरण जयकारों से गूंज उठा नागनाथन का के साथ मेले का आयोजन लोगों ने सफल बनाया वहीं झांकियां को देखो लोग का मन मुगध हो गया और वही महिलाएं व बच्चों ने मेले में आई हुई दुकानों से साज सज्जा व मिठाइयां व खाने पीने का सामानों की खरीदारी की बच्चों को खिलौने मिलने पर प्रसन्नता जताई जिससे मेले में भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली और सकुशल मेला संपन्न हो गया।

भारतीय हलधर किसान यूनियन का सातवें दिन भी जारी रहा धरना

महोबा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ईकाई द्वारा कलेक्ट्रेट में चल रहे नो सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरना जो कि बारह सितंबर से भूख-हड़ताल में तब्दील हो गया था।

धरना के सातवें दिन रविवार को भी धरना स्थल पर दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में अनवरत रूप से जारी है, धरना स्थल पर जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष कबरई दीपक कुमार त्रिपाठी, सुरेश कुमार दुबेदी, कृष्ण प्रताप सिंह,विनय राठौर बिलवई, ब्रम्हा यादव बिलवई,मित्री लाल नट गंज, अशोक अनुरागी,कीरत सिंह उरवारा, भूख-हड़ताल पर जनक सिंह परिहार, शिशुपाल सिंह,वीर बहादुर सिंह बैठे हैं, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरेन्द्र सिंह सौंलकी जी ने भी राष्ट्रीय

एवं प्रदेश नेतृत्व को महोबा आने का निर्देश दिया, उसके परिपेक्ष्य में बुंदेलखंड अध्यक्ष श्री जीतेन्द्र सिंह भदौरिया जी ने भी सभी बुंदेलखंड के जनपदों के जिलाध्यक्षों को 17 सितंबर को महोबा जनपद में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना भूख-हड़ताल में शामिल होने का निर्देश दिया गया है क्योंकि भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी व जिला प्रशासन महोबा, किसान हित सर्वोपरि था है और रहेगा।

जिलेभर में अंगद की तरह पैर जमा चुके हैं गुटखा माफिया

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित तम्बाकू मिश्रित जहरीले गुटखा के अवैध व्यापार पर कब लगेगी लगाम
- मुख्यालय सहित पनवाड़ी और जैतपुर क्षेत्र में बेरोकटोक संचालित हो रहा प्रतिबंधित गुटखा का व्यापार
- पूर्व में पुलिस ने गुटखा की बड़ी खेप पकड़ माफियाओं की कमर तोड़ने का किया था प्रयास
- शहर के जारीगंज, मुन्ना चौराहा, समद नगर और शेखूनगर से गुटखा माफिया दे रहे काले कारोबार को अंजाम

जनपद में अंगद की तरह पैर जमा चुके न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा के कारोबार पर लगाम लगाना नवागंतुक पुलिस अधीक्षक के सामने बड़ी चुनौती साबित होगा। पूर्व में कोतवाली नगर एवं स्वाट और सर्विलांस की टीम ने मुख्यालय से भारी मात्रा में प्रतिबंधित जहरीले गुटखा की खेप एवं गुटखा बनाने के उपकरणों सहित कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुटखा माफियाओं द्वारा खुलेआम मैनेजमेंट का सहारा लेकर जहरीले गुटखा के काले कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय के जारीगंज,मुन्ना चौराहा,शेखू नगर और समद नगर मुहल्लों में प्रतिबंधित गुटखा का कारोबार अपनी जड़े जमा चुका है। इस अवैध व्यापार पर लगाम लगाने के लिए संबंधित विभाग के साथ-साथ स्थानीय पुलिस भी तमाशबीन बन नजरअंदाज करती नजर आ रही है। कमोवेश यही हाल कुलपहाड़ सर्किल के पनवाड़ी और जैतपुर क्षेत्र का है जहां लंबे समय से संचालित प्रतिबंध जहरीले गुटखा के कारोबार पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही खाकी और संबंधित विभाग की कार्यशैली स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। पनवाड़ी क्षेत्र में तथाकथित स्थानीय विकास पुरुष एवं स्थानीय भाईसाहब के संरक्षण में तथाकथित उपनाम सेठ,साहू और यादव की तिकड़ी जहरीले गुटखा के काले कारोबार की तस्करी छतरपुर जिले के नौगांव और हरपालपुर से कर पनवाड़ी क्षेत्र में सिंडिकेट बनाकर इस कारोबार को खुलेआम अंजाम देती नजर आ रही है। इस कारोबार के बेरोकटोक चलने में कुलपहाड़ सर्किल के थानों में तैनात कारखासों की गुटखा माफियाओं से संलिप्तता क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कुलपहाड़ सर्किल क्षेत्र में लंबे समय से संचालित गुटका व्यापार पर लगाम लगाने में कुलपहाड़ सर्किल की पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

महोबा, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस अधीक्षक, बन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह कर्मचारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम पहरा के पास से 03 नफर अभियुक्तगण राजेश निषाद पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 34 वर्ष, सुधीर कुमार पुत्र राम किशोर निषाद उम्र करीब 22 वर्ष व प्रभात पटेल पुत्र स्व0 कालकाप्रसाद उम्र 21 वर्ष को पुलिस हिरासत में लिया गया इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 01-01 देशी तमंचा 315 बोर व 01-01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कबरई में क्रमशः मु0अ0सं0 254/2024, मु0अ0सं0 255/2024 व मु0अ0सं0 256/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

प्रधान ने बारावफात व गणेश उत्सव को लेकर शुरू कराई गलियों-सड़कों की सफाई

पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

- वर्षा के पानी से निकास अवरुद्ध न हो इसके लिए एक बार फिर से कराई नाला-नाली की साफ सफाई

संजय द्विवेदी की हो रही सराहना

प्रधान संजय द्विवेदी ने बारावफात व गणेश उत्सव पर्व को लेकर निकलने वाले जुलूस को मद्देनजर रखते कस्बा की सड़कों, गलियों की साफ सफाई शुरू करा दी है,जो पर समापन तक बदस्तूर जारी रहेगी। आधा दर्जन से अधिक सफाई कर्मी मुहल्ले मुहल्ले जाकर सफाई अभियान में जुट गए है। हालांकि साफ सफाई व्यवस्था से कुछ द्वेष राजनैतिक पुरुष को भले ही रास न आ रही हो, पर महिलाएं इस व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट है और प्रधान की सराहना करने में पीछे नहीं है।

विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पनवाड़ी के प्रधान स्वच्छता को लेकर हर समय फिक्रमंद रहते है। इस समय मौसम का मिजाज बेहद खराब है और जनपद में भारी वर्षा व चक्रवात की संभावनाएं जताई है। इसलिए प्रधान ने वर्षा के पानी निकासी अवरुद्ध न हो, इसके लिए एक बार फिर से नाला नाली की साफ सफाई व्यवस्था शुरू कराई है।

रात्रि में प्रधान ने स्वयं खड़े होकर बारिश के बीच छाता लगाकर खड़े होकर सफाई कर्मियों से नाला में जमे कूड़ा को तत्काल हटवाने का काम किया, जिससे बरसाती पानी में किसी तरह का अवरोध उत्पन्न न हो सके। उन्होंने कस्बा के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कूड़ा करकट व गोबर आदि नाला नाली में न डाले, इससे पानी की निकासी ठप हो जाती है। कहा कि घर घर कूड़ा गाड़ी प्राय आती है,उसमें कूड़ा डाले,इसके बाद भी यदि ऐसा नही करना है तो किसी एक स्थान में कूड़ा डलवा दें,वे स्वयं उसे उठवा लेंगे।

मगर नाला नाली में कूड़ा डालकर जल निकासी अवरोध न करें। गांव को स्वच्छ बनाने में गांव सभा की मदद करें। दुकानदारों से भी आग्रह किया कि वह दुकानों से निकलने वाला कूड़ा बाजार में एक स्थान सुनिश्चित है,वहां डाले,सुबह ट्रैक्टर आता है,वह उठाकर ले जायेगा। अंत में उन्होंने कहा कि मौसम के हालात को देखते हुए बाजार के दुकानदार अपने समान की सुरक्षित रखें,पिछले साल खासा नुकसान हुआ था।

धूमधाम से निकाली भगवान कृष्ण की जल विहार शोभायात्रा

जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।

जन्मोत्सव के रूप में भगवान श्रीकृष्ण की जल विहार शोभायात्रा जैतपुर कस्बे में धूमधाम से निकाली गई। ढोल नगाड़ों डीजे के साथ भक्ति से सराबोर श्रीकृष्ण भक्तों का जोश देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में शामिल भक्तों का नगर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के श्री हरकिशोर जू मंदिर चौधरयाना से शोभायात्रा की शुरुआत हुई। जो कस्बा के चमन चौराहा, मुख्य बाजार ड्योढीपुरा से होते हुए श्रीनगर तिराहा पहुंची । शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने

भगवान श्रीकृष्ण के सिंहासन पर पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। आपको बता दें कि द्वादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव के रूप में जलविहार जैतपुर कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के भक्त अपने ईष्ट का अभिषेक अर्चन कर बेलासागर तट पर जल विहार कराते हैं। शोभायात्रा के दौरान बेलाताल चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे और यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर चौधरी मैथिलीशरण अग्रवाल, महेन्द्र द्विवेदी, जितेंद्र रावत, हरगोविंद रावत, मुकेश अग्रवाल, प्रवेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, अभय अग्रवाल सहित सैकड़ों भक्त और महिलाएं शामिल रही।

सरयू नदी में समाए 22 पक्के मकान पानी ने शुरू की तबाही मचाना

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

सरयू नदी में बढ़ चुके जल स्तर ने तबाही का विकराल रूप धारण कर लिया है। जिससे तराई क्षेत्र के गांवों में हाहाकार मच चुका है।सरसंडा में अब तक 22 पक्के मकान तथा छः झोपड़ी नुमा घर सरयू नदी के आगोश मे समा चुके हैं। प्रा.पा. भी नदी में कट कर समाहित हो गया।दर्जनों गाँव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। सैकड़ो हेक्टेयर फसल जलमग्न होने के साथ भारी संख्या में लोग ने ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं।लोगों के आवागमन के लिए नावो को लगाया गया है।लंच पैकेट और राशन किट के साथ तिरपाल पिपिया वितरित किया जा रहा है। सरयू नदी का जलस्तर खतरे से 88 सेंटीमीटर ऊपर है।बेलहरी मजरे सरसंडा में सरयू की विनाश लीला में अपना सब कुछ गवा चुके प्रभावित परिवारों को एक लाख बीस हजार रुपए की सहायता 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा गोड़ा गांव में लोगों को बसाने के लिए जमीन चिन्हित कर दी गई है यहां 70 परिवारों को तहसील प्रशासन के द्वारा जमीन आवंटित की गई है। रविवार को करीब ढाई सौ लोगों को सुंदर नगर में लंच पैकेट वितरण किया गया इसके अलावा 212 लोग विभिन्न स्कूलों में शरण लिए हुए हैं तहसीलदार ने बताया स्कूल में ठहरे हुए लोग दिन में अपने काम से चले जाते हैं रात में जाकर रुकते हैं दोनों टाइम लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है और राशन किट भी उपलब्ध कराई गई है। तपेसिपाह सिसौंडा कोरिन पुरवा मल्लहन पुरवा जैन पुरवा में भी 500 लंच पैकेट वितरित किए गए।सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण तराई क्षेत्र के गांवों में तबाही मची हुई है आने जाने वाले रास्ते जलमग्न हो गए हैं। सबसे ज्यादा मवेशियों के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है।

एडीएम ने बाढ़ क्षेत्र का किया दौरा

रामनगर बाराबंकी अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने ट्रैक्टर और नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ऊंचे स्थानों पर शरण लेने की अपील की।बाढ प्रभावित गांवों के भ्रमण के दौरान तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित पूरा प्रशासनिक हमला मौजूद था। अपर जिला अधिकारी श्री सिंह ने बताया की बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। लंच पैकेट राशन किट का वितरण कराया जा रहा है।जलमग्न हुए रास्तों पर आवागमन के लिए नाव लगाई गई है।सभी बाढ़ चौकियां अलर्ट है।

पहूज, यमुना नदी में आयी बाढ़ से बीस गांवों के हजारों लोग प्रभावित

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

यमुना तथा पहूज नदी की बाढ़ से जनपद जालौन में कुल 20 गांव प्रभावित है। तहसील कोंच के सलैया बुजुर्ग, मऊ, महेशपुरा, नदीगांव तहसील माधौगढ़ के गांव कूसेपुरा, डिकौली जागीर, किशनपुरा, सूपा, मोहब्बतपुर, टिकरी, महाराजपुरा, कर्रा, जायघा, नीनावली जागीर तथा तहसील कालपी के पड़री, रायड दिवारा, देवकली, शेखपुर गुढ़ा, शेखपुरा गुढ़ा खास, हीरापुर गांव प्रभावित है जिसने लगभग 8470 जनसंख्या अब तक प्रभावित हुई है। अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 2150 हेक्टेयर कृषि भूमि पर तिल, बाजरा, ज्वार तथा धान की फसल प्रभावित हुई है। बाढ़, अतिवृष्टि से कुल 32 मकान क्षतिग्रस्त, गिरने की सूचना अब तक प्राप्त हुई है जिनको राहत धनराशि स्वीकृत की जा चुकी हैं। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 20 बाढ़ राहत केंद्र क्रियाशील कर दिये गये है जिनमें कम्युनिटी कीचेन ,स्वास्थ्य सुविधा पीने का पानी भी उपलब्ध है। पशुओं हेतु भूसे, टीकाकरण दवा की व्यवस्था भी कर दी गई है। एसडीआरएफकी टीम जनपद में अपनी 4 मोटरबोट के साथ मौजूद है तथा बाढ़ प्रभावित गाँव में 65 अतिरिक्त छोटी नाव लगाई गई हैं। जनपद जालौन में छोटी नाव उपलब्ध होने के कारण फैजाबाद से 20 मोटरबोट भी मंगा ली गई है। बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को अब तक 27150 पका भोजन, भोजन पैकेट प्रदान किए जा चुके हैं। अब तक 1550 बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित की जा चुकी हैं। पैकेट वितरण माननीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा है। बाढ़ क्षेत्र में स्वस्थय विभाग द्वारा 226 व्यक्तियों का उपचार किया गया तथा 2170 मेडिकल किट बाँटी गई है। पशुपालन विभाग द्वारा अब तक बाढ़ क्षेत्र में 133 क्विंटल भूसा बाँटा गया, 785 पशुओं का टीकाकरण किया गया तथा 540 पशुओं का इलाज किया गया। उप जिलाधिकारी तथा पूरी राजस्व टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कैम्प कर रही है। पंचायत राज विभाग, स्वास्थय विभाग, पशुपालन विभाग पुलिस विभाग के अधिकारी भी बाढ़ क्षेत्र में मौजूद है। जनपद जालौन का बाढ़ कंट्रोल रूम (05162-257090, 7307564677) जिलाधिकारी कार्यालय में चौबीस घंटे क्रियाशील हैं। वर्तमान जलस्तर 108.61 मीटर है तथा प्राप्त सूचना के अनुसार जल स्तर में कमी होना संभावित है परंतु जिला प्रशासन की टीम सतर्क दृष्टि बनाए हुए है।

खबरें एक नजर में

सरयू नदी में बढ़ रहे जल स्तर से तराई क्षेत्र में मचा हड़कंप

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी की तलहटी में बसे सभी गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। नदी के बढ़ते जलस्तर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने गांवों से पलायन कर ऊंचे स्थानों पर आसरा बनाना शुरू कर दिया है। वहीं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने भी बचाव एवं राहत के इंतजाम शुरू कर दिए हैं। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा के साथ बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का अवलोकन कर राजस्व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। रविवार को सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढते हुए लाला पुरवा, सरदहा, ढेखवा, कोठीडीहा, सिरौलीगुंग, बघौली पुरवा, गोबरहा, तेलवारी, सरांय सुरजन, सहित नदी की तलहटी में बसे सभी गांवों में पहुंच गया। जिससे ग्रामीण गांव छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने बांध और स्पारों पर रहने के लिए अपने आशियाने बनाना शुरू कर दिया। बघौली पुरवा की रामरती अपने पति के साथ बांध पर शरण लेने पहुंची और आशियाना बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने ने बताया कि बाढ़ का पानी घर में भर गया है। आधी रात से ही जाग कर गांव से बाहर निकलने का इंतजाम शुरू कर दिया था। दिन में दो बजे तक बिना कुछ खाए पीए ही आशियाना बनाने में लगे हैं। इसी गांव की सुमिरता और पप्पी ने बताया कि गांव से निकलने वाला रास्ता बह गया है। अब आने जाने में काफी मुश्किल होती है जान जोखिम में डालकर सामान निकाल कर लाया जा रहा है। गांव में अभी तक नाव नहीं लगी है। थोड़ी देर बाद एसडीएम जब बंधे पर पहुंची तो इन ग्रामीणों ने उन्हें घेर कर अपनी समस्या से अवगत कराया।

दरगाह पर पैगंबर सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम की पैदाइश की खुशी में जलसा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। नगर पंचायत सुबेहा में मियाछावन शाह की दरगाह पर पैगंबर सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम की पैदाइश की खुशी में जलसा ईदुल मिलादुल नबी का आयोजन किया गया। किला दरवाजा वार्ड सभासद पति रिजवान खा द्वारा आयोजित इस जुलूस में जनपद अमेठी जगदीशपुर से आये मौलाना मुख्तार अहमद अशरफी ने पैगंबर हुजूर सल्लल्लाहू अलैहे वसल्लम की पैदाइश पर बयान पेश किया और उनके बताए गए रास्ते पर अमल करने की नसीहत दी । उन्होंने बताया कि सोमवार को 12 रबी उल अव्वल को शांति व अकीदत के साथ जुलूस अपने पुराने रास्ते जामा मस्जिद हवेली से किला दरवाजा महतेली टोला जवाहर नगर होते हुए बस स्टॉप मियां छावन बाबा की दरगाह तक निकाला जाएगा । जहां पर सलातो सलाम पढ़कर जुलूस का समापन कर दिया जाएगा। शायर सरताज रजा ने हुजूर की शान में नात ए कलाम पेश की ।हाफिज सलमान ने जलसे की निजामत की। आखिर में मौलाना मो इलियास ने दुआ पढ़कर देश में अमन चैन व शांति की दुआ की गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी अदनान हुसैन, कारी याकूब साहब , कारी मो अकमल हैदर अली ,नसीब अहमद,जुनेद खां, अकरम राजा ,मौलवी रकीब , कमरुद्दीन, सलीम, अकमल शाह, अफजान खा के अलावा कस्बा व आसपास के गांव से आये हजारों लोग मौजूद रहे।

54 हजार से अधिक लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

बाराबंकी। भाजपाइयों ने रविवार को जिले 500 बूथों पर दिन भर पसीना बहाकर भाजपा के सदस्यता अभियान को धार दी।जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला पदाधिकारी एवम वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक दिन में 54 690 सदस्य बना डाले। जिला प्रभारी,खाद्य एवम रसद राज्यमंत्री,पूर्व सांसद एवम विधायको सहित सभी अपने अपने निर्धारित बूथों पर रविवार को दिन भर सदस्यता अभियान में लगे रहे।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने हरख मंडल बूथ संख्या 338 व 339 पर सदस्यता अभियान चलाया।जिला प्रभारी ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी और परिवार विस्तार है,जिसमे सभी वर्गो को निष्पक्षता जोड़ा जा रहा है।कहा कि पार्टी अपने सदस्यता अभियान के जरिए मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों को भी जन जन तक पहुंचा रही है। भारी संख्या में महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि रविवार विशेष अभियान चलाकर 54690 सदस्य बनाए। कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूरा कर लेंगे।

समस्याओं और अनियमितताओं को लेकर शिक्षकों का ज्ञापन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं व अनियमितताओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ हैदरगढ़ का प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में रविवार को विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत से उनके आवास पर मिला। विधायक से मिल कर शिक्षकों ने शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओ को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने विधायक दिनेश रावत को विकासखंड हैदरगढ़ में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर अवगत कराया। शिक्षकों ने विधायक से अपनी माँग रखते हुए बताया की वर्तमान में खण्ड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ सुनील कुमार गौड़ की कार्यशैली शिक्षक हितों के विरुद्ध और अनियमितताओं से भरी हुयी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध साक्ष्य सहित कई आरोप लगाते हुए जाँच कराके आवश्यक कार्यवाही किए जाने की माँग प्रतिनिधिमंडल ने की। इतना ही नही समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया की खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दलालों की पौ बारह है और खण्ड शिक्षा अधिकारी कभी भी जनता दर्शन के समय अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है, जिस कारण मजबूरन जनता व शिक्षकों को तथाकथित दलालों के माध्यम से काम कराना पड़ता है। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय से जब बात भी की जाती है तो हमेशा एक ही जवाब होता है कि मीटिंग में है और कभी फ़ोन भी नहीं उठाते है मुख्यालय में यदा कदा रहते है। विधायक ने सभी शिक्षकों से बात की जिसमें सभी ने अवैध वसूली सहित कई आरोप लगाते हुए जाँच की माँग की। तत्क्रम में विधायक द्वारा ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों को उक़्त मामले में जाँच समिति गठित करके तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये, साथ ही विभागीय स्तर पर ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी को भी मामले से अवगत कराया। उच्चाधिकारी द्वारा समिति गठित कर तत्काल कार्यवाही लिए जाने की बात कही गई। इस मौक़े पर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष विकास पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, यूटा ज़िला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री कुलदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, अमरेन्द्र शर्मा, सुजीत शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अनूप सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लक्ष्य प्राप्त करें: वेद

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रविवार को कैंप कार्यालय पर विधानसभा अयोध्या के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क और सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि हमें जनता के बीच जाकर अपना जनसंपर्क बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करानी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अयोध्या विधानसभा में सदस्यता अभियान का अधिक से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर हम पूरे प्रदेश के लिए नजीर साबित होंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकास की सोच को लेकर आगे बढ़ना है। इसके लिए हमें भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता बढ़ाते हुए हर तबके को अपने साथ जोड़ते हुए सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना को सिद्ध करना है।

इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

डिजिटल रैंकिंग में जिला अस्पताल को मिला देश मे चौथा स्थान

बाराबंकी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना के तहत रजिस्ट्रेशन व स्कैनर शेयर में जिला अस्पताल पुरुष लगातार शानदार उपलब्धि हासिल की है। जिला अस्पताल ने पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है इसके लिए पूरे अस्पताल की टीम को सभी चिकित्सकों और सभी चिकित्सा कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं। जिला अस्पताल ने एम्स दिल्ली और भोपाल तथा नोएडा के बाद पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में बलरामपुर चिकित्सालय एवं लोकबंधु चिकित्सालय एवं प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज से आगे जिला अस्पताल ने अपना स्थान बनाया है।

ट्रक की चपेट में आकर मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर भड़खोरिया गांव के पास रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में ट्रक की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत पड़रिया मजरे लाही गांव निवासी 35 वर्षीय परागी पुत्र मंगल रावत मजदूरी करके लाही अपने परिवार का पेट पालता है। परिवार में पत्नी के अलावा पुत्र हिमांशु 11 वर्ष, वंशू 5 वर्ष एवं पुत्री वंशी 9 वर्ष है। रविवार की सुबह वह मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने के लिए हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर आया हुआ था ।यहां से पेट्रोल लेने के बाद वापस लौटते समय सुबह लगभग 7 बजे पीछे से आए ट्रक ने मोटरसाइकिल में ठोकर मार दी । जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पता चला है कि मृतक भूमिहीन था और मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था। घटना के बाद ट्रक खाई में पलट गया इसके बाद चालक और क्लीनर मौके से भाग खड़े हुए देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए सूचना पाकर पहुंची पुलिस मृतक की मोटरसाइकिल को जहां कोतवाली ले आई वहीं शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

आईटीएम गीडा में नेशनल इंजीनियर डे के अवसर पर सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर एवं द इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में नेशनल इंजीनियर डे के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया7 कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया 7 इस वर्ष नेशनल इंजीनियर्स डे 2024 का थीम ÷ ड्राइविंग सस्टेनेबिलिटी विद इंजीनियरिंग सालूशन्स एंब्रेसिंग द लेटेस्ट एआई ड्राइवन टेक्नोलॉजीज पर आधारित रहा 7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग एवं एमएमयूटी एलुमुनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष इं जे बी रॉय रहे उन्होंने सबको संबोधित करते हुए कहा कि इंजिनियर अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेता है एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य भी करता है। मोक्षगुंडम विश्वेसरैया जिनका जन्मदिन हम मना रहे हैं उनके द्वारा निर्मित कृष्णा सागर बांध जो आज से 94 वर्ष पूर्व बनाया गया था आज के वर्तमान परिवेश के सभी मानकों को पूरा कर रहा है, इससे हम समझ सकते हैं कि मोक्षगुंडम विश्वेसरैया जी कितने दूरदर्शी थे। उन्होंने कहा कि विश्वसरैया जी ने कहा था, एक इंजीनियर का काम सिर्फ मशीनें बनाना नहीं है, बल्कि एक बेहतर समाज का निर्माण करना है। उनके इस विचार को हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष इं पी के मिश्रा ने कहा कि डॉ. मोक्षगुंडम ने 32 साल की उम्र में सिंधु नदी से सुक्कुर कस्बे तक पानी पहुंचाने के लिए एक प्लान बनाया। वो प्लान सभी इंजीनियरों को पसंद आया। उन्होंने बांध से पानी के बहाव को रोकने के लिए स्टील के दरवाजे बनवाए, जिसकी तारीफ ब्रिटिश अधिकारियों ने भी की। इसे ब्लॉक सिस्टम कहा जाता है, जिसका श्रेय विश्वेश्वरैया को जाता है। इस तकनीक का आज भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी काम को लेकर विश्वेश्वरैया को कर्नाटक का भागीरथ भी कहा जाता है और आज के युवाओं को इनसे प्रेरणा लेकर समाज निर्माण के लिए एआई जैसे आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सिंह के द्वारा किया गया।

मोहल्लेवासियों के लिये जलापूर्ति बनी जी का जंजाल, डीएम से लगायी गुहार

जालौन (उरई)। मोहल्ले में पानी की पुरानी पाइप लाइन के जर्जर होने से पेयजल के लिए दिक्कत होती है। मोहल्लेवासी ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए नई पाइप लाइन डलवाने की मांग डीएम से की है।

मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने बताया कि वाल्मीकि मंदिर से बाजार तक दशकों पुरानी पाइप लाइन डली हुई है। जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है। ऐसे में घरों में पेयजल के लिए काफी कम पानी मिल रहा है। वर्तमान में नगर में नई पाइप लाइन डाली जा रही है। नई पाइप लाइन से पानी सही आ रहा है। लेकिन अभी तक उनके मोहल्ले में पानी की नई पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिसके चलते मोहल्ले के लोग लगातार पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मोहल्ले में नई पाइन लाइन बिछाई जा ताकि पेयजल की समस्या दूर हो सके।

राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों का हित ध्यान में रखकर कराए जाते हैं सुलह समझौते: जिला जज

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है।सुलह समझौता के दौरान सभी का मान,सम्मान बना रहे और सभी को न्याय मिले,इसका ध्यान रखा जाता है।राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है।शनिवार को यह बातें बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कही।वे जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। जनपद न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इतिहास में दर्ज है कि सदियों पहले जब अदालतें नहीं हुआ करती थी,तब दो पक्षों के आपसी मतभेद को सुलह समझौता के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्ति एक निर्धारित स्थल पर बैठकर दोनों पक्षों की बातें सुनते थे और यह निर्णय लेते थे कि दोनों पक्षों का हित किसमें हैं? इसी को देखते हुए सुलह समझौता कराया जाता था और समाज में इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई पड़ते थे।उन्होंने कहा कि सुलह समझौते में दोनों पक्षों के मध्य आपसी क्लेश,मतभेद और दुर्भावना समाप्त हो जाती थी।लोक कल्याण की भावना से ओत प्रोत उसी स्वरूप को माननीय उच्चतम न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल, एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह समझौता के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने का निर्देश दिये जाते हैं,जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी समाहित रहती है।उन्होंने कहा कि लोग मिलजुल कर प्रेम भावना से रहे,जो समाज एवं राष्ट्र के हित में है।यदि आपसी मतभेद पनपते भी हैं,तो उसे शांति और सद्भाव के साथ समाप्त करने का प्रथम प्रयास दोनों पक्षों द्वारा किया जाना चाहिए।यदि प्रथम प्रयास में दोनों पक्ष सफल नहीं होते है तभी उन्हें न्यायालय के शरण जाना चाहिए।उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालय परिसर के अतिरिक्त कलेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों में आपसी सुलह समझौता के आधार पर वादों का निस्तारण कराया जाएगा।इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में आने वाले दोनों पक्षों के बैठने,शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था करायी गई है।लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्तियों की सुविधा का ख्याल रखा गया है और यह प्रयास किया जा रहा है कि इस वृहद लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से समाप्त कराकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य का लाभ दिलाया जा सके।उन्होंने बताया की धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद,विद्युत एवं जलवाद बिल, (अशमनीय वादों को छोड़कर) अन्य आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद,पारिवारिक विवाद,भूमि अधिग्रहण वाद,सर्विस मैटर से संबन्धित वेतन,भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद,जो जनपद न्यायालय में लम्बित हों,अन्य सिविल वाद आदि निस्तारित किये गए हैं।वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।अपर जिला जज व राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी श्रीमती नूरी अनुसार तथा अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने बताया वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44807 वादों को निस्तारित किया गया तथा कुल समझौता राशि 147860862 रुपए वसूल की गई जिसमें पीठासीन अधिकारी (वर्चुअल कोर्ट) प्रत्युश आनंद मिश्रा द्वारा 15 हजार वादों का निस्तारण किया गया, जो कि अत्यंत सराहनीय है।न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण शेषमणि द्वारा कुल 115 वाद निस्तारण हेतु नियत थे,जिसमें से कुल 83 वाद निस्तारित किये गये,जिस पर कुल 56365423 रुपए की धनराशि क्षतिपूर्ति निर्धारित की गयी।बैंक रिकवरी से संबन्धित 1090 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किये गये तथा बैंक संबन्धित ऋण 65110161 रूपए वसूल किये गये,जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक वाद निस्तारित किये गये हैं।यह एल.डी.एम गणेश सिंह यादव द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम है।पारिवारिक विवाद से सम्बन्धित 46 मुकदमों को निस्तारित किया गया है, जिसमें कई पुराने वाद निस्तारित किये गये।संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 7015 वाद निस्तारित किया गया,जिसके एवज में कुल मु. 114015 रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 2170 वाद,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 2009 वादों का तथा सिविल न्यायालय द्वारा कुल 108 मामलों का निस्तारण किया गया, जो विगत लोक अदालत की तुलना में अधिक वाद निस्तारित किया गया है। राजस्व मामलों से संबन्धित 21437 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये।इस दौरान राहुल कुमार कात्यायन,प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव-तृतीय, पीठासीन अधिकारी, कामर्शियल न्यायालय, श्रीमती अल्पना सक्सेना, अपर प्रधान न्यायाधीश,पारिवारिक न्यायालय एवं अपर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा,नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीमती नूरी अंसार अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-द्वितीय व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

ससुराल आये व्यक्ति पर बंदरों ने बोला हमला, छत से कूंदने से हुये घायल

कालपी (जालौन)। ससुराल में मेहमानबाजी करने आया व्यक्ति बंदरों के आतंक का शिकार हो गया। हमले से बचने के लिए छत से कूंदने के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। नगर में बंदरों की बढ़ती आबादी और आतंक किसी से छिपा नही है। वह कब किसका सामान उठा ले जाए और कब हमला कर दे इसका कोई भरोसा नहीं है। आलम यह है कि नगर में वह प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक लोगो को काट लेते हैं इतना ही नहीं उनके हमलों में कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं जिसको लेकर जनता कई बार पालिका के जिम्मेदारो के साथ वन विभाग तक फरियाद कर चुके हैं लेकिन समस्या का हल होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। नगर निवासी गुड्डन तिवारी के मुताबिक कदौरा फाटक निवासी कुददूस के घर उसके बहनोई शमीम पुत्र खैराती निवासी इटावा मेहमानबाजी करने आये थे।

कार्यालय ग्रा0पं0 टिमरुआ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः नीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 15/09/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिमरुआ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/09/2024 से 22/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	प्रमोद के घर से अजब सिंह के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	2.57 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रामवीर राजपूत) सचिव (संजय सक्सेना)

ग्राम पंचायत टिमरुआ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

- स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ पर ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान तथा राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155 वें जन्म दिवस के अवसर पर 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सतत् 155 घण्टे का स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कही। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कहा कि इस अभियान को सफल बनाये जाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं श्रमदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आमंत्रित किया जाये। कहा कि इस अभियान का शुभारम्भ 17 सितंबर को नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर किया जायेगा कहा कि इस अभियान के तहत सड़कों, गलियो इत्यादि सफाई सुनिश्चित की जाए। दैनिक जीवन एवं स्कूल परिसरों में साफ-सफाई व्यवस्था तथा स्कूल परिसरों को प्रतिबन्धित प्लास्टिक मुक्त करने हेतु शिक्षकों एवं छात्रों को शपथ दिलाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये। नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर पार्कों, सड़कों, फुटपाथों एवं पार्किंग क्षेत्रों में से अतिक्रमण हटाए जाने पर भी कार्यवाही की जाये। इसी कड़ी में विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को संवेदनशीलता की स्वच्छता में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु साफ-सफाई अभियान में के साथ पकडकर गो आश्रय स्थलों में रखा जाये।

शौचालय में गदंगी से मरीज व तीमारदार परेशान

- इमरजेंसी वार्ड में बने शौचालयों की प्रतिदिन नहीं हो रही सफाई
- नाक पर रूमाल लगाकर किसी तरह से शौचालय जाते हैं मरीज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी परिसर में बने शौचालय सफाई कर्मचारियों की लापरवाही व अनदेखी के चलते गंदगी से पटे हैं। जिस बजह से इमरजेंसी में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी दिक्कतें आ रही है। भीषण गंदगी व बदबू के मध्य मरीज व तीमारदार किसी तरह से लघुशंका व शौचालय में जा रहे है। कई मरीजों ने बताया कि शिकायत करने के बाद भी सफाई नहीं हो रही है। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शौचालय बना रखा है। इसकी साफ-सफाई के लिए कर्मचारी भी तैनात है। इसके बावजूद भी शौचालय की सफाई नियमित नहीं होती है। जिस बजह से गंदगी व बदबू का साम्राज्य कायम है। इन शौचालयों में जाने वाले मरीज व उनके तीमारदार अपने नाक पर रूमाल लगाकर किसी तरह से नित्य क्रिया से निपटते हैं। इमरजेंसी में भर्ती कई मरीजों ने अपने नाम न छापने की बात कहकर बताया कि उन्होने स्टॉफ नर्स व डॉक्टरों से शौचालय के गंदे होने की बात कही है। यह भी बताया कि मरीजों को इससे काफी दिक्कतें हो रही है। इसके बावजूद भी शौचालय की सफाई नहीं हो रही है। उधर इस प्रकरण में मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड व शौचालय का निरीक्षण अक्सर किया जाता है। शौचालय गंदे होने की शिकायत अभी तक उन्हे नहीं मिली है। फिर भी वह खुद निरीक्षण करेगें। शिकायत सही पाई गई, तो सम्बन्धित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

- मुठभेड़ में पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार
- बस्ता और फतुआपुर गांव में पड़ी डकैती की वारदात में थे शामिल

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

थाना ठठिया क्षेत्र के अलियापुर गांव के सामने खैरनगर मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग हो गई। एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल भी हुआ है। पुलिस की गोली से घायल बदमाश गिरोह का सरगना बताया गया। बता दे ठठिया थाना क्षेत्र के बस्ता और फतुआपुर गांव में पड़ी डकैती की वारदात में भी शामिल थे। वहीं इन शातिर बदमाशों पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से नकदी, जेवरात और बाइक बरामद की है। शनिवार देर रात करीब दो बजे पुलिस संदिग्धों की तलाश में खैरनगर मार्ग पर आलियापुर गांव के सामने वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन संदिग्ध आते दिखे। पुलिस को देख बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी इन बाइक सवारों का पीछा किया। लेकिन इस बीच बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और बाइक सवारों के बीच जवाबी फायरिंग में एक बाइक सवार को गोली लगी। जबकि दो अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच पड़ताल में सामने आया। कि जिन बाइक सवारों से पुलिस की मुठभेड़ हुई वो शातिर किस्म के बदमाश हैं। इनमें गिरोह के सरगना विवेक उर्फ पिंकू पुलिस की गोली से घायल हुआ है। इसके दो अन्य साथी कृष्णा और हंसू को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये बदमाश हरदोई जिले के नानागंज झाला के बताये जा रहे है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये बदमाश बीते तीन सितंबर को ठठिया थाना क्षेत्र के बस्ता और फतुआपुर में पड़ी डकैती की वारदात में भी शामिल थे। इन बदमाशों में सरगना विवेक पर 25 हजार का इनाम भी पुलिस ने घोषित कर रखा था। पुलिस की गोली से घायल बदमाश को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस गिरोह के दो अन्य बदमाश पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने इन शातिर बदमाशों के कब्जे से एक बाइक,13 हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी भी बरामद की। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने अस्पताल पहुँचकर घायल बदमाश से पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाई शुरू की।

युवा मोर्चा ने छिबरामऊ देहात मण्डल के कई ग्राम सभा में चलाया सदस्यता अभियान

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

युवा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के निमित्त शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार युवा मोर्चा ने छिबरामऊ देहात मण्डल के ग्राम-बेहटा, भीकमपुर सानी,त्यौर आदि ग्राम में सदस्यता अभियान चलाया जिसमें मण्डल के प्रवासी युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला ने घर घर जाकर लोगों से संपर्क करके केंद्र और प्रदेश की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराके भाजपा में जुड़ने के लिए आग्रह किया जिसमें अच्छी संख्या सदस्य बने इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंशू पाल,मण्डल महामंत्री हिमांशु तिवारी, मंत्री सूरज दुबे, अरविंद बाथम, राघव, नितेश शर्मा, अंकित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गॉड ऑफऑनर के साथ शहीद को दी गई मुखाग्नि

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। शहीद जवान विवेक द्विवेदी का शव लखनऊ की सीआरपीएफबटालियन द्वारा रविवार की सुबह जैसे ही ग्राम मधवापुर स्थित आवास पर लाया गया परिजनों में कोहराम मच गया। च्यवन आश्रम गंगा घाट पर शहीद जवान को गॉड आफ्ओनर के साथ सलामी दी गई। उसके उपरांत परिजनों द्वारा मुखाग्नि देकर अंत्येष्टि की गई। रविवार की सुबह लखनऊ सीआरपीएफ 93 बटालियन के के सहायक कमांडेंट राजीव थापा के नेतृत्व में 17 जवानों की टीम द्वारा वीर शहीद विवेक द्विवेदी के शव को जैसे ही उनके आवास पर लाया गया। परिजनों में कोहराम मच गया भारी संख्या में ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधि भी श्रद्धांजलि के लिए पहुंचे। सूचना पर नौरंगपुर चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार तिवारी ने सीआरपीएफनिरीक्षक रोहित कुमार शुक्ला से पूरी जानकारी लेकर सूचना उच्चाधिकारियों को दी मौके पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार द्विवेदी भी पहुंचे। बताते चलें कि क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी 52 वर्षीय विवेक द्विवेदी पुत्र राम सरन लखनऊ में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। अपने कार्यकाल के दौरान वह कोलकाता अहमदाबाद जम्मू कश्मीर लखनऊ असम आदि स्थान पर तैनात रहकर देश की सेवा कर रहे थे। प्रमोशन के लिए वह वर्तमान समय में गुवाहाटी में ट्रेनिंग कर रहे थे अभी 4 दिन ही बाकी थे ट्रेनिंग खत्म होने वाली थी कि अचानक शनिवार ब्रेन अटैक पड़ने के कारण इलाज के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया था। गंगा घाट पर अंत्येष्टि के दौरान गॉड ऑफओनर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ठाकुर विनय सिंह, कांग्रेसी नेता ओंकारनाथ त्रिपाठी, पत्रकार सहायता एसोसियेन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजीत मिश्रा, हरी बाबू अग्निहोत्री, गिरीश द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

खौलते दूध में गिरी दो वर्षीय बालिका, झुलसी

तिर्वा। सदर कोतवाली क्षेत्र के मानपुर गांव में दो बर्षीय बच्ची खौलते दूध में गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर हालत में परिजनों ने बालिका को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है। मानपुर गांव निवासी राजवीर दूध का कारोबार करते हैं। रविवार की सुबह घर में भगौने पर दूध गर्म हो रहा था। उनकी दो बर्षीय बच्ची जमुना खेल रही थी। अचानक वह खेलते खेलते खौलते दूध में गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से उसको राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। गर्म दूध में गिरने से उसके शरीर पर कई स्थानों पर फफोले पड़ गए। मेडिकल कॉलेज के वर्न वार्ड में उसका उपचार चल रहा है।

अनंत चतुर्दशी पर बंद रहेगी मीट-मांस की दुकानें

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया है कि शासन से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में जैन धर्म के मुख्य पर्व- दसलक्षण के अंतिम दिन अर्थात अनंत चतुर्दशी 17 सितम्बर के दिन जनपद की समस्त पशुवधशालाओं एवं मीट-मांस की दुकानों को बंद रखा जायेगा। उन्होंने आदेशित किया कि उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

दुकानदार को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के मोहल्ला बस्तीराम निवासी धर्मेंद्र दुबे पुत्र शांति शरण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शनिवार की शाम को अपनी दुकान पर था तभी आकाश शुक्ला व मोनू अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे व लोहे की रॉड से मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

ई-रिक्शा चालक को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी मिथुन कुमार पुत्र मिडई लाल जाटव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है 04 सितंबर की सुबह वह अपने घर में था तभी गांव के ही संजीव, सोनू, काशीराम दरवाजे पर आए और रिक्शा में टक्कर मारने के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

पूर्व राज्यमंत्री नें भगवान श्री गणेश की पूजा वंदना की

- गणपति बप्पा मोरिया के गूंजे गगनभेदी नारे, बंटा प्रसाद

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

गणेश महोत्सव के चलते पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सहित कार्यकर्ताओं के साथ नगर के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर आरती उतारकर पूजा बंदना की। इस दौरान श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा मोरिया के गगनभेदी जयकारे लगाकर नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया।

बीती शाम पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें समर्थकों के साथ नगर के मोहल्ला रामगंज, चकोर रोड, तिर्वा रोड, अशोकनगर सहित अन्य स्थानों पर स्थापित भगवान गणेश जी प्रतिमा की श्रद्धालुओं के साथ पूजा वंदना एवं आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। वहीं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में पूजा स्थलों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्री महामंत्री विनय वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, नीरज मिश्रा, उमाकान्त सैनी, राजेश खन्ना, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता बडे, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, भाजयुमों नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, सचिन शर्मा, मनोज गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता आदि ने पूजा अर्चना की।

शव महकते हैं लेकिन वह खुश्बू कहां जो हमारे नवी के पसीने में हैं: मौलाना सिवली

- अपने नवी के बताए रास्ते पर चलने का दिया गया संदेश

समधन, समृद्धि न्यूज़

जलसा में तकरीर करतें मौलाना सिवली समृद्धि न्यूज

कस्बा समधन के रिहुआ में एक रोजा अजीमुश्शान जलसा सीरतुन्नबी का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना ने अपने बयान में दीनी बातें बताई गई। बीता शनिवार रात समधन नगर के रिहुआ में जलसा कार्यक्रम आयोजित हुआ जलसा का आगाज़ कुरान पाक की तिलावत से हुआ जलसा की निजामत बंथल के कारी अब्दुल रहीम ने की जिसमें जिला बहराइच से आये मौलाना सिवली ने दीनी बातें बताते हुए कहा कि शव महकते हैं लेकिन वह खुश्बू कहां जो हमारे नवी के पसीने में हैं। आगे उन्होंने कहा कि आज सारी दुनिया लड़कियों के लिए जहमत बनी हुई है कुराने करीम में अल्लाह ताला ने लड़कियों बाली आयत पहले और लड़कों बाली आयत वाद में दी है हम सब अपनी-अपनी बच्चियों की अच्छे से कद्र करें। अपने ईमान की रस्सी को मजबूती से थामें रहने का संदेश दिया गया। इससे पहले मो0 सादाब शेख कन्नौजी ने नात-ए-पाक में कहा कि सिक्का नवी के नाम का चलता चला गया उंगली का जो एक इसारा आका ने कर दिया सोना पहाड़ों से निकलता चला गया, पत्थर था जो दिल वो भी पिघलता चला गया इसके बाद बाद आजमगढ़ से आये असद आजमी ने नाते पाक पढ़ते हुए कहा कि ए मां तेरा आंचल सभी आचल से प्यारा है, पड़े होंगे जब सजदे में शाहे दो आलम वहां होगा नफसी नफसी का आलम, जाऊंगा मदीना चलों आका के दरवार वह दरवार ला जवाब हैं। जलसा की सरपरस्ती कारी अब्दुल हसीब ने की इस अवसर पर हाफिज जाहिद, मो0 आरिफ,गामा, जैनुद्दीन, तालिब, फहीम शेख, मौलाना अब्दुल्ला कासमी, रासिद, साजिद, हासिम, सलमान, जैनुद्दीन, मोहसिन खां, आदि मौजूद रहे।

गौरा जी राज दुलारे सबकी आंखों के तारे उनका है सारा संसार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

सौरिख मे पुराना शिव मंदिर अस्पताल रोड में 10 वर्षों से होने वाले आयोजित कार्यक्रम श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के प्रदेश उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिंद्रा एंड महिंद्रा ट्रैक्टर के मालिक सेठ आनंद गुप्ता ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी व माला पहनकर उनसे अर्जी लगाई और भजन की धुन पर नाच गाने ने के बाद समिति के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि का कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट किये। इस दौरान सेठ आनंद गुप्ता जी ने कहा कि निरंतर चलने वाले इस कार्यक्रम को10 वर्ष पूरे हुए हैं इस अवसर पर मे कमेटी के पदाधिकारियो को बहुत धन्यवाद देता हूँ और यह बहुत गर्व की बात और सौभाग्य की बात है मुझे बहुत खुशी है कि कमेटी द्वारा संचालित भगवान श्री गणेश की आरती करने का अवसर मिलता है इस दौरान एक भजन भी सेट आनंद गुप्ता जी ने भक्तों को एक भजन सुनाया गौरा जी राज दुलारे हम सब की आंखों के तारे उनका है सारा संसार जिससे सभी भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान चैयरमेन राहुल गुप्ता, ओमी चतुर्वेदी, सजक गुप्ता, जय गुप्ता, विशाल दुबे, मनोज गुप्ता,पूर्व सभासद अनिल कुमार, निगम दुबे अश्वनी गुप्ता, राजू गुप्ता श्याम जी गुप्ता शिवम अतुल गुप्ता राजू यादव सहित कई भक्तगण मौजूद रहे।

ष्ठथष्ठथष्ठथष्ठथ हिंदी पखवाड़ा में हुई वाद विवाद प्रतियोगिता

हमारा मान सम्मान व अभिमान है हिंदी : अज्ञात

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

श्री आरएस लाल देवकी किडजी ग्लोबल स्कूल में हिंदी पखवाड़ा में आयोजित वादविवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विख्यात कवि एवं साहित्यकार ओम प्रकाश शुक्ल 'अज्ञात' ने कहा हिंदी हमारा मान सम्मान व अभिमान है।

उन्होंने कहा सितंबर 1949 को हिंदी को औपचारिक भाषा का दर्जा दिया गया था। उसके बाद से ही भाषा के विस्तार और लोगों को इसका महत्व समझाने के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारत के लिए हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं है, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर %ग्रामीण अथवा शहरी जीवन में कौन सा जीवन अच्छा है% विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। रामधारी सिंह दिनकर समूह से कनिष्का, शगुन, अफ़नान, लवकुश, आराध्या भदौरिया व कृष्णप्रिया पाल ने आज के परिवेश में ग्रामीण जीवन को अच्छा बताया जबकि महादेवी वर्मा समूह से उत्कर्ष, जसमीत, अंशिका, लक्ष्य, सूर्यांश दीक्षित व आराध्या सिंह ने शहरी जीवन को अधिक उपयोगी बताया। दोनों ही समूहों के बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। काफी माथापच्ची के बाद निर्णायक हिमांशु सिंह चौहान, आरबी सिंह एवं प्रीति चौहान ने ग्रामीण जीवन को अच्छा बताने वाले रामधारी सिंह दिनकर समूह को वाद विवाद प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया। विजेता समूह के प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य बरखा अवस्थी, उप प्रधानाचार्य प्रीति शुक्ला, कोऑर्डिनेटर शुभम कमल व प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

भैंस चराने गये युवक की बूढ़ी गंगा में डूबने से मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज

भैंस चराने गए युवक की बूढ़ी गंगा में डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। स्वजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी नेकसू का 23 वर्षीय पुत्र पूरन रविवार सुबह भैंस चराने खेतों की तरफगया था। भैंसें खेतो के निकट निकली बूढ़ी गंगा में घुस गयीं। उन्हें निकालने के लिए युवक भी बूढ़ी गंगा में घुस गया। गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। युवक के शाम तक घर वापस

मृतक का फाइल फोटो

रोते बिलखते मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन की। ग्रामीणों ने युवक की चप्पलें बूढ़ी गंगा में उतराती देख स्वजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने मामले की सूचना तहसील प्रशासन को दी। तहसीलदार मनीष वर्मा, कानूनगो रोहित अवस्थी, हल्का लेखपाल सुनील यादव ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। स्वजनों ने पुलिस को सूचना देने से मना कर दिया। मृतक तीन भाइयों नन्नू व नीलेश में सबसे बड़ा था। मृतक की माता वर्मा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की सूचना नहीं मिली है।

युवक की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी प्रयाग्यू दीक्षित उम्र 18 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार दीक्षित घर पर मोबाइल फोन चला था, तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन आनन-फानन मे सामुदायिक स्वास्थ्य मे लेकर आये। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

चारा काटते समय युवक का हाथ कटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

चारा काटते समय युवक का हाथ कट गया। परिजन उशे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अहमदगंज निवासी सौरभ चतुर्वेदी उम्र 28 वर्षीय पुत्र देवेन्द्र मवेशियों के लिए चारा काट रहा था, तभी अचानक उसका हाथ चारा मशीन में चला गया। जिससे उसका हाथ कट गया। आनन-फानन में परिजन घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

छिबरामऊ पुलिस ने की अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के घर की कुर्की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

माफिया अनुपम दुबे के छोटे भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के आवास कसरट्टा पर कोतवाली छिबरामऊ जनपद कन्नौज की पुलिस ने आकर कुर्की की कार्यवाही की।

जानकारी के अनुसार अनुराग दुबे उर्फ डब्बन पर कोतवाली छिबरामऊ जिला कन्नौज पर वादी राजेश सिंह चौहान ने मु0अ0सं0 525/2021 525/2021 धारा-395, 341, 504, 506, 427 आई.पी.सी. में दर्ज कराया था। जिसमें रविवार को अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के आवास पर प्रभारी क्राइम चंद्रप्रकाश तिवारी बड़ी संख्या में पुलिस बल लेकर अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के कसरट्टा स्थित आवास पर कुर्की करने पहुंचे। जहां पुलिस ने समस्त घरेलू सामान कुर्क किया। इस दौरान सीओ अमृतपुर रवींद्रनाथ भी मौजूद रहे। वहीं फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी अमोद सिंह ने बताया यह कुर्की कन्नौज जिला एवं सत्र न्यायालय डकैती कोर्ट के आदेश पर 06.09.2024 के अनुपालन में कराई जा रही है। जिसमें अगली तिथि 18.09.2024 नियत है।

कुर्की के दौरान मौजूद पुलिस समृद्धि न्यूज

खबरें चलते-चलते

गंगा में डूबी युवती गंगा के किनारे ग्रामीणों को मिली

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। गंगा में डूबी युवती को ग्रामीणों ने गंगा किनारे खड़े पेड़ के पास देखा। जिस पर युवती चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवती को ले जाकर प्रधान को सौंप दिया। प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गनीपुर निवासी एक युवती निशा उम्र 25 वर्ष को थाना क्षेत्र के गांव अज़ीज़ाबाद में गंगा के किनारे मिट्टी से सनी और भीगे कपड़े में पेड़ के पास ग्रामीणों ने खड़े देखा। ग्रामीणों को देख युवती ने चीख पुकार मचायी। जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवती को लेकर ग्राम प्रधान महेश चंद्र राजपूत के निवास पर पहुंचे। सूचना ग्राम प्रधान महेश चंद्र ने थाना अध्यक्ष अमित गंगवार को दी। थाना अध्यक्ष ने पुलिस भेजकर युवती को हिरासत में लिया और पूछताछ की। युवती ने अपने पिता और भाई पर ढाईघाट पुल पर गंगा में फेंकने का आरोप लगाया। थाना अध्यक्ष अमित गंगवार ने बताया युवती अपने पिता गंधर्व सिंह के ऊपर आरोप लगा रही है। वही जब पिता मोबाइल फोन से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि युवती की शादी नौ वर्ष पूर्व याकूतगंज निवासी मुनीश के साथ की थी। युवती ने दामाद से तलाक के लिए कागज तैयार किए थे। लगभग 14 दिन से यह गायब थी। गंगा में कैसे पहुंची हमें जानकारी नहीं है।

डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ी, मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसके कानपुर लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार संगीता पत्नी सत्तभान ठाकुर उम्र 45 साल निवासी पहाड़पुर थाना नवाबगंज की 13 सितंबर को डिलीवरी हुई थी। रविवार को करीब 9.30 बजे महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसको लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि डिलीवरी के बाद अधिक रक्तस्राव के कारण महिला की हालत बिगड़ गयी। जिस पर चिकित्सकों ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी। जिब परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मृतका के एक बेटा प्रिंस, दो बेटी वर्षा व दूसरी बेटी ने परसो जन्म लिया है। मृतका का पति एंबूलेंस चलाता है।

नाबालिक से दुष्कर्म की पीड़िता के जीजा ने दी पुलिस को तहरीर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक जो कि पीड़ित किशोरी का जीजा है ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मेरी 13 वर्षीय नाबालिक साली जो की शेरपुर सराय के प्राइमरी स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ती है। वह लगभग 15 दिन पूर्व विद्यालय में पढ़ने जा रही थी। उसके घर से बाहर निकलते ही गांव का ही लड़का राजाबाबू पुत्र किशनचंद मेरी साली को बहला फुसलाकर गांव के बाहर जंगल मे ले जाता था। जहां पर वह मेरी साली के साथ दुष्कर्म करता था तथा राजाबाबू मेरी साली को चाकू की नोक पर धमकी देता था कि अगर तुमने घरवालों को या बाहर वालों को कुछ बताया तो मैं तुम्हें जान से मार दूंगा। पिछले 15 दिनों में मेरी साली के साथ में राजाबाबू ने लगभग तीन चार बार दुष्कर्म किया तथा साली के साथ दुष्कर्म करते हुए फोटो खींचकर वायरल कर दी। उक्त घटना के समय दो अज्ञात लोग भी साथ रहते हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कहा कि जांच कार्यवाही की जाएगी।

पुत्री की अश्लील फोटो वायरल करने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव मॉडल शंकरपुर निवासी जगन्नाथ ने विकास कुमार निवासी वीरपुर थाना नबाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि मेरी पुत्री शादीशुदा है। आरोपी विकास कुमार ने शिवानी के कम्प्यूटर व कापीराइट से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने के नाम पर कई बार ठगी कर चुका है। अब वह फोटो को पुत्री के पति के पास भेजने लगा है तथा फेसबुक व व्हाट्सएप पर वायरल करने लगा है। मैंने उससे व उसके घर वालो से जब शिकायत की तो वह 21.8.2024 की शाम 4 बजे मेरे घर आकर गाली-गलौज किया।

बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने बैठक में उठायीं समस्यायें

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कायमगंज उपखण्ड रिटौल में बैठक की गई। जिसमे कहा है कि पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबन्ध न कराने, वेतन भुगतान में भेदभाव करने, वेतन रुपया 10,000/- निर्धारित न करने या सैनिक कल्याण निगम में तैनात कर्मचारियों कि भांति वेतन का भुगतान न करने या सामान कार्य का समान वेतन न देने, ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद भी मार्च 2023 में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0

बैठक में मौजूद विद्युत आउटसोर्स कर्मचारी समृद्धि न्यूज

द्वारा किये गये आन्दोलन के दौरान हटाये गये आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 04.09.2018 का उल्लघन कर पूर्व से कार्य कर रहे संविदा उपकेन्द्र परिचालकों के स्थान पर सैनिक कल्याण निगम से उपकेन्द्र परिचालकों को तैनात करने एवं कर्मचारियों का स्थानान्तरण करने, कर्मचारियों की दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश न लगाने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस उपचार न कराने, कार्य के दौरान विकलॉग हुए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति न देने, वार-वार निवेदन करने के वाबजूद भी ई0पी0एफ0 घोटाले की जाँच न कराने संबंधी मांगें उठायी गयीं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राम किशन, महामंत्री विष्णु सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष लाल मियां, संगठन मंत्री नावेद जमा, कायमगंज डिवीजन अध्यक्ष श्याम सिंह तथा सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति रही।

युवक जहर खुरानी गिरोह का शिकार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद निवासी पुष्पेन्द्र कुमार उम्र 28 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र सिंह दिल्ली-नोयडा के किसी हॉस्पीटल कर्मचारी है। रविवार को वह रोडवेज बस द्वारा अपने गॉव लौट रहा था। बस की सीट पर बैठे अज्ञात व्यक्ति ने उसे बिस्कुट खिला दिया। बिस्कुट खाने के बाद वह बेहोश हो गया। जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने बेहोशी की हालत में पुष्पेन्द्र की जेब से एक एन्ड्राइट फोन व 500 रुपये निकाल कर फरार हो गये। रोडवेज बस के परिचालक ने उसे उतार दिया। आसपास के लोगों की मदद से बेहोशी की हालत में पुष्पेन्द्र को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

युवक ने किशोरी को बाग में खींचकर की छेड़छाड़

पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को दी तहरीर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

खेत पर गई किशोरी को युवक द्वारा खींचकर बाग में छेड़छाड़ की गयी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी के पिता ने शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव अहुपुर निवासी गौतम पुत्र राजेंद्र सिंह के खिलाफ तहरीर देकर कहा है कि 13 सितंबर की शाम 5 बजे पुत्री खेतों की ओर गई थी। उसी दौरान आरोपी युवक ने किशोरी को जबरन पकड़ लिया और बाग की ओर खींच ले गया। जहां आरोपी द्वारा पुत्री के साथ अश्लीलता करने के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा पुत्री को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की जानकारी जब किशोरी ने परिवार के लोगों को दी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस चौकी फैजबाग को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। चौकी प्रभारी फैजबाग जितेंद्र कुमार ने बताया जांचोपरांत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

तालाब के पानी का निकास न होने से ग्रामीणों के घरों में घुसा पानी

ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष से लगायी गुहार, थानाध्यक्ष ने प्रधान से की बात

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

तालाब के पानी का निकास न होने के कारण जल भराव से ग्रामीणों के मकान गिरने लगे हैं। प्रधान के न सुनने पर ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष से गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार विकास खंड क्षेत्र मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सिरौली के मजरा नगला नादी के ग्रामीण रविवार को नवाबगंज थाना अध्यक्ष के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने बताया कि उनके गांव में तालाब है। जिसकी जल निकासी कहीं से नहीं हो पा रही है। जो बीते दिन हुई बरसात से गांव में चारों तरफ रास्ता जल भराव से अवरोध हो गया है और लोगों के घरों में पानी घुस गया है, लेकिन पानी का निकास न होने के कारण ग्राम प्रधान से ग्रामीणों ने समस्या का समाधान करने की मांग की, लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा ग्रामीणों की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिस पर रविवार को ग्रामीण नमन सिंह, अमित कुमार, बृजेश कुमार, अर्जुन सिंह, शेर सिंह समस्त निवासी नगला नादी थाना समाधान

निकास के रास्ते में भरा तालाब का पानी

दिवस के मौके पर थाने पर आए और थाना अध्यक्ष बलराज भाटी को अपनी समस्याएं बताईं। थाना अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्या को सुनकर तुरंत ही ग्राम प्रधान पति से फोन पर वार्ता की और ग्रामीणों की समस्य का समाधान करने की बात कही। ग्रामीणों को थाना अध्यक्ष ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

तीन कच्चे मकान हुए जमींदोज, लोग बाल-बाल बचे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। बरसात के बाद कच्चे मकान के गिरने का सिलसिला जारी है। आज फिर तीन मकान ढह गये। जिसमें परिजन बाल-बाल बच गये। जबकि गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया।

जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों तक झमाझम बरसात होने के बाद अब धूप का असर देखने को मिला है। बरसात के बाद जब भगवान भास्कर की नजारे तिरछी हुईं, तो गर्मी का दौर शुरू हो गया। लोग अपने घरों में छुपने लगे। बताते हैं कभी कच्चे मकान आम आदमी के लिए सुरक्षित माने जाते थे, लेकिन बरसात में कभी-कभी यही कच्चे आदमी के जान के दुश्मन बन जाते हैं। विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम कुइयांधीर मुजफ्फरपुर पट्टी में पिछले तीन दिनों से कच्चे मकानों के ढहने का सिलसिला जारी है। मुहल्ले के लोगों ने उस वक्त राहत

शमशाबाद में गिरा कच्चा मकान

की सांस ली जब उन्हें पता चला कच्चे मकानों के अंदर रहने वाले सभी लोग सुरक्षित हैं। बताते हैं यहीं के निवासी विनोद कुमार पुत्र बनवारी लाल का कच्चा मकान था। जो अचानक भरभरा कर गिर गया। घरगिरी की घटना के शिकार परिजनों ने बताया कच्चा मकान जिसके पहले ही गिरने की संभावनाये थीं। इसलिए घर गृहस्थी का सामान निकाल लिया गया था। बताते हैं सभी लोग छप्पर में बैठे थे उसी दौरान कच्चा मकान भर-भराकर गिर गया। यही के निवासी अजय कुमार पुत्र रामनिवास का एक कच्चा कमरा भर-भराकर गिर गया। इसी तरह यशवीर सिंह पुत्र हरिश्चंद्र गंगवार का कच्चा मकान भी ढह गया। पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंटू गंगवार ने बताया धूप निकलने के बाद कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। उन्होंने बताया कच्चे मकानों के गिरने में कोई हताहत नहीं हुआ। कुछ घरेलू सामान मलबे में दब गया। उन्होंने बताया घरगिरी की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सूरज डायग्नोस्टिक्स का फीता काटकर किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर वालों का नवीनतम् प्रतिष्ठान सूरज डायग्नोस्टिक्स का उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एक ही स्थान पर सभी जांचे होगीं। अब मरीजों को लखनऊ, दिल्ली, कानपुर, आगरा आदि महानगरों में जांचों व एमआईआर के लिए दौड़ना नहीं पड़ेगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान खुलने से मरीजों को राहत मिलेगी। यह जिले की उपलब्धि है। जो सूरज ग्रुप के चेयरमैन डा0 राजीव पाठक के सफल प्रयासों से अब मरीजों को सौहलियत मिलेगी। आवास विकास स्थित लोहिया तिराहे पर सूरज डायग्नोस्टिक्स खुलने पर जनपद के चिकित्सकों ने डा0 राजीव पाठक व डा0 वैभव पाठक को बधाई दी। जनपद के एक मात्र एमबीबीएस, एमडी रेडियोलॉजिस्ट फीटल मेडिसिन फाउंडेशन यूके गोल्ड मेडलिस्ट डा0 वैभव पाठक मरीजों की सभी जांचें की जायेगीं। सम्पूर्ण जांच केंद्र 1.5 टेस्ला, एमआरआई के साथ सिटी

रजनी तिवारी का स्वागत करती विनीता पाठक व सुब्रा पाठक

रजनी तिवारी के साथ डा0 राजीव पाठक व सूरज डायग्नोस्टिक्स का स्टॉफ

सूरज डायग्नोस्टिक्स का फीता काटकर उद्घाटन करती उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी

स्कैन, एक्स-रे, पैथोलॉजी, 3डी, 4डी, 5डी अल्ट्रासाउंड होगा। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, डा0 उदय राज सिंह, डा0 विवेक चौरसिया, डा0 अविनाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या चिकित्सक मौजूद रहे। विनीता पाठक, सुब्रा पाठक, डा0 आयूष पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया।

रजनी तिवारी के साथ सांसद मुकेश राजपूत, डा0 राजीव पाठक, डा0 वैभव पाठक

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त के साथ डा0 राजीव पाठक व डा0 उदयराज

विधायक को सम्मानित करते डा0 राजीव पाठक मौजूद ईश्वरदास ब्रह्मचारी

पुरुस्कार वितरण के साथ टेबिल टेनिस टूर्नामेंट क्लस्टर-4 का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में चल रहे सी0बी0एस0ई0 द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स क्लस्टर-4 टेबिल टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आई0ए0एस0 अधिकारी महेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा बैच लगाकर सभी अतिथिगणों को सम्मानित किया। पी0सी0एस अधिकारी नितेश राज, चेयरमैन सत्य मोहन पांडे, निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, एसी0बी0एस0ई के पर्यवेक्षक प्रसून त्रिपाठी, टी0टी0 फेडरेशन के संजय टंडन, फर्रुखाबाद खेल संघ के सचिव मोहन लाल अग्रवाल, निदेशक संदीप मोहन पांडे, निदेशक नितिन अग्रवाल, प्रधानाचार्य अक्षय श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। विभिन्न जिलों से आए हुए व्यायाम शिक्षक, रेफरी तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रही।

सम्मानित होती विजेता छात्रायें — समृद्धि न्यूज

टेबिल टेनिस युगल अंडर 19 बालिका वर्ग में पदम पथ सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, अंडर 17 बालिका वर्ग नवयुग लखनऊ, अंडर 14 पदम पथ सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग पदम पथ सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर, अंडर 17 बालिका वर्ग लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ, अंडर 14 बालिका वर्ग दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ, अंडर 17 बालक वर्ग लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ, अंडर 14 बालक वर्ग में दि चिंतेल कानपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में चित्रांश दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर, अंडर 17 बालक वर्ग दक्ष खंडेलवाल पदम पथ सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, अंडर 14 बालक वर्ग आशुतोष गुप्ता , पदम पद सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, अंडर-19 बालिका वर्ग श्रेष्ठता मिश्रा पदम पथ सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, अंडर 17 बालिका वर्ग यशस्वी सिंह नवयुग रेडियंस लखनऊ, अंडर 14 बालिका वर्ग प्रेक्षा तिवारी दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर ने प्रथम स्थान तथा अंडर 19 बालक वर्ग कार्तिकेय अग्निहोत्री दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डेको, अंडर 17 बालक वर्ग आयुष बग्गा दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम लखनऊ, अंडर 14 बालक वर्ग वीर रावत दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर, अंडर 19 बालिका वर्ग अबाना लॉयल दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर कानपुर, अंडर 17 बालिका वर्ग सिद्धि लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ, अंडर 14 बालिका वर्ग वर्तिका सिंह दिल्ली पब्लिक स्कूल शहीद पथ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को ट्राफी व मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया। उपप्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

भगवान गणेश को भक्तों ने लगाया 56 भोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाद्र पक्ष गणेश चतुर्थी एकादशी के दिन कुंचिया मोहल्ला में गणपति बप्पा रिद्धि सिद्धि सहित बिराजमान किये गये। पूजा अर्चना, रामायण व अखंड पाठ, राजगद्दी के अलावा भगवान गणेश को 56 भोग लगाया गया। गणेश भगवान व उनकी माता आदी शक्ति मां पार्वती की भी पूजा अर्चना व महाआरती की गई। पूजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। पाण्डाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य रुप से महंत उमेश चंद्र त्रिपाठी, यजमान कुलदीप त्रिपाठी, आयोजन समिति के सदस्य समीर बाजपेयी, अजय दीक्षित, अनूप दीक्षित, नवनीत मिश्रा, अजीत पाठक, सुबोध मिश्रा, रमेश चंद्र मिश्रा, आनंद अग्रवाल, चंदन शुक्ला, सागर दीक्षित, अंकित बाजपेयी, गुंजन रस्तोगी, श्याम रस्तोगी, शुभम् मिश्रा, अंकित तिवारी, अभय शंकर द्विवेदी आदि भक्त मौजूद रहे।

नवम्बर माह में तीन दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम का होगा आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती साधारण सभा की बैठक में प्रांतीय कला साधक संगम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। रविवार को शहर भारतीय पाठशाला इण्टर कालेज में आयोजित बैठक शुभारंभ भगवान नटराज का पूजन कर संस्था ध्येय गीत से हुआ। बैठक में भारतेंदु नाट्य अकादमी के सदस्य प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि आगामी आठ, नौ और दस नवंबर में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम में आठ विधाओं की चौसठ कलाओं के कलाकर सम्मिलित होंगे। कलाओं का यह संगम अपने आप में अद्वितीय होगा। जिसमें भारतीय संस्कृति के साथ जिले की संस्कृति को भी प्रमुखता से सामने लाया जाएगा। यह कला साधक संगम तीन वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है। कला साहित्य और संगीत के इस अनूठे संगम में कला साधक आठ विधाओं और चौसठ कलाओं का दर्शन देखने को मिलेगा। अलग-अलग सत्रों में गोष्ठियों परिचर्चा का आयोजन होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम से पूर्व चित्र कला, मूर्ति कला की कार्यशाला का आयोजन व कला साधक संगम में शोधार्थी, विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कला साधक संगम में विधा प्रमुख को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई, इसी के साथ अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। अध्यक्षता नवीन मिश्रा नब्बू ने की व संचालन अरविंद दीक्षित ने किया। इस अवसर पर दीपक रंजन सक्सेना, अनिल प्रताप सिंह, कुलभूषण श्रीवास्तव, नरेंद्र नाथ मिश्र, महेश पाल सिंह उपकारी, राम अवतार शर्मा, दिलीप कश्यप, राम मोहन शुक्ल, गौरव मिश्र, साधना श्रीवास्तव, भूपेंद्र प्रताप सिंह, शशिकांत पाण्डेय, अर्पण शाक्य, अभिनव सक्सेना, रविन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, अनुभव सरस्वत, सुनीता सक्सेना, ऋषि दत्त शर्मा, सुबोध शुक्ला, अमन अवस्थी, अर्चना द्विवेदी, रजनी लौंगवानी, पारुल सैनी, हेमलता श्रीवास्तव, नेहा सक्सेना, प्रीति तिवारी, दिनेश अवस्थी, मनोज मिश्रा, विकास दीक्षित, शालू अग्रवाल, कविता शुक्ला, रीतू शुक्ला, चित्रा अग्निहोत्री, प्रीतू वर्मा, विशाल श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद संस्कार भारती के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

जिले के 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला कायाकल्प अवार्ड

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कायाकल्प अवार्ड स्कीम तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के एक्सटर्नल व इंटर्नल असेसमेण्ट में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली स्वास्थ्य इकाइयों के कायाकल्प अवार्ड की घोषणा कर दी गयी है। इसके अन्तर्गत जिले के 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जिसमें एक एक लाख रुपए पुरस्कार के रुपए में मिलेंगे। जानकारी देते हुए एसीएमओ डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि 84.41 बरौन, 80.14 कमालगंजए 74.43 राजेपुर, 72.71 मोहम्दाबाद, 72.14 शमशाबाद को असेसमेंट रिजल्ट में अंक प्राप्त हुए है। उन्होने कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत होने वाली स्वास्थ्य इकाइयों के चिकित्साधिकारियों के साथ ही समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दीं तथा और बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। जिन स्वास्थ्य इकाइयों को पुरस्कार नहीं मिला है उनसे अपनी सुविधाएं बेहतर करके पुरस्कार के लिए प्रेरित किया। जिला क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ0 शेखर यादव ने भी पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई तथा आगे और भी इकाइयों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करके अधिक से अधिक कायाकल्प अवार्ड प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनपद की 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कायाकल्प एक्सटर्नल असेसमेंट किया जा चुका है, जिसका परिणाम राज्य स्तर आने को शेष है।



अवार्ड मिलने से प्रसन्नता जाहिर करते सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी

मनोज राजपूत ने अभियान चलाकर एक सैकड़ा से ज्यादा बनाये भाजपा के सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा फतेहगढ़ मंडल के सेक्टर सातनपुर में मंडल उपाध्यक्ष मनोज राजपूत ने सेक्टर संयोजक और बूथ अध्यक्षों की टीम के साथ कई बूथों पर घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। मनोज राजपूत ने अपनी टीम के साथ लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया और आम जन लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न लाभकारी योजना को गिनाकर आम जन मानस से भाजपा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन सदस्य के रूप एक सैकड़ा सदस्य बनाकर नए लोगों को पार्टी से जोड़ा। इस अवसर सेक्टर संयोजक योगेंद्र राजपूत, बूथ अध्यक्ष पवन राठौर, जितेन्द्र, पवन राठौर, सदानंद राठौर, रामअवतार राठौर, अमित राठौर, दीपक, रवि कुशवाहा, सुनील, तुलाराम कुशवाहा, विवेक, अतर सिंह कुशवाहा, कौशल, राहुल, इंद्रजीत आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा के सदस्य मनाते मण्डल उपाध्यक्ष मनोज राजपूत

सत्ता और संगठन में भाजपा काकुत्स्थ समाज की उपेक्षा कर रही है: राजेश निराला

- नागा सन्यासी को स्थापना दिवस पर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

काकुत्स्थ विकास महासभा के स्थापना एवं विजय दिवस पर जिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संस्थापक राजेश निराला ने कहा कि जातियां तो सभी धर्मो में होती है। हिन्दुओं की जातिगणना समाज को बाटने की साजिश हो, तो जातिगणना यदि आवश्यक है तो सभी धर्मों की करायी जाये। संविधान बदलने, आरक्षण खत्म की ताकत किसी की थी तो राजनैतिक दल में नहीं। गणना के साथ-साथ आर्थिक गणना करायी जाये। पंचमुखी हनुमान मंदिर निसाई में आयोजित सम्मेलन में निराला ने कहा कि काकुत्स्थ समाज 90 प्रतिशत वोट भाजपा को देता है, लेकिन संगठन और सत्ता में समाज की उपेक्षा की जाती है। विशिष्ठ अतिथि महामंत्री संजय काकुत्स्थ ने कहा कि शिक्षा और राजनीति के माध्यम से समाज में अपनी पहचान बनानी होगी। जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद काकुत्स्थ ने कहा कि भारतीय संविधान का दुरुप्रयोग करके नेताओं ने समाज को अगड़े, पिछड़े व दलितों में बांटकर वोट बैंक की राजनीति की है। रामनारायन काकुत्स्थ ने कहा कि समाज को ओबीसी में शामिल किया गया हो परन्तु जिला प्रशासन पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं करता है। संयोजक रामानंद गिरी, नागा सन्यासी ने सामूहिक विवाह एवं गरीबों की शिक्षा में सहयोग करने पर बल दिया। इस मौके पर ब्रह्मानंद, अजब सिंह, विपिन सिंह, अमित कुमार, डा0 लालू, गोकुलेश, मदनलाल, रामसिंह, संतोष कुमार, गौरव कुमार, राजेन्द्र फौजी, अशोक कुमार, राजेश कुमार ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद ने की। संचालन देवेश कुमार काकुत्स्थ ने किया। आये हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया। नागा सन्यासी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

नागा सन्यासी को सम्मानित करते काकुत्स्थ समाज के लोग

ग्रुप एक्टिव के बैनर तले अमन शांति को लेकर बैठक सम्पन्न

बैठक में मौजद कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य

- पैगम्बर हजरत मुहम्मद के संदेश का था विषय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ग्रुप एक्टिव की हाथीखाना स्थित एक विद्यालय में हजरत मुहम्मद का अमन, शांति का संदेश विषय पर प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी सम्पन्न हुई। संगोष्ठी का शुभारम्भ कुरान पाक की तिलावत से मौलाना रुस्तम अली मिस्लाही ने की। साजिद कुरैशी ने हजरत मुहम्मद के अम्न शांति के संदेश का हवाला देते हुए बताया कि हजरत ने फरमाया कि वह व्यक्ति हरगिज मुस्लमान नहीं हो सकता है, जिसका पड़ोसी उसकी शरारतों की वजह से प्रताड़ित हो। जीआईसी के पूर्व प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम सिंह यादव ने कहा कि समाज और देश के हित में अमन व शांति की आवश्यकता है और सबसे मिलजुलकर अमन और शांति बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए। रा0इ0वा0 भटासा के प्रधानाचार्य महेश चन्द्र राजपूत ने संगोष्ठी के आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास और आयोजन कराये जाने की सलाह दी। श्रीकृष्ण गौतम ने संविधान का इमानदारी से पालन करते हुए सबके अधिकारों को सुरक्षा का आवाह्न किया। प्रभुदयाल, सगीर अहमद एडवोकेट, अनीस अहमद खां एडवोकेट, रामगोपाल चतुर्वेदी, प्रो0 गुम्मल हुसैन सिद्दीकी, ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर मौलाना अब्दुल कासमी, जनरल सेकेटरी समीउल्लाह सिद्दीकी, सदस्य वकाहल हसन, इसरार हुसैन, मशहूर हुसैन, मिजाहू उल्लाह, अजरुद्दीन, अली हसन, वेदप्रकाश सागर, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, कृपाशंकर आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से विदा किये गये गजानन, जगह-जगह बटा प्रसाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नगर में रविवार को भगवान गणेश की महाआरती के साथ विदाई यात्रा आरंभ हुई। जिसमें बच्चे, बूढ़े, युवक एवं युवितियों ने जमकर ढोल नगाड़े पर नृत्य किया एवं भगवान गणेश का प्रसाद लोगों में बांटा। भगवान गणेश के छप्पन भोग का प्रसाद बांटा गया। कहीं पर लड्डू तो कही पर मालपुआ का प्रसाद भी वितरण किया गया। गणेश यात्रा में समरसता का भाव देखा गया। हर कोई भक्तभगवान गणेश की भक्ती के रंग में रंगा हुआ था। युवतियां, बच्चे, युवा डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के साथ झूमते हुए चल रहे थे। वहीं पर कुछ भक्तों ने शीतल जल की व्यवस्था भी की थी। समाजसेवी संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के साथ भगवान गणेश को विदाई दी। सुबह से ही बड़ी संख्या में गणपति विसर्जन यात्रायें प्रारंभ हुई। जो पूरे दिन सिलसिला जारी रहा। नगर के मुख्य मार्ग नेहरु रोड, घुमना, लालगेट, कादरीगेट होते हुए पांचाल घाट तक यात्रायें निकालते हुए गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते, गाते हुए भक्तों ने जयकारे लगाये। बड़ी संख्या में महिलायें भी शामिल हुई। रास्ते में जगह-जगह प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का स्वागत हुआ। साथ ही मटकी लटकाकर फोड़ी गयी और कलाकारों को इनाम दिये गये। पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में पांचाल घाट पर पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तगण — समृद्धि न्यूज

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराने का बैठक में लिया गया निर्णय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

रविवार को एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल गंगानगर में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की बैठक महासचिव नवनीत मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से सदस्यता अभियान शुरू करने और गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने पर निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान हेतु 30 सितम्बर अन्तिम तारीख निर्धारित की गई। 30 सितम्बर तक जो भी विद्यालय चाहे, पब्लिक स्कूल एसोसिएशन का सदस्य बन सकता है। उसी क्रम में आगामी जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हेतु 15 अगस्त तक फार्म उपलब्ध रहेंगे। जिन्हे पूर्ण रूप से भरकर 31 अक्टूबर तक जमा करना अनिवार्य होगा। बैठक में नवनीत मिश्रा, मुन्नालाल तिवारी, उमेश मिश्र, पीवी सिंह राठौर, देवेश नारायण अवस्थी, देवकुमार शर्मा, दीपक चतुर्वेदी, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद पब्लिक स्कूल एसो0 के पदाधिकारी

कार्यक्रम — छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

जवाहर नवोदय विद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

मोहम्मदाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को पुरातन छात्र समारोह का आयोजन हुआ। देश, परदेश में जनपद का परचम लहरा रहे पुरातन छात्र -छात्राओं ने अपने साथियों से मुलाकात की। जवाहर नवोदय से पढ़कर निकलने वाले 1994 के प्रथम बैच से लेकर हाल ही में बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले हर एक बैच से विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सालों बाद अपने साथियों से मिले छात्र-छात्राएं ढोल पर थिरक उठे। दीप प्रज्वलन के बाद प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में आईएएस महेंद्र सिंह व एसडीएम नितेश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में दो पूर्व प्राचार्यों के साथ-साथ कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छह छात्रवृत्तियों की घोषणा की गई। बारहवीं के विज्ञान एवं कला वर्ग के टापर तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे के लिए 1998 बैच के अवधेश सिंह ने 21-21 हजार की तीन छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। वहीं कैंब्रिज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष वारीश प्रताप ने 21 हजार रुपये की वजीफा राशि अपने समय के प्राचार्य के नाम पर केएस उपाध्याय स्कालर्शिप फॉर ऑल राउन्ड अचीव्मेंट की घोषणा की। उन्होंने 2010 बैच के अर्चित रस्तोगी के साथ 11 हजार रुपये की एके कश्यप स्कालर्शिप फॉर एक्सलेन्स इन सोशल साइंसेस की घोषणा की। इसके साथ ही 2009 बैच के आशीष सिंह ने अपने हिन्दी शिक्षक रवि भूषण पाण्डेय के नाम पर 11 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। पुरुस्कारों की घोषणा के बाद छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्नाव से आयी मुख्य न्यायाधीश आरती मौर्य ने कहा कि नवोदय का उनके जीवन में एक अतुल्यनीय योगदान है। एसडीएम दिबियापुर अजीत सिंह ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए नौनिहालों को पूरे तन-मन से जुटे रहने को प्रोत्साहित किया। ओएनजीसी मुख्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक सेवारत ऋषि कटियार बच्चों को इंजीनियरिंग में आगे बढ़ने का रास्ता सुझाया। प्राचार्य राकेश बाबू ने कहा कि वारीश के संयोजन में आयोजित यह कार्यक्रम बेहद सफलतम आयोजनों में से एक है। रजत राज, शैलेन्द्र सिंह, रोहित द्विवेदी, बलराम यादव, पवन यादव व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते अतिथिगण — समृद्धि न्यूज

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व अभिभावक

दोषियों को रिहाई में छूट के लिए वकीलों के झूठ बोलने से डगमगा रही आस्था

वकीलों के गलत बयान देने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। 10 सितंबर के अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि दोषियों को रिहाई में छूट दिलाने के लिए वकील झूठ बोलते हैं। इससे हमारी आस्था डगमगा जाती है।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि वकील बार-बार अदालत के सामने और दोषियों की समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं में झूठे बयान पेश करते हैं। पिछले तीन हफ्ते में हमें ऐसे कई मामले देखने को मिले, जहां याचिका में झूठे बयान दिए गए। बेंच ने कहा कि

सुप्रीम कोर्ट में हर रोज हर बेंच के सामने 60 से 80 मामले लिस्ट होते हैं। जज के लिए अदालत में लिस्ट हर एक मामले के हर एक पेज पढ़ना संभव नहीं होता। हालांकि, सभी मामलों को बहुत ही सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा या सातवां मामला है, जिनमें याचिकाओं में साफ तौर पर झूठे बयान दिए गए।

पहला मामला- बेंच ने कहा- रिहाई में छूट की मांग के लिए दायर याचिका में झूठे बयान दिए गए। अदालत के सामने भी झूठा बयान दिया गया। यह 19 जुलाई 2024 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं के तत्कालीन वकील के जेल अधिकारियों को 15 जुलाई 2024 के भेजे ईमेल में झूठे बयान दोहराए थे। बेंच ने कहा कि हमें इसके बारे में जानकारी थी, लेकिन 19 जुलाई 2024 को झूठा बयान दिया गया कि सभी याचिकाकर्ताओं (दोषियों) की फरलो की अवधि खत्म नहीं हुई है।

दूसरा मामला- बेंच ने कहा- एक मामले में रिट याचिका इस आधार पर आगे बढ़ी कि सभी चार याचिकाकर्ताओं ने बिना छूट के 14 साल की वास्तविक कारावास की सजा काटी। दिल्ली सरकार ने अपने हलफनामे में बताया कि चार में से दो कैदियों ने छूट का लाभ उठाने के लिए जरूरी 14 साल की कारावास की सजा पूरी नहीं की। यानी रिट याचिका में झूठा बयान दिया गया कि सभी चार याचिकाकर्ताओं ने वास्तव में 14 साल की सजा काटी। याचिकाकर्ताओं को अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया गया था।

नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं : संजय राउत

मुंबई। लोकसभा चुनाव 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरुआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। संजय राउत ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए भी इस देश के मूल्यों, लोकतंत्र, न्यायपालिका और स्वतंत्रता से नहीं जुड़ता है, तो यह राष्ट्रीय अपराध है।

कोसी, रामगंगा, ढेला, फीका नदियां उफान पर मुरादाबाद में 45 से अधिक गांवों में घुसा पानी

समृद्धि न्यूज

मुरादाबाद। पहाड़ों पर और मंडल में मूसलाधार बारिश के बीच जहां नदियों का जलस्तर बढ़ गया वहीं जिले के ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ गई है।कोसी, रामगंगा, ढेला, फीका आदि नदियां उफान पर होने से शनिवार को रात्रि में जिले के 45 से अधिक गांवों मे ग्रामीणों की हजारों बीघा फसल पानी में डूब गई। वहीं रविवार को ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर पानी आने से आवागमन बाधित हो रहा है।

ग्रामीण इस बात से परेशान है कि यदि थोड़ा पानी और बढ़ा तो गांव के अंदर घुस जाएगा, जिससे मुश्किल और बढ़ जाएगी। जिले में बीते चार दिन मुरादाबाद में हुई मूसलधार बारिश ने आफत बढ़ा दी है। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्र के ताल-तलैया पानी से लबालब भर गए हैं। कोसी, रामगंगा, ढेला, फीका आदि नदियां उफान पर हैं।

रविवार को फिर नदियों का जलस्तर बढ़ने से पानी गांवों तक पहुंच गया है। कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव रनियाठेर, गदईखेड़ा, लालपुर तीतरी, चक कोहनकू, जैतपुर बिसाहठ, बरवारा खास, खबड़िया भूड़, सिहोरा बाजे, हरपालनगर आदि गांवों तक पानी पहुंच गया है। हरपालनगर, रनियाठेर और गदईखेड़ा गांव में कोसी नदी के कारण कटान हुआ है। नदी में पानी अधिक होने के कारण कटान की पूरी स्थिति का पता अभी बाढ़ खंड भी नहीं लगा सका है। पानी उतरने के बाद ही कटान की सही जानकारी सामने आएगी। इसके अलवा मूंढापांडे क्षेत्र में ही रामगंगा नदी से जैपुर और वीरपुर बरियार गांव में कटान हो गया है। जहां बाढ़ खंड की टीम नदी किनारे ब्लॉक लगाकर पानी रोकने का प्रयास कर रही है ताकि गांवों में पानी न घुसे। इसी तरह ढेला और फीका नदी का जलस्तर बढ़ने से ठाकुरद्वारा, डिलारी और भोजपुर थाना क्षेत्र के कई गांवों में फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है। सड़कों पर पानी भरने से ग्रामीणों का गांव से निकलना तक मुश्किल हो रहा है।

ग्राम सुधौली में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक शुरु

यूपी सरकार के साथ समझौते के तहत डिजिटल डॉ. क्लीनिक का रायबरेली में विस्तार

समृद्धि न्यूज

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में योगी सरकार एक बड़ी पहल की है. इस पहल के तहत प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 'डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' खोले जा रहे हैं अन्य 19 जनपदों की तरह रायबरेली के बछरावां विकास खंड ग्राम पंचायत सुंदौली में आज परियोजना के नए केंद्र की शुरुआत कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने की।

डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक' एक तरह से प्राइमरी हेल्थ सेंटर है, जहां न केवल ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शहर के बड़े डॉक्टर से परामर्श मिलेगा, बल्कि हेल्थ केयर असिस्टेंस के साथ ही लैबोरेटरी की भी सुविधा मिलेगी. आपको बता दें

कि निजी निवेश के माध्यम से योगी सरकार यह पहल कर रही है. इसका उद्देश्य गांवों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारना है, ताकि रियायती दरों पर लोगों को गंभीर से गंभीर बीमारियों में चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवाइयां और पैथोलॉजी टेस्ट की सुविधा मिल सके.। बता दें कि ओबदु ग्रुप इस पूरे प्रोजेक्ट को धरातल पर उतार रही है. ग्रुप के फाउंडर और सीईओ संजय कुमार ने बताया, डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा हो रहा है और इस परियोजना को ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की सभी श्रेणी के लोग स्वीकार कर रहे हैं उन्होंने बताया कि मात्र 30 से 40 रूपये में खून की जांच और 5 मिनट में इसका रिजल्ट आना ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए एक बहुत बड़ा बदलाव है। जिसकी वजह से ग्रामीणों का समय बर्बाद होने से तो बचता ही है बल्कि उनको ज्यादा आर्थिक हानि भी नहीं होती है।

सेंटर पर ऐसे मिलेगा डॉक्टर्स का परामर्श

प्रत्येक डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में एक हेल्थ केयर असिस्टेंट होगा, जो सेंटर पर आने वाले मरीज के मोबाइल से डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक पर लॉग-इन करेगा। इसके बाद मरीज की बीमारी के मुताबिक उसे बेस्ट एमबीबीएस डॉक्टर से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस पर जोड़ दिया जाएगा। डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार जरूरी टेस्ट भी 3 से 5 मिनट में करके डॉक्टर्स को एआई की मदद से पहुंचा दिया जाएगा। इससे डॉक्टर मरीज की बीमारी का सही आकलन कर जरूरी दवाइयां सुझा सकेंगे।

सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर या काफी करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 75,040 रुपये से लेकर 74,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 68,800 रुपये से लेकर 68,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। पिछले 7 दिनों में सोने की कीमत में अभी तक करीब 2,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इसी तरह पिछले 1 सप्ताह में चांदी के भाव में भी 7,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक का इजाफा हो चुका है। सिर्फ कल से लेकर आज तक में ही चांदी 2,400 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हुआ है।

अपोलोमेडिक्स ने आयोजित किया कैंसर जागरूकता कार्यक्रम संकल्प

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सितंबर को चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस (बच्चों में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता) माह के रूप में मनाया जा रहा है। बच्चों में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूकता और बचाव को लेकर अपोलो मेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बड़ी पहल की है।

अपोलो हॉस्पिटल ने रविवार को संकल्प का आयोजन किया। इसका थीम रहा संकल्प कैंसर को हराने का। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि 21 वर्षीय कैंसर विजेता युवती रही। उसने बचपन में ही कैंसर से जंग जीत ली। इस आयोजन में अपोलो अस्पताल के साथ डीजीस्वास्थ्य, बच्चों में कैंसर जागरूकता को लेकर काम कर रही एनजीओ कैनकिड्स-किड्सकैन और स्पोर्टस पार्टनर डेकाथलॉन शामिल है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा साइक्लोथान फॉर कॉज। इस साइक्लोथॉन में 250 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह एलडीए कॉलोनी स्थित अपोलो मेडिक्स अस्पताल से सुबह शुरू हुआ। कैंसर जागरूकता साइकिल रैली बंगला पुल चौराहे से जेल रोड, होमगार्ड चौराहा होते हुए कांशीराम स्मारक स्थल से मुड़कर वापस बंगला पुल होते हुए अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल पर आकर पूरी हुई।

खबरें एक नजर में

फेड की बैठक के नतीजे का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत मॉनसून और त्योहारी सीजन में मांग में वृद्धि होने की उम्मीद में हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह दो प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह बहुप्रतीक्षित ब्याज दर में कटौती को लेकर होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1707.01 अंक अर्थात 2.1 प्रतिशत की छलांग लगाकर कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन 82890.94 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 504.35 अंक यानी 2.02 प्रतिशत मजबूत होकर 25356.50 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 737.21 अंक अर्थात 1.52 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 49244.05 अंक और स्मॉलकैप 1150.18 अंक यानी 2.05 प्रतिशत की उड़ान भरकर 57128.04 अंक पर पर पहुंच गया। घरेलू बाजारों ने बीते सप्ताह पूंजी बाजार नियामक सेबी के विदेशी संस्थागत निवेशकों के डिस्क्लोजर नियमों की समय सीमा और अमेरिका में मंदी की आशंकाओं से उत्पन्न नकारात्मक भावनाओं पर काबू पा लिया।

उपराष्ट्रपति कल झुंझुनू में करेंगे स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

झुंझुनू। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 सितंबर को सुबह अपने गृह जिले झुंझुनू पहुंचेंगे। वे स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी साथ रहेंगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने रविवार को हवाई पट्टी और राजकीय परमवीर पीरू सिंह स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने कार्यक्रम के तहत उपराष्ट्रपति धनखड़ 17 सितंबर को झुंझुनू में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार उपराष्ट्रपति सुबह 6 :30 बजे के करीब हेलीकॉप्टर से झुंझुनू हवाई पट्टी पहुंचेंगे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद वे पेट्रोल पंप के पास श्रमदान करेंगे। सुबह 8 बजे के राजकीय परमवीर पीरू सिंह स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान सभी विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

डायमंड लीग फाइनल में 1 सेंमी से चूके नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली। ब्रसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 87.86 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वे इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहे। इस बार वे खिताब हासिल करने में महज एक सेंटीमीटर से चूक गए। प्रतियोगिता के विजेता एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर थ्रो किया। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के पीटर्स ने पहले ही प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। टोकियो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था।

लेबनान से उत्तरी इजरायल पर 40 मिसाइल दागी गयीं

तेल अवीव। लेबनान से उत्तरी इज़रायल की ओर रविवार को लगभग 40 मिसाइलें दागी गयीं, जिनमें से कुछ को रास्ते में ही मार गिराया गया। हमलों में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने आज सुबह यह जानकारी दी। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, ऊपरी गलीली क्षेत्र और उत्तरी गोलान हाइट्स में स्थानीय समयानुसार 8.19 और 8.20 के बीच अलार्म बजने के बाद, लेबनानी पक्ष से लगभग 40 मिसाइलें दागे जाने का पता चला, जिनमें से कुछ को रास्ते में ही मार गिराया गया, बाकी खुले इलाकों में गिरे। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में बड़ी चूक

बेंगलुरु। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सुरक्षा में हुई चूक ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर किया है। जब कोई अनजान व्यक्ति मंच पर चढ़कर सीएम के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा था, तो यह स्थिति खासी चिंताजनक थी। सुरक्षाकर्मियों ने समय पर कार्रवाई की और उस शख्स को पकड़ लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि, इस घटना में सीएम की सुरक्षा की चूक की वजह से एक बार फिर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की आवश्यकता स्पष्ट हो गई है। इससे पहले भी सुरक्षा में चूक की घटनाएं सामने आई थीं, जैसे कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक कार्यकर्ता ने सीएम को माला पहनाते समय पिस्टल के साथ मंच पर प्रवेश किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सख्त और चौकस रहने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की सुरक्षा की चूक से बचा जा सके।

केजरीवाल ने जेल जाने वाले मुख्यमंत्रियों में नया कीर्तिमान स्थापित किया : सुधांशु

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सत्ता का लालची बताते हुए कहा कि उन्होंने जेल जाने वाले मुख्यमंत्रियों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक जितने भी मुख्यमंत्री जेल गए, उन्होंने पहले इस्तीफा दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पद से इस्तीफा देने की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस वार्ता की। इसमें सुधांशु त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री के इस बयान का खंडन किया कि वह पहले विपक्षी नेता मुख्यमंत्री हैं जो जेल में गए हैं।

उन्होंने जेल जाने वाले विपक्षी नेताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बात अलग है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसमें नया कीर्तिमान बनाया है। पहले तो मुख्यमंत्री जेल जाने से पहले इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने सत्ता के लालच में ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आकर अब अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान करना, इस बात की स्वीकार्यता है कि शराब घोटाले में उनका हाथ था। भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर पटाखे फोड़े जाने पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़ सकती, लेकिन मुख्यमंत्री के जेल से निकलने पर पटाखे फोड़े जा रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता अपनी ही सरकार के फैसले को ठेंगा दिखा रहे हैं।

त्रिवेदी ने इस बात पर सवाल उठाए की पद से इस्तीफा देने के लिए उन्हें 48 घंटे क्यों चाहिए। इसमें कोई रहस्य छिपा हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाये की मुख्यमंत्री जल्द चुनाव कराए जाने की मांग कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास राज्य में बड़ा बहुमत है। वे पद से इस्तीफा देकर विधानसभा भंग कर सकते हैं। दूसरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने हाल के लोकसभा चुनाव में अपना मत रख दिया है। जेल के बदले वोट की मांग करने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सातों सीट हार गए हैं।

वंदे भारत ट्रेन में महिला सुरक्षा के लिए खास इंतजाम, यात्री जसविंदर कौर

जमशेदपुर। टाटा नगर से पटना के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन में पहले दिन सफर करने वाली यात्री जसविंदर कौर ने अपने यात्रा के अनुभव के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं और शिक्षकों और बच्चों को यह अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहते हैं। वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कर अब पटना साहिब जाएंगे। अब इस ट्रेन के माध्यम से पटना साहिब गुरुद्वारा जाना बहुत आसान हो जाएगा। पहले, गुरुद्वारा दर्शन के लिए पटना जाने में बहुत समय लगता था। उन्होंने कहा, ओणम के शुभ अवसर पर इसका शुभारंभ हुआ है, हमारे लिए यह दोहरी सौगात जैसी है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहती हूं। ट्रेन के बारे में उन्होंने कहा कि इस ट्रेन की खास बात इसकी डिजाइन और लुक है। विदेश में जब हम बुलेट ट्रेन देखते हैं, तो उसकी डिजाइन व लुक आकर्षक लगते हैं। वंदे भारत को भी उसी तर्ज पर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बहुत विकास हुआ है। प्रधानमंत्री छोटे-छोटे शहरों को विकसित कर रहे हैं।

भारत-बांग्लादेश कानपुर टेस्ट : ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड का नहीं होगा इस्तेमाल

समृद्धि न्यूज

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है। पहला मैच चेन्नई में, जबकि दूसरा मैच यहां कानपुर में खेला जाएगा। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से दूसरा टेस्ट मैच होगा। इसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर है, पर लोगों की निगाहें यहां पर बने ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड पर है। अबकी बार इस स्कोर बोर्ड पर खिलाड़ियों के नाम और रन नहीं दिखाई देंगे।

ग्रीन पार्क में इससे पहले विश्व क्रिकेट की सभी बड़ी टीमों के मैच का गवाह ग्रीनपार्क स्टेडियम में स्थापित स्कोर बोर्ड रहा है जिसकी प्रशंसा यहां पर खेल चुकी सभी देश की टीमों के कप्तान और उनका प्रबंधन कर चुका है। यही नहीं इस स्कोर बोर्ड की प्रशंसा आईसीसी के पूर्व सीईओ व पूर्व क्रिकेटर डेव रिचर्डसन ने भी की थी। साल 2000 में टेस्ट टीम का दर्जा पायी बांग्लादेश की टीम नगर में पहली बार

खेलने आ रही है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आगामी 27 सितम्बर से एक अक्टूबर के बीच भारत और बांग्लादेश की टीम आमने-सामने होंगी। स्टेडियम में खेले जाने वाले 24वें अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गईं हैं। फ्लड लाइट से लेकर ब्रॉडकास्टर के कैमरों के सेटअप की भी रिहर्सल हो चुकी है। इस मैच में ग्रीन पार्क में जो अधूरा-अधूरा नजर आएगा, वह होगा ऐतिहासिक मैनुअल स्कोर बोर्ड का ना होना। ग्रीनपार्क में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में सिर्फ डिजिटल स्कोर बोर्ड का प्रयोग किया जाएगा, जबकि अभी तक के अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों में डिजिटल के साथ-साथ मैनुअल स्कोर बोर्ड का भी इस्तेमाल होता रहा है।

80 लोग करते थे संचालित

ग्रीन पार्क के स्कोर बोर्ड को ऐसे ही ऐतिहासिक स्कोर बोर्ड नहीं कहा जाता है। इस स्कोर बोर्ड में दोनों टीम के खिलाड़ियों के नाम के साथ-साथ अंपायर के नाम भी लिखे जाते थे। इसके अलावा रन रेट और लाइव स्कोरिंग की सुविधा भी मौजूद थी। इसे संचालित करने के लिए करीब 80 लोगों की आवश्यकता पड़ती थी। ग्रीन पार्क में क्रिकेट प्रेमियों को यह आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड के बीच हुए टी-20 मैच में देखने को मिला था। यह दुनिया का इकलौता व अनूठा मैनुअल स्कोर बोर्ड भी रहा। इसकी स्थापना वर्ष 1952 में हुई और पहली बार 12 से 17 दिसंबर 1957 को भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच में इसका इस्तेमाल किया गया था। पूर्व स्कोरर सौरभ चतुर्वेदी के मुताबिक कम्प्यूटर की तरह काम करने वाले एकमात्र बचे इस बोर्ड में मैच के दौरान जिस खिलाड़ी के पास बॉल जाती थी, उस खिलाड़ी के नाम के आगे वाली लाइट जल जाती थी। आज स्कोर बोर्ड मैदान के एक कोने में कबाड़ की तरह छोड़ दिया गया।

आईएनएसवी तारिणी से विश्व परिक्रमा करेंगीं भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी

नौकायन अभियान के लिए तीन वर्षों से खुद को तैयार कर रही हैं दोनों महिलाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी जल्द ही आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर असाधारण नौकायन अभियान पर विश्व परिक्रमा के लिए निकलेंगी। दोनों महिलाएं पिछले तीन वर्षों से इस अभियान के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। इसके लिए नौसेना ने एक लोगो का अनावरण किया है, जिसके बीच में अष्टकोणीय आकार भारतीय नौसेना को दर्शाता है, जबकि सूर्य एक खगोलीय पिंड का प्रतीक है और कम्पास नाविकों को चुनौतीपूर्ण समुद्रों के माध्यम से मार्गदर्शन करता है।

भारतीय नौसेना ने नौकायन परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, जिसमें समुद्री विरासत

को संरक्षित करने और नाविक कौशल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। नौकायन प्रशिक्षण जहाजों आईएनएस तरंगिनी और आईएनएस सुदर्शनी के अग्रणी प्रयासों और आईएनएसवी महादेई और तारिणी पर परिक्रमा के माध्यम से भारतीय नौसेना ने महासागर नौकायन अभियानों में एक केंद्रीय स्थान प्राप्त किया है।

समुद्री कौशल और साहस के उत्सव को जारी रखते हुए भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना नाविका जल्द ही आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर दुनिया की परिक्रमा करने के लिए रवाना होने वाली हैं। इन दोनों महिला अधिकारियों ने छह सदस्यीय चालक दल के साथ पिछले साल गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डी जेनेरो और वापस ट्रांस-ओशनिक अभियान में भाग लिया था।

इसके बाद इन अधिकारियों ने गोवा से श्री विजया पुरम (पहले पोर्ट ब्लेयर) और वापस डबल हैंडेड मोड में नौकायन अभियान चलाया। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में दोनों ने गोवा से पोर्ट लुइस, मॉरीशस तक फिर से डबल हैंडेड मोड में सफलतापूर्वक उड़ान भरी है। भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना नाविका सागर परिक्रमा ढ्ढ्ढ के लिए पिछले तीन वर्षों से खुद को तैयार कर रही हैं। सागर परिक्रमा एक कठिन यात्रा होगी, जिसके लिए अत्यधिक कौशल, शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता की आवश्यकता होगी।

अगले माह मिलेगा पहला एलसीए तेजस एमके-1ए

भारत को नवंबर से अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक शुरू करेगी इंजन की आपूर्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर इजरायली सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निर्माता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे।

भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की

रक्षा मंत्री राजनाथ ने अमेरिकी यात्रा में उठाया था एफ-404 इंजन में देरी का मुद्दा

आपूर्ति होनी थी। हालांकि, विमान ने पहली उड़ान मार्च में भरी थी, जिसके बाद वायु सेना को सौंपे जाने से पहले कई परीक्षण किये गए हैं और कई अभी बाकी हैं। सॉफ्टवेयर में बदलाव की मांग वायु सेना ने ही की थी, जिसके चलते विमान की डिलीवरी में कम से कम चार महीने की देरी हुई है। पहला तेजस विमान बी श्रेणी के इंजन के साथ दिया जाएगा। यह इंजन तेजस विमानों के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ सौदे के पहले हिस्से के रूप में भारत को मिला था। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सॉफ्टवेयर में बदलाव का काम पूरा हो चुका है और पहला विमान अक्टूबर के अंत तक डिलीवर हो जाएगा। सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के चलते वायु सेना को समय पर विमान की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं थीं। जब 1983 में एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी। दिसंबर 2013 में तेजस को शुरुआती परिचालन मंजूरी मिली और 2019 में वायु सेना को अंतिम मंजूरी के साथ पहला विमान दिया गया। यानी परियोजना शुरू होने के 18 साल बाद 2001 में प्रोटोटाइप विमान उड़ान भर पाया। यह वायु सेना के ऑर्डर किए गए 40 विमानों में से एक था, जिनमें से चार की डिलीवरी अभी बाकी है।

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए के इस समय हथियारों के परीक्षण चल रहे हैं। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को इन विमानों का ठिकाना बनाया गया है। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान ल?ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्म-सुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाई जाएंगी। तेजस एमके-1 ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायुसेना को मिलेंगे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति 2024 से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायुसेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। एलसीए तेजस एमके-1ए संस्करण में फिलहाल स्वदेशी सामग्री 50त्न है जिसे 60त्न तक बढ़ाया जाएगा।